सूर्योदय : 5:51
सूर्यास्त : 6:10
अधिकतम तापमान : 31.2
न्यूनतम : 26.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-20 अंक-89 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 20 सितम्बर 2026
07 रबीउलआखिर 1448 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# भारत की सौर शक्ति का दुनिया में डंका

### ■ जलवायु चुनौतियों का समाधान दे रहा भारत : पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली में 'पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा और कार्बन उत्सर्जन को लेकर भारत की उपलब्धियों और पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सदियों से भारत ने प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े मामलों में दुनिया का मार्गदर्शन किया है और अब आधुनिक जलवायु चुनौतियों के समाधान के साथ सामूहिक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सदियों से भारत ने प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े मामलों में दुनिया का मार्गदर्शन किया है। इसी वैचारिक प्रतिबद्धता और अपने सांस्कृतिक अनुभवों के आधार पर भारत अब जलवायु से जुड़ी आधुनिक चुनौतियों का समाधान पेश कर रहा है।उन्होंने कहा कि भारत इसके साथ ही पूरी दुनिया से सामूहिक प्रयास करने का आह्वान भी कर रहा है।

**नवीकरणीय ऊर्जा पर भारत का जोर**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जी-20 में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने पेरिस समझौते के तहत तय प्रतिबद्धताओं को निर्धारित समय से काफी पहले पूरा कर लिया है। गैर-जीवाश्म ईंधन, सौर ऊर्जा क्षमता और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे क्षेत्रों में भारत के प्रदर्शन की चर्चा दुनियाभर में हो रही है।

## प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देशभर में आयोजित इस रोजगार मेले का आयोजन 45 स्थानों पर किया गया। इसके साथ ही रोजगार मेलों के जरिए नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं की कुल संख्या करीब 12.75 लाख हो गई है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर नवनियुक्त युवाओं और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशी लेकर आया है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सफलता के पीछे उनकी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता और परिवार के सदस्यों का योगदान भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए नए अवसर तभी बनते हैं, जब देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है, निवेश बढ़ता है, नए उद्योग स्थापित होते हैं और नए सेक्टर विकसित होते हैं।

### ■ विकास के साथ बनते हैं रोजगार के नए अवसर

# यूपी में 1 लाख सरकारी नौकरियों का अभियान शुरू

**युवाओं के लिए खुशखबरी**

### ■ पुलिस-होमगार्ड समेत हजारों पदों पर भर्ती की तैयारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक लाख नई सरकारी नौकरियों के अभियान 'मिशन रोजगार' की शनिवार को शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विभागों में चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुष, व्यावसायिक शिक्षा-कौशल विकास और उद्योग विभाग के अभ्यर्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नियुक्ति देने की प्रक्रिया चलेगी।

लोक भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में विज्ञापन जारी होने से नियुक्ति पत्र वितरण तक समयबद्धता और मेरिट का ध्यान रखा जा रहा है। उनके मुताबिक सरकार ने ग्रुप-3 और ग्रुप-4 की भर्ती में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त की है। उन्होंने कहा कि आयोग और बोर्ड राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर शुचितापूर्ण ढंग से परीक्षाएं कराते हैं तो परिणाम भी बेहतर आते हैं।

**पिछली सरकार पर लगाए भर्ती में अनियमितता के आरोप :** सीएम योगी ने वर्ष 2017 से पहले की सरकारों पर भर्ती प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उस समय आयोगों और बोर्डों में नियुक्तियों की प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि सपा शासनकाल में ऐसी भर्तियां हुईं, जिनमें आवेदन नहीं करने वालों को भी नियुक्ति पत्र मिल गए। इनके समर्थन में उन्होंने कार्यक्रम में अपने दावे रखे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने प्रदेश की युवा आबादी को आर्थिक अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया है। उनके अनुसार वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में करीब 120 स्टार्टअप थे, जबकि अब इनकी संख्या 24 हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री के मुताबिक रविवार को भी करीब एक हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। पुलिस में करीब 36 हजार और होमगार्ड में 41-42 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। यूपीएसएसएससी के आगामी परिणामों से अगले छह महीने में 25-30 हजार और उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग से 20-25 हजार युवाओं को नियुक्ति का अवसर मिलने की बात उन्होंने कही।

**वे गिनते जाएं, हम नौकरियां देते जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग रोजगार नहीं दे पाए वे आज सवाल खड़े कर रहे हैं। वे गिनते जाएं, हम नौकरियां देते जाएंगे। छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को नौकरी देंगे। पूर्व सरकारों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2017 से पहले आयोगों में भाई-भतीजों को बैठाकर भर्ती प्रक्रिया को बदनाम किया गया। एक भी भर्ती ईमानदारी से नहीं होती थी। ऐसी भर्तियां भी हुईं जहां आवेदन न करने वालों को नियुक्ति पत्र मिल गया।

# प्रदेश में 35 आईपीएस अफसरों का तबादला

### ■ लखनऊ-वाराणसी को मिले नए पुलिस अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने शनिवार को राज्य की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़ा फेरबदल किया है। शासन द्वारा जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, सूबे में 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस बड़े फेरबदल में विभिन्न पुलिस कमिश्नरेटों, जिलों और पुलिस मुख्यालयों में तैनात वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

एसपी यूपी-112 के पद पर तैनात चारू निगम को सेनानायक, पीएसी गाजियाबाद के पद पर भेजा गया है। वहीं, श्रवण कुमार सिंह को कानपुर नगर से गौतमबुद्धनगर और वाराणसी के पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार को पुलिस अधीक्षक, साइबर मुख्यालय, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त रवि शंकर निम को गौतमबुद्धनगर से हटाकर सेनानायक, 02वीं वाहिनी एसएसएफ, गोरखपुर के पद पर तैनात किया गया है।

अतुल शर्मा को पुलिस उपायुक्त आगरा से पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ बनाया गया है। सोनम कुमार को आगरा से पुलिस उपायुक्त प्रयागराज और रविंद्र कुमार को कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त आगरा भेजा गया है। नीरज कुमार पांडेय को प्रयागराज से पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है। ममता रानी चौधरी को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस अधीक्षक, सीआईडी लखनऊ और मो. इरफान अंसारी को पुलिस मुख्यालय प्रयागराज से पुलिस अधीक्षक, सीआईडी, लखनऊ भेजा गया है। जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सीआईडी/यूपी एसआईएफएस लखनऊ से पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है। ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद को गोरखपुर से पुलिस उपायुक्त आगरा और बलवंत कुमार चौधरी को अयोध्या से पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही, हरेंद्र प्रताप यादव को एसडीआरएफ लखनऊ से हटाकर पुलिस अधीक्षक यूपी-112 लखनऊ की कुर्सी सौंपी गई है।

**कई जिलों में बदले एडीएम और सीआरओ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने शनिवार को प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारियों के बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। नई तैनाती सूची में कई जिलों के अपर जिलाधिकारी (एडीएम), मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) और नगर निगमों के अपर नगर आयुक्त स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। तबादला सूची के मुताबिक पीसीएस सौरभ सिंह को एडीएम (सिटी) कानपुर नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं पीसीएस दिनेश को एडीएम (सिटी) अयोध्या बनाया गया है। प्रशासनिक फेरबदल में कई अन्य अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। नई सूची में सौरभ सिंह को कानपुर नगर का एडीएम (सिटी) नियुक्त किया गया है। कई और जिलों में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है।

**31 एएसपी को भी बदला गया**

**लखनऊ।** कानून-व्यवस्था को लेकर तबादलों का सिलसिला जारी है। अब प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। शासन ने 31 अपर पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण किया है। सूची के अनुसार अखिलेश सिंह को उन्नाव से हरदोई, मुकेश चन्द्र मिश्रा को बरेली से गोरखपुर और नितेश सिंह को मिर्जापुर से गोंडा भेजा गया है।

## गोवा विधानसभा चुनाव में एक साथ आएंगे कांग्रेस और आप

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल गोवा में बीजेपी और कांग्रेस से अलग गठबंधन बनाने के अपने वादे से पीछे हटेंगे और एक बार फिर कांग्रेस के साथ राजनीतिक मंच साझा करेंगे? यह सवाल तब उठा जब गोवा में आप के नए सहयोगी, गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के प्रमुख विजय सरदेसाई ने संकेत दिया कि वे गठबंधन में बदलाव के लिए तैयार हैं।

कांग्रेस के गोवा प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने भी गोवा फॉरवर्ड पार्टी के लिए दरवाजे खुले रखे। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने जीएफपी के साथ गठबंधन के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं किए हैं। जो कोई भी बीजेपी को हराना चाहता है, उसका पार्टी के साथ हाथ मिलाने के लिए स्वागत है।' ठाकरे का यह बयान आप और जीएफपी द्वारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव-पूर्व गठबंधन की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है।

# कई जिलों में भाजपा के नए प्रभारी घोषित

### ■ लखनऊ में त्रयम्बक त्रिपाठी और नोएडा में डीके शर्मा को मिली कमान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को एक अहम कदम उठाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेश के जिलों और महानगरों के लिए नए जिला प्रभारियों की घोषणा कर दी है। अवध क्षेत्र के लिए जारी की गई नई सूची के मुताबिक राजधानी लखनऊ महानगर की कमान त्रयम्बक त्रिपाठी को सौंपी गई है, जबकि लखनऊ जिला का प्रभारी सौरभ मिश्रा को बनाया गया है।

हाईप्रोफाइल सीट रायबरेली की कमान डॉ. नीरज सिंह को सौंपी गई है। इसके अलावा सीतापुर की कमान नीरज सिंह संभालेंगे, लखीमपुर में विजय बहादुर पाठक को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। हरदोई में कमलेश मिश्रा को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है,अंबेडकरनगर की कमान अवधेश श्रीवास्तव को मिली है, जबकि बाराबंकी के जिला प्रभारी नीरज वर्मा को बनाया गया है। बलरामपुर की कमान रामकिशोर मौर्य संभालेंगे, बहराइच में अर्चना मिश्रा को नियुक्त किया गया है। गोंडा में राहुल राज रस्तोगी को कमान सौंपी गई है, जबकि श्रावस्ती में त्रयम्बक तिवारी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। अयोध्या जिले की जिम्मेदारी अनूप गुप्ता संभालेंगे, वहीं अयोध्या महानगर से शिवभूषण सिंह को नियुक्त किया गया है।

नोएडा महानगर की जिम्मेदारी डीके शर्मा को मिली है, जबकि गौतमबुद्धनगर का जिला प्रभारी कांता कर्दम को बनाया गया है। वहीं बुलंदशहर में पूर्व मंत्री सुरेश राणा को कमान मिली है, मुजफ्फरनगर में हरिओम शर्मा को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेरठ महानगर में अशोक मोंगा और मेरठ जिले में भरत भूषण गुप्ता को प्रभारी नियुक्त किया गया है। गाजियाबाद महानगर की कमान अशोक कटारिया, गाजियाबाद जिले की जिम्मेदारी संजीव गोयल सिक्का को मिली है।

# 'भारत को असली खतरा कम्युनिज्म से नहीं'

### ■ पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने भाजपा पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उस चेतावनी को दोहराया जिसमें उन्होंने हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता को भारत के लिए असली खतरा बताया था।

इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में दिवंगत संविधान विशेषज्ञ, कानूनविद और लेखक ए.जी. नूरानी की याद में आयोजित कार्यक्रम रिमेंबरिंग ए पॉलीमैथ- द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ अब्दुल गफूर नूरानी को संबोधित करते हुए अंसारी ने यह बात कही। अंसारी ने ए.जी. नूरानी की 2019 में प्रकाशित चर्चित पुस्तक द आरएसएस- ए मेनेस टू इंडिया की प्रस्तावना का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में पूर्व विदेश सचिव जगत सिंह गुंडेविया द्वारा दर्ज जवाहरलाल नेहरू की उस टिप्पणी का उल्लेख है, जिसमें नेहरू ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की बैठक में कहा था कि भारत के लिए असली खतरा कम्युनिज्म नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता है। अपने भाषण के दौरान अंसारी ने देश में नागरिक राष्ट्रवाद से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहे रुझानों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

**बीजेपी ने किया पलटवार**

पूर्व उपराष्ट्रपति के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अंसारी द्वारा उजागर की गई नेहरू की बात ने एक बार फिर कांग्रेस की हिंदू-विरोधी राजनीति को बेनकाब कर दिया है।

# वीडियो देखने वालों पर भी होगा मुकदमा : अखिलेश यादव

### ■ कानून-व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा



**लखनऊ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला अपराध और शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार पर कई सवाल उठाए। अजय सेठ से जुड़े एक वीडियो को साझा करने पर मुकदमा दर्ज होने का हवाला देते हुए अखिलेश यादव ने तंज कसा कि आने वाले समय में 'जो इस वीडियो को देखेगा, उस पर भी मुकदमा होगा।'

सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी पीडीए को एकजुट कर उत्तर प्रदेश से भाजपा को हटाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है और नफरत की राजनीति के जरिए समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने अजय सेठ से जुड़े वीडियो का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वीडियो साझा करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसी संदर्भ में उन्होंने तंज करते हुए कहा कि अगर वीडियो शेयर करने पर एफआईआर हो सकती है तो आने वाले समय में वीडियो देखने वाले लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज होने की स्थिति बन सकती है।

अखिलेश ने कहा, 'ये भाजपा वाले कुछ भी कर सकते हैं।' उन्होंने श्रावस्ती में पूर्व विधायक द्वारा वीडियो साझा किए जाने पर एफआईआर का भी उल्लेख किया और बलरामपुर में जगराम पासवान से जुड़े मामले को लेकर कार्रवाई पर सवाल उठाए।

अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की पूरी प्रशासनिक व्यवस्था चौपट है और भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की हद हो गई है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार अपने कार्यकाल में कोई नई योजना लागू करने में सफल नहीं हो सकी। उनके मुताबिक, जनता को दिखाने के लिए भी भाजपा के पास समाजवादी सरकार के समय किए गए काम ही हैं।

**रायबरेली के कार्यक्रम को लेकर भी सरकार पर लगाया आरोप**

सपा अध्यक्ष ने रायबरेली में बच्चों के एक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कार्यक्रम में रुकावट पैदा की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों का कार्यक्रम था, लेकिन भाजपा के लोगों ने उसे नहीं होने दिया। भाजपा स्वजातीय लोगों को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार में पीडीए समाज के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी का दबदबा, तीन सीटों पर जीत

# राष्ट्रविरोधी ताकतों पर देशभक्ति की विजय : भाजपा

### ■ अध्यक्ष समेत तीन प्रमुख पदों पर जीत



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2026 के नतीजों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने तीन प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम के अनुसार एबीवीपी ने अध्यक्ष, सचिव और सह-सचिव पद अपने नाम किए हैं। संगठन ने इस प्रदर्शन को 3-0 की जीत बताते हुए कहा कि यह परिणाम युवाओं के बीच विकास और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों के समर्थन को दर्शाता है।

डूसू चुनाव में एबीवीपी की इस जीत के बाद छात्र राजनीति के साथ-साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस में युवाओं के राजनीतिक रुझान को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। वहीं, एनएसयूआई के उम्मीदवारों ने चुनाव में पूरी ताकत झोंकी, लेकिन उसे प्रमुख पदों पर जीत नहीं मिल सकी।

चुनाव परिणाम के मुताबिक एबीवीपी ने डूसू में अध्यक्ष, सचिव और सह-सचिव पद पर जीत हासिल की। संगठन ने इसे 3-0 की जीत बताते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे विविधताओं से भरे 'मिनी-इंडिया' में युवाओं ने विकास और राष्ट्रवाद से जुड़े विचारों को समर्थन दिया है। एबीवीपी की ओर से चुनाव परिणाम को युवाओं की सोच से जोड़ते हुए कहा गया कि युवा 'विकसित भारत' की सोच के साथ आगे बढ़ना चाहता है।

एबीवीपी ने चुनाव परिणाम के बाद एनएसयूआई और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। संगठन की ओर से कहा गया कि एनएसयूआई ने युवाओं के बीच अपने मुद्दे रखने की पूरी कोशिश की, लेकिन चुनाव परिणाम ने अलग तस्वीर पेश की।

भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने एबीवीपी की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संगठन ने तीन सीटों पर स्पष्ट जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम यह दिखाता है कि आज का युवा क्या सोचता है। सचदेवा ने कहा कि युवा भ्रमित नहीं है और वह जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित है। उन्होंने दावा किया कि युवा एबीवीपी के साथ है। भाजपा नेता ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनकी 'झूठ की गूंज' ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी। उ

**डूसू चुनाव क्यों है अहम :** दिल्ली विश्वविद्यालय को देश के अलग-अलग हिस्सों और विविध सामाजिक पृष्ठभूमियों से आने वाले विद्यार्थियों के कारण अक्सर 'मिनी-इंडिया' के रूप में भी देखा जाता है। ऐसे में डूसू चुनाव के नतीजे छात्र राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

**अमित शाह बोले- युवा राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के साथ, इस जनादेश का यही संदेश**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव 2026 में चार में से तीन पदों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की जीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह जीत इस छात्र संगठन की राष्ट्र प्रथम विचारधारा में युवाओं के अटूट विश्वास को दर्शाती है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2026 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने तीन प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर यश डबास, सचिव पद पर रिया छावड़ी और संयुक्त सचिव पद पर लक्ष्यराज सिंह विजयी रहे।

# अमरीकी प्रस्ताव पर रूस-चीन का वीटो

### ■ यूएन में ट्रंप को बड़ा झटका, ईरान पर प्रतिबंधों की निगरानी का मसौदा खारिज



**न्यूयॉर्क।** रूस-चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस अमरीकी समर्थन वाले प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया, जिसका मकसद ईरान पर प्रतिबंधों की निगरानी करने वाले विशेषज्ञों के स्वतंत्र पैनल के कार्यकाल को बढ़ाना था। प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट पड़े, जबकि पाकिस्तान और सोमालिया ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। दो स्थायी सदस्यों के वीटो लगाने से यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। यह मतदान ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की कानूनी स्थिति पर जारी मतभेद के बीच हुआ। 2015 के परमाणु समझौते यानी 'संयुक्त व्यापक कार्य योजना' के तहत ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के 'स्नैपबैक' तंत्र को लागू करने के बाद सितंबर, 2025 में ये प्रतिबंध दोबारा लगाए गए थे।

ये प्रतिबंध ईरान के परमाणु और सैन्य कार्यक्रमों पर लागू होते हैं। रूस-चीन का मानना है कि परमाणु समझौते का समर्थन करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 'प्रस्ताव संख्या 2231' की अवधि समाप्त होने के साथ ही अक्तूबर 2025 में ये प्रतिबंध खत्म हो चुके हैं, जबकि अमरीका और यूरोपीय सरकारें इस व्याख्या का विरोध करती हैं। विशेषज्ञों का यह पैनल प्रतिबंधों के अमल की निगरानी करने और संदिग्ध उल्लंघनों की रिपोर्ट सुरक्षा परिषद को सौंपने के लिए अधिकृत था। सदस्य देशों के बीच पैनल के गठन पर सहमति न बन पाने के कारण इन विशेषज्ञों की नियुक्ति हालांकि कभी नहीं हो सकी। इस मतदान से यह बड़ा विवाद सुलझ नहीं पाया है कि संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध कानूनी रूप से लागू रहेंगे या नहीं। यह टकराव ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़े तनाव और राष्ट्रीपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के साथ आर्थिक संबंधों को लेकर चीन पर दबाव बनाने के बीच हुआ है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

## डीएम एवं एसपी ने सुनीं जनशिकायतें, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

### सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम ने किया तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण, राजस्व वादों एवं जनसेवाओं की समीक्षा



**बलरामपुर।** आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पूर्ति, पंचायती राज, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद एवं राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्रकरण का निष्पक्ष एवं नियमानुसार निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करते हुए दोनों पक्षों को सुनें तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे एक ही प्रकरण को लेकर फरियादी को बार-बार तहसील अथवा जिला मुख्यालय न आना पड़े।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न की जाए। निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जाए। उन्होंने पुराने एवं लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को प्रकरणों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस से जुड़े संयुक्त मामलों में बेहतर समन्वय के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया।

डीएम ने किया तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण, राजस्व वादों एवं जनसेवाओं की समीक्षा

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों, न्यायालयों एवं अभिलेखों की गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों की जानकारी लेते हुए पुराने एवं लंबित प्रकरणों का नियमानुसार प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा नियमित सुनवाई के माध्यम से लंबित मामलों की संख्या में कमी लाई जाए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र आये, 7 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में तहसील मोहम्मदी में 'संपूर्ण समाधान दिवस' में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 33, पुलिस 05, विकास 10, विद्युत 06, आपूर्ति 02, नगर निकाय, पंचायती राज, डूडा और वन के 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, पीडी सतीश कुमार पाण्डेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वांछित चल रहे 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थानाध्यक्ष फूलबेहड़ के पर्यवेक्षण में दिनांक 19.09.2026 को चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं तलाश वांछित/वारण्टी अपराधी अभियान के दौरान गोकशी के अभियोग में वांछित चल रहे 01 अभियुक्त सफीकुद्दीन उर्फ बब्बुल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

# बिना पूर्व सूचना के हुआ मेंटेनेंस कार्य,नहीं मिल सकी विद्युत सप्लाई

**बदायूं।** ।शहर के एक बहुत बड़े भाग को शनिवार को विद्युत सप्लाई नहीं मिल सकी,जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत वितरण खंड प्रथम द्वारा संचालित किए जाने वाले मीरा जी बिजली घर से शनिवार को टिकटगंज फीडर पर विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से नहीं की जा सकी। जिससे इस भाग के विद्युत उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभागीय सूत्रों के अनुसार मीरा जी पुलिस चौकी के निकट स्थापित विभाग के ट्रांसफार्मर पर, मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था। जिस कारण शनिवार को दिन में क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।क्षेत्रीय लोगों को कहना है कि विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के मेंटेनेंस का कार्य नहीं करना चाहिए था।लोगों का दावा है कि विभाग द्वारा मेंटेनेंस का कार्य करने से पूर्व किसी भी माध्यम से शनिवार को विद्युत कटौती किए जाने हेतु कोई नोटिस नहीं दिया गया। लोगों में कटौती को लेकर विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

# बलरामपुर में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण, 42,988 बालिकाओं को लगा वैक्सीन

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** बालिकाओं को एचपीवी संक्रमण से बचाव तथा भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया गया। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य 27,830 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 27,830 बालिकाओं का टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार इस आयु वर्ग में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। इसी प्रकार 9 से 13 वर्ष आयु वर्ग की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण के लिए 15,158 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 15,158 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। इस वर्ग में भी लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है। इस प्रकार दोनों श्रेणियों को मिलाकर जनपद में कुल 42,988 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा संबंधित स्तरों पर समन्वय स्थापित कर टीकाकरण अभियान को गति दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनपद में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत टीकाकरण पूरा होना स्वास्थ्य विभाग की टीमों, विद्यालयों, अभिभावकों और जनसमुदाय के सहयोग का परिणाम है।

## सीमावर्ती पुलिस चौकी बांक भवानी का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने शनिवार को थाना गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्र की सीमावर्ती पुलिस चौकी बांक भवानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकी परिसर, कार्यालय और महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद की सीमा पर बैरियर लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

एसपी ने चौकी क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

# भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस-एसएसबी का संयुक्त गश्त अभियान, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत सीमा क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त और सघन चेकिंग की गई। संयुक्त टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच करते हुए सीमा क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों पर नजर रखी। गश्त के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी, मानव एवं गौ तस्करी, अवैध कटान, अवैध खनन, अवैध घुसपैठ समेत अन्य असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। टीम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।




संयुक्त टीम ने सीमावर्ती गांवों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और संभ्रांत नागरिकों से संवाद कर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस ने आमजन से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा सीमा क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की।

बलरामपुर पुलिस और एसएसबी द्वारा इंडो-नेपाल सीमा पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त गश्त और चेकिंग अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

# समाधान दिवस में आई 65 शिकायतें, 4 का किया गया निस्तारण



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील दातागंज में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला अधिकारी, सीडीओ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया। समाधानदवस में जिलाधिकारी अवनीश राय, सीडीओ गामिनी सिंगला एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जन समस्याओं को सुनते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाधान दिवस में राजस्व की 50,पूर्ति की 03,विद्युत की 07, पुलिस की 02 एवं विकास विभाग की 3 सहित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रो से पुलिस ने छह को किया गिरफ़्तार



**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस को इसके कब्जे से चोरी का माल बरामद हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा शनिवार को चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त तौसीफ उर्फ आरिफ पुत्र जमील निवासी कस्बा अलापुर थाना अलापुर को थाना क्षेत्र के मोहल्ला चित्रांशनगर से चोरी किये गये टिल्लू पम्प व स्टार्टर और केबल व फर्राटा पंखा टूटा हुआ व सरिया के टुकडे सहित गिरफ्तार किया गया । पुलिस का कहना है कि घटना के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर अभियुक्त विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए इसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।इधर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध चाकू सहित एक युवक आदिल को गिरफ्तार किया गया है जबकि थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त संतोष सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना बिल्सी पुलिस द्वारा 2 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके नाम श्रीराम पुत्र रानू सिंह बताए हैं।उधर थाना अलापुर पुलिस द्वारा 1 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम पुलिस द्वारा विनोद बताया गया है।

# कम्यूनिटी पुलिसिंग से मजबूत हुआ पुलिस-जन संवाद, स्कूली बच्चों को आत्मरक्षा और यातायात नियमों की दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट के माध्यम से जनजागरूकता और संवाद अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

CPU टीमों ने स्कूली बच्चों, विद्यालय प्रबंधन और आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास और बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

**बच्चों को आत्मरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी**

CPU टीम ने विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा यानी सेल्फ डिफेंस तथा यातायात नियमों के संबंध में जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया।



स्कूली वाहनों की भी सघन चेकिंग की गई और शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बच्चों को सुरक्षित तरीके से सड़क पार कराया गया तथा उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन और CPU प्रभारी के संपर्क नंबर की जानकारी दी गई।

सार्वजनिक स्थानों पर साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने लोगों से OTP, बैंक खाते और ATM से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की अपील की।

कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा बच्चों की सहायता, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण, स्वच्छता अभियान और मिशन शक्ति कार्यक्रमों में सहभागिता के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

बलरामपुर पुलिस ने आमजन से कम्यूनिटी पुलिसिंग कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने और अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं सुझावों से पुलिस को अवगत कराने की अपील की है, ताकि सुरक्षित, जागरूक और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# सहसवान तहसील पर एसपी आरए तथा एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील सहसवान में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व एसडीएम सहसवान द्वारा संयुक्त रुप से जन समस्याओं को सुना गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 हृदेश कठेरिया तथा एसडीएम सहसवान शौर्य अरोड़ा द्वारा संयुक्त रुप से सहसवान तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकांशत् शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा अन्य शिकायतों पर संबंधित को निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी सहसवान अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मुजरिया क्षेत्र में कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक व्यक्ति की जान चली गई जबकि बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा थाना मुजरिया क्षेत्र के फकीराबाद चौराहे पर उस वक्त हुआ जब थाना सहसवान क्षेत्र के दो व्यक्ति एक बाइक पर सवार होकर अंतिम संस्कार से लौट रहे थे। बताया जाता है कि सहसवान क्षेत्र के ग्राम गंगापुर निवासी धनवीर अपने साढू अजय के साथ बाइक पर सवार होकर थाना कादर चौक क्षेत्र के कछला गंगा घाट पर एक अंतिम संस्कार में गए थे। यहां से अंतिम संस्कार की रस्म के बाद धनवीर तथा अजय बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही यह लोग थाना मुजरिया क्षेत्र के फकीराबाद चौराहे पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक कार से अचानक इनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# मिशन शक्ति अभियानः बलरामपुर में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन और मिशन शक्ति अभियान के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

मिशन शक्ति टीमों ने विभिन्न गांवों, कस्बों और विद्यालयों में ग्राम चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

**इन मुद्दों पर दी गई जानकारी**

जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को दहेज प्रथा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला अधिकारों और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया गया।

पुलिस टीम ने बताया कि बाल विवाह और दहेज प्रथा सामाजिक कुरीतियों के साथ-साथ दंडनीय अपराध भी हैं। लोगों से इनका विरोध करने और ऐसी किसी घटना की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गई।

**आपातकालीन हेल्पलाइन की जानकारी**

महिलाओं एवं बालिकाओं को जरूरत के समय उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया–

1090 - वूमेन पावर लाइन
112 - पुलिस आपातकालीन सेवा
108 - एंबुलेंस सेवा
1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
102 - स्वास्थ्य सेवा
181 - महिला हेल्पलाइन
1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन

**मिशन शक्ति केंद्र की भी दी जानकारी**

महिलाओं को थाना स्तर पर संचालित मिशन शक्ति केंद्र और परिवार परामर्श केंद्र के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर वे कानूनी सहायता और परामर्श प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।

बलरामपुर पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय पर तैयारी बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** सेवा संकल्प अभियान को लेकर पार्टी कार्यालय अटल भवन पर जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न अभियानों में लगे कार्यक्रम संयोजक व सह संयोजक से विस्तृत चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पूरे जनपदवासियों ने आशीर्वाद का दिया जलाकर प्रधानमंत्री को आशीर्वाद देते हुए दीर्घायु की प्रार्थना की। अभियान संयोजक जिला महामंत्री डॉ अजय सिंह पिंकू ने कार्यक्रम में लगे पदाधिकारियों से कहा कि सभी पदाधिकारी अपने कार्यक्रम को जनसहभागिता के साथ प्रभावी ढंग से सम्पन्न करायें। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह, संजय शुक्ला, शिव प्रसाद यादव, देवानंद गुप्ता, जिला महामंत्री महेंद्र पांडे, जिला मंत्री अवधेश त्रिपाठी, दुष्यंत चौधरी, शैलेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू तिवारी, कार्यालय मंत्री अंशुमान शुक्ला, संदीप उपाध्याय, आलोक पांडेय, नंदिनी शुक्ला, अक्षय शुक्ला, फणींद्र गुप्ता, रजनीश पांडे, रोहित राज उपस्थिति रहें।

# स्वच्छता ही सेवा 2026: झारखंडी सरोवर में हुआ श्रमदान, नगर पालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों की श्रृंखला में आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर की ओर से झारखंडी सरोवर में विशेष सफाई अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने झारखंडी सरोवर परिसर में श्रमदान कर आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। परिसर में फैले कूड़े-कचरे एवं अन्य अपशिष्ट को एकत्र कर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। साथ ही लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका या सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। सार्वजनिक स्थलों, जलस्रोतों और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में जनभागीदारी महत्वपूर्ण है।



उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग करें।

डीपी सिंह बैस ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें श्रमदान और जनभागीदारी के माध्यम से अभियान से जोड़ना है। नगर पालिका द्वारा अभियान के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। श्रमदान कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी लालचंद मौर्या, कर निरीक्षक राजेश कुमार, जेई सिविल अविनाश यादव, जेई जल धर्मेंद्र गौड़, सफाई निरीक्षक दिवाकर पांडेय सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं सफाई कर्मी मौजूद रहे। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने और स्वच्छ एवं सुंदर बलरामपुर के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए : डीएम

- चरखारी में 'संपूर्ण समाधान दिवस' आयोजित; तीनों तहसीलों की 95 में से 7 समस्याओं का हुआ समाधान



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की मौजूदगी में शनिवार को तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर 39 शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारियों को सौंपा गया। इसी प्रकार तहसील महोबा में उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 16 फरियादियों की शिकायतों को सुनकर तीन का मौके पर निस्तारण किया। उधर उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार सिंह की मौजूदगी में तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें मौके पर 2 का अधिकारियों ने निस्तारण किया।

डीएम ने शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयवद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। संबन्धित अधिकारी शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से अवश्य बात करे और शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में कोई लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी अवनीश कुमार तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़कों को 30 सितंबर तक गड्ढामुक्त करने के निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी : डीएम

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को जिले के समस्त क्षतिग्रस्त मार्गो को गड्ढामुक्त किये जाने के सम्बन्ध में मार्ग निर्माण कार्यों से संबन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले से अन्य जनपदों को आने जाने वाली सभी प्रमुख सड़कों को 30 सितंबर तक गड्ढाममुक्त कराए जाने के निर्देश दिए साथ ही कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न किए जाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु लगभग समाप्त हो गयी है और अब शीघ्र ही गड्ढामुक्ति का कार्य प्रारम्भ कर इसको एक माह के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही न बरती जाये यदि लापरवाही पाई गई तो संबन्धित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम ने विशेषतया जनपद से अन्य जनपदों को आने जाने वाले सभी प्रमुख मार्गो मुख्यतः महोबा को जोड़ने वाली कबरई कानपुर, बांदा झांसी राष्ट्रीय मार्गो को प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिये।

# जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित 4 विभाग के अधिकारियों को किया गैरहाजिर

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर ।** शनिवार को सहजनवा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया। इस दौरान जिला कृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक,सहकारिता समिति,जिला उद्यान अधिकारी अनुपस्थित पाये गए। जिन्हें गैरहाजिर कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इसके अलावा शिकायती पत्र रजिस्टर में क्रमांक अंकित न होने पर मालबाबू की जमकर क्लॉस ली तथा भीड़ बाहर जमा होने पर तहसीलदार सहजनवा को भी जमकर फटकार लगाते हुए फरियादियों के समस्या त्वरित निस्तारण कराने का निर्देश दिए।

इस दौरान जगदीशपुर निवासी हरिओम उपाध्याय ने सार्वजिक रास्ते पर अवैध अतिक्रमण होने की शिकायत दर्ज कराया।पटेसरी निवासी अमौली ने राजस्व विभाग द्वारा पैमाईश की रिपोर्ट न्यायालय में न भेजने की शिकायत किया। नीलम निवासी सुगौना ने बैनामे की राजस्व विभाग द्वारा पैमाईश न करने का आरोप लगाया। मेवाती देवी निवासी जोगियाकोल ने पेंशन न मिलने का आरोप लगाई। प्रेमशिला निवासी चड़राव ने राशन कार्ड निस्तरण करने लिये शिकायत दर्ज कराया। इस दौरान 150 मामले आये जिसमें 8 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुंभ,सीएमओ राजेश झा,परियोजना निदेश दीपक कुमार, एसोसी चकबंदी धर्मेद्र कुमार मिश्र,एसडीएम नमन मेहता,एसडीएम न्यायिक नीशा जायसाल आदि अधिकारी मौजूद थे।

## अंकुर और जालान फैक्ट्री द्वारा सार्वजनिक नाले की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**गोरखपुर ।** गीडा स्थित अंकुर और जालान फैक्ट्री द्वारा सार्वजनिक नाले पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी से शिकायत किया। शिकायतकर्ता रामपाल सिंह, अजय कुमार ने आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र के ड़ोमहर माफी में गाटा 364 जो राजस्व अभिलेख में नाला की भूमि दर्ज है। इस नाला की भूमि अंकुर और जालान फैक्ट्री द्वारा मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया ।जिससे नाले के पानी की निकासी बंद हो चुकी है। इन फैक्ट्रियों द्वारा गंदा पानी डोमहर माफी और उज्जिखोर गांवों में गिराया जा रहा है।

# बेसिक शिक्षा मंत्री ने छात्रों को स्कूल बैग किए वितरित



- आज के बच्चे विकसित भारत की नींव : संदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह अतरौली के प्राथमिक विद्यालय कलियानपुर रानी पहुंचे। यहां विकसित भारत की थीम पर आयोजित ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्रों द्वारा बनाई गई ड्राइंग का अवलोकन किया एवं समस्त छात्रों को स्टेशनरी एवं स्कूल बैग वितरण किया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कलियानपुर रानी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चैंडोला सुजानपुर के 500 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार गांव के उस गरीब बच्चे को भी गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना चाहती है जिसके पास कोई साधन उपलब्ध नहीं है, सभी स्कूलों में एक जैसा पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है। प्रत्येक स्कूल को दो-दो टैबलेट भी उपलब्ध कराए हैं। छात्रों से बात करते हुए पूछा कि उनको स्कूल कैसा लगता है, पढ़ाई करना और खेलना अच्छा लगता है। छात्रों ने भी बड़ी तत्परता से मंत्री को उत्तर दिये।

इससे पूर्व बीएसए आलोक सिंह ने स्वागत उद्बोधन में अवगत कराया कि सभी छात्रों को डीबीटी द्वारा यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा एवं कॉपियों की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। जनपद में 500 से अधिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे एसआरजी संजीव शर्मा ने बताया कि आज की प्रतियोगिता सभी स्कूलों में आयोजित की गई है। चारों स्कूल में 120 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय स्तर से बेस्ट 5 पेंटिंग का चयन ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जायेगा।

# अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय और प्रदूषण से मुक्ति के लिये दिया घरना



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** शनिवार को सहजनवा तहसील के अधिवक्ताओं ने सहजनवा तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना तथा गीडा फैक्ट्रियों द्वारा क्षेत्र में फैलाये जा रहे प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिये तहसील मुख्यालय पर धरना दिया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इनकी मांग है कि सहजनवा तहसील में ग्राम न्यायालय कर स्थापना के लिये प्रशासनिक प्रक्रिया को तत्काल पूरा कर शासन को अंतिम सूची भेजी जाय। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विशेष टीम गठित कर सहजनवा और गीडा की फैक्ट्रियों वायु जल उत्सर्जन की औचक जांच किया जाय। मानकों की उल्लंघन करने वाली बिना वाटर ट्रीटमेंट से चल रही फैक्ट्रियों को तत्काल सीज किया जाय।

धरना देने वालो अनिल कुमार त्रिपाठी,केके त्रिपाठी,राघवेंद्र सिंह सुग्रीव यादव,उमेश चंद त्रिपाठी,विजय प्रताप सिंह,भूपेश कुमार त्रिपाठी,गोपाल शुक्ल, शैलेन्द्र,अखंड प्रताप सिंह, रंगनाथ पांडेय सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद वाहन चोर गिरोह के 2 शातिर दबोचे: एक के पैर में लगी गोली, 9 बाइकें व ई-रिक्शा बरामद

- करिया पठवा पहाड़ के पास मुठभेड़

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** कोतवाली नगर, स्वाट एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बीती रात करिया पठवा पहाड़ के पीछे मुठभेड़ के दौरान अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी मौके से दबोच लिया गया। एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 9 मोटरसाइकिलें, 1 ई-रिक्शा, तमंचा-कारतूस, नकदी व किराना सामान बरामद किया है।

एसपी शशांक सिंह के निर्देशन और एएसपी वंदना सिंह व सीओ सिटी रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में बीती रात पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। कब्रिस्तान के समीप छिपे बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में शातिर चोर सुजीत पटेरिया (25) घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से उसके साथी संतोष नामदेव (22) को गिरफ्तार किया गया, जबकि फरार राजेश नामदेव की तलाश जारी है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की गाड़ियों को ठिकाने लगाने की फिराक में थे। गत 15 सितंबर की रात उन्होंने रॉयल पैलेस के पास एक गुमटी का ताला तोड़कर सामान चोरी किया था और उसे ई-रिक्शा में लादकर ले गए थे। बरामद 9 मोटरसाइकिलों में से 05 गाड़ियों के नंबर प्लेट व चेसिस नंबर से छेड़छाड़ की गई थी। प्रभारी निरीक्षक बीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायल अभियुक्त सुजीत पटेरिया पर गैंगस्टर, एनडीपीएस, चोरी व आर्म्स एक्ट के 28 मामले दर्ज हैं। इस गिरोह की गिरफ्तारी से शहर के 5 मुकदमों का सफल अनावरण हुआ है।

# 16 दिन तक चलने वाला सोरहिया मेला लक्ष्मीकुंड शुरू



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** लक्ष्मीकुंड (लक्सा) पर सोरहिया मेला शुरू हुआ। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी तिथि की दुविधा के बीच लक्सा के लक्ष्मीकुंड स्थित महालक्ष्मी मंदिर में प्रसिद्ध सोरहिया मेला शुक्रवार से शुरू हो गया। सामान्यतः 16 दिन के व्रत के बाद 17वें दिन शृंगार के साथ मेला का समापन होता है लेकिन इस वर्ष भी एक तिथि की हानि के कारण व्रत के लिए 15 दिन मिलेंगे। त्रिगुणात्मक सिद्धपीठ श्री महालक्ष्मी मंदिर में महिलाएं व्रत रखकर माता लक्ष्मी और जिउतिया माता की 16 दिनों तक पूजा करेंगी। भादो मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी से आश्विन कृष्ण पक्ष यानी पितृपक्ष की अष्टमी तक व्रत का विधान है। शुक्रवार को दोपहर में ही अष्टमी तिथि लगने के चलते महालक्ष्मी के दर्शन-पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ रही। महिलाओं ने 16 गांठ वाला धागा बांधकर मंदिर की 16 बार परिक्रमा की।महालक्ष्मी मंदिर के महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय लिंगिया महाराज ने बताया कि लक्ष्मीकुंड पर सोरहिया मेला राधाष्टमी से पितृपक्ष की अष्टमी तक लगता है। 16 दिनों तक व्रत रखने वाली महिलाएं इसी दिन से महालक्ष्मी व्रत रखेंगी। शुक्रवार को दिन और अष्टमी तिथि लगने से महिलाओं ने दर्शन-पूजन किया। मगर, व्रत शनिवार को उदया तिथि से करेंगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



**महोबा।** शहर के समद नगर मोहल्ले में एक विवाहिता फांसी पर लटका मिला। ससुरालीजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां से डाक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति सहित ससुरालीजनों पर प्रताडित कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। हमीरपुर के कुनेटा गांव निवासी रमेश की पुत्री ममता साहू (30) का 2017 में समदनर निवासी गोरेलाल साहू से विवाह संपन्न हुआ था। शुक्रवार की रात ममता ने फांसी लगा ली, जिससे ससुरालीजन उपचार के लिए गए, लेकिन रास्त में उसकी मौत हो गई।

# ललिता त्रिपुर सुंदरी के पूजन-अनुष्ठान में राष्ट्रविरोधी शक्तियों के उन्मूलन का संकल्प



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** पंचकोशी मार्ग स्थित आदि शंकराचार्य महासंस्थानम में चल रहे सहस्त्र चंडी महायज्ञ के समापन दिवस से पूर्व शनिवार को ललिता त्रिपुर सुंदरी का विशेष भाव अनुष्ठान एवं पूजन-अर्चन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। जगदुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए तथा यज्ञकुंड में विशेष आहुतियां समर्पित की गई।

अनुष्ठान के दौरान साधकों एवं श्रद्धालुओं ने मां ललिता त्रिपुर सुंदरी की आराधना कर राष्ट्र, समाज और समस्त मानवता के कल्याण की कामना की। वैदिक विद्वानों एवं आचार्यों द्वारा निर्धारित विधि के अनुसार पूजन, मंत्रजाप और हवन संपन्न हुआ। वातावरण में गूंज रहे वैदिक मंत्रों और देवी स्तुति से पूरा महासंस्थानम भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सनातन परंपरा में शक्ति की आराधना केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिक उन्नति तक सीमित नहीं है, बल्कि लोककल्याण, धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का भी माध्यम है। मां ललिता त्रिपुर सुंदरी की उपासना के माध्यम से साधक शक्ति, ज्ञान और विवेक की प्राप्ति की कामना करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज और राष्ट्र के समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं। ऐसे में धार्मिक अनुष्ठानों का उद्देश्य समाज में सद्भाव, संस्कार और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। अनुष्ठान में राष्ट्रविरोधी एवं विघटनकारी शक्तियों के उन्मूलन तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए विशेष आहुतियां समर्पित की गई। महासंस्थानम में सहस्त्र चंडी महायज्ञ के अंतर्गत लगातार विभिन्न देवी-देवताओं के विशेष पूजन एवं अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। महायज्ञ के समापन से पूर्व आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में बड़ी संख्या में संत, विद्वान, साधु-संन्यासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने जगदुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त कर राष्ट्र एवं समाज के कल्याण की कामना की।

## पहली बार गभाना पहुंचे डीएम, अधिवक्ताओं ने आत्मीयता से किया स्वागत




**अलीगढ।** जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार तहसील गभाना पहुंचे जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन का तहसील के अधिवक्ता गणों ने आत्मीयता के साथ स्वागत एवं सम्मान किया। अधिवक्ताओं ने दोनों अधिकारियों को माल्यार्पण कर और सम्मान का प्रतीक पटका पहनाकर अभिनंदन किया। जिलाधिकारी के गभाना तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी के गभाना तहसील आने के लिए पूर्व में कई बार कार्यक्रम निर्धारित हुआ था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से उनका यहां आगमन नहीं हो सका था। पहली बार तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## गौ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांसद ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** गौ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज माननीय सांसद फर्रुखाबाद मुकेश राजपूत द्वारा विकासखण्ड मोहम्मदाबाद स्थित गौ आश्रय स्थल सितवनपुर पिथू गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सांसद द्वारा गौ सेवा करते हुए गौवंश को गुड़, चना एवं हरा चारा खिलाया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अवधेश बाथम एवं ग्राम प्रधान श्री शेर बहादुर सिंह से प्राप्त की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 380 गौवंश संरक्षित हैं तथा 12 गौपालक कार्यरत हैं। सांसद ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला में किसी भी स्थिति में कीचड़ की स्थिति उत्पन्न न होने पाए तथा गौवंश के लिए पर्याप्त हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## गेहूं, चना, मटर और सरसों बीज की बुकिंग शुरू, मात्र 50% के अनुदान पर

**वाराणसी।** आगामी रबी सीजन को लेकर कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। किसान 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं, चना, मटर और सरसों के बीज की बुकिंग कर सकते हैं। इच्छुक किसान कृषि विभाग के पोर्टल agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने बताया कि जुलाई माह से बीज के लिए किसानों की ओर से पोर्टल पर बुकिंग की गई थी। ई-लॉटरी के माध्यम से निःशुल्क बीज मिनीकिट के लिए 3954 किसानों के लक्ष्य के सापेक्ष 2216 किसानों तथा 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज के लिए 2438 किसानों के लक्ष्य के सापेक्ष 965 किसानों का चयन किया गया है।

# विकासकार्यों की प्रगति के परीक्षण हेतु जिलाधिकारी ने खंडौली गौशाला एवं पिथनापुर पंचायत घर का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** आज जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने तहसील समाधान दिवस के आयोजन के उपरांत जनपद में विकासकार्यों की प्रगति के परीक्षण हेतु अमृतपुर तहसील स्थित विकासखण्ड राजेपुर ग्राम खंडौली में गौशाला एवं पंचायत घर पिथनापुर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम खंडोली गौशाला का निरीक्षण किया गया, यहां पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में सघन वृक्षारोपण कराकर रोपित पौधों का संरक्षण करें। मादा बछड़ों को पात्र कुपोषित परिवारों को उपलब्ध कराएं, जिससे बछड़ों को पालन पोषण के साथ कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। गौशाला में संरक्षित प्रत्येक गौवंश की ईयर टैगिंग कराएं, इसके साथ ही गौवंश की देखरेख हेतु तैनात संरक्षकों को समय पर भुगतान पूर्ण कराएं। बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं के अलग रखने की व्यवस्था करें, जिससे स्वस्थ पशुओं को संक्रमण से बचाया जा सके। मौके पर जिलाधिकारी द्वारा गौवंश को गुड़ एवं चना भी खिलाया गया। गौशाला में उपस्थित अधिकारी ने बताया कि इस गौशाला में कल 263 पशु संरक्षित है, जिनमे 195 नर गौवंश एवं 68 मादा गौवंश सम्मिलित है। सभी पशुओं का टीकाकरण पूर्ण कराया जा चुका है। वृक्षारोपण अभियान के तहत इस गौशाला में 05 छायादार वृक्षों का रोपण किया गया, जिन्हें समय-समय पर उचित देखरेख प्रदान की जा रही है। गौशाला में गोवंश की संरक्षण हेतु 05 शैड बनाए गए हैं, जिनमे से प्रत्येक शेड में 50 गोवंश को रखने की क्षमता है। गौशाला में प्रतिदिन गोवंश के भरण पोषण हेतु 33 कुंतल हरा चारा उपलब्ध कराया जाता है इसके साथ ही वर्तमान समय में 68 कुंतल भूसा भी उपलब्ध है।

इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पिथनापुर स्थित पंचायत घर का निरीक्षण किया गया, पंचायत घर के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने फीता काटकर नवनिर्मित पुस्तकालय का शुभारंभ किया। यहां पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुस्तकालय में अध्ययन हेतु आने वाले महानुभावों के लिए पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था तथा पुस्तकालय को नियमित रूप से साफ एवं स्वच्छ रखें।

# मानवता की मिसाल : कल्याणी समिति ने रेलवे स्टेशन को भेंट कीं तीन व्हीलचेयर

- दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों को मिलेगी सुविधा; कल्याणी समिति के साथ उपाध्याय परिवार ने भी दान की एक व्हीलचेयर

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही कल्याणी समिति ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए समिति की महिलाओं ने रेलवे स्टेशन को तीन व्हीलचेयर गिफ्ट की गई। आयोजित कार्यक्रम में असिस्टेंट स्टेशन मास्टर दोहरे और सीसीआई रऊफ खान ने व्हील चेयर प्राप्त की। समिति के इस कार्य की जिले में खूब सराहना की जा रही है।

समिति की मंजूषा चतुर्वेदी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर आने वाले दिव्यांग, बुजुर्ग और चलने फिरने में असमर्थ यात्रियों को आवागमन में सुविधा प्रदान करना है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कल्याणी समिति की मातृ शक्ति सक्रिय तरीके से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहती हैं। ऋचा अग्रवाल ने बताया कि इससे पूर्व समिति ने विद्यालयों और मंदिरों में वाटर कूलर भेंट किए गए थे, जिससे आमजन को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। अब तीन व्हीलचेयर भेंट कर समिति ने जनहित में एक और सराहनीय कदम उठाया है।

कल्याणी संस्था के अच्छे भाव से प्रेरित होकर उपाध्याय परिवार ने भी अपने परिजन की स्मृति में एक अतिरिक्त व्हीलचेयर रेलवे प्रशासन को भेंट की, जिसकी सभी लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर समिति की शिप्रा गुप्ता, शील सिंह चंदेल, मंजू शिवहरे, श्वेता गुप्ता, आरती अग्रवाल, सीमा शिवहरे, तनूजा शुक्ला, अंजू शिवहरे, डिम्पल गुप्ता, रेखा तिवारी, माधुरी अग्रवाल, संगीता दीक्षित, अदिति शिवहरे, अंजनी सेठ, ऋचा गुप्ता, प्रीती चैरसिया, कंचन शुक्ला, सुधा विनोद सोनी सहित समिति की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने तहसील मिल्कीपुर में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 702 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 97 का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। तहसील मिल्कीपुर में आयोजित समाधान दिवस में विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर पवन कुमार शर्मा समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी के समक्ष भूमि विवाद, सड़क, सुरक्षा, पेंशन, चकबंदी, चकमार्ग, अतिक्रमण और विद्युत संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं।मिल्कीपुर तहसील में कुल 310 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 35 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं सदर तहसील में 93 में से 20, सोहावल में 116 में से 11, रुदौली में 103 में से 21 तथा बीकापुर तहसील में प्राप्त 80 शिकायतों में से 10 का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय के साथ स्थलीय जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन तिवारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। वहीं परिक्रमा मार्ग से संबंधित प्रतिकर भुगतान के मामले में शिकायतकर्ता की समस्या का समय से निस्तारण न किए जाने पर संबंधित लेखपाल सुमित ठाकुर का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विधायक चंद्रभानु पासवान के साथ तहसील परिसर में पोषण माह के तहत लगाई गई

## आंखों की जलन से त्वचा की खुजली तक, शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़



अयोध्या। अपोलो आई हॉस्पिटल की ओर से शनिवार को आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। शिविर में आंखों की जांच के साथ त्वचा संबंधी समस्याओं की भी जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाएं और चश्मे वितरित किए गए।आंखों की जांच कराने पहुंचे मरीजों में जलन, खुजली, लालिमा, पानी आने और धुंधला दिखाई देने की शिकायतें सामने आईं। बुजुर्गों में नजर कमजोर होने और कम रोशनी में पढ़ने में परेशानी की शिकायत अधिक रही। जांच के बाद चश्मे की जरूरत वाले मरीजों को निशुल्क चश्मे दिए गए।डॉ. प्रिया ने त्वचा संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की। मरीजों में खुजली, दाने, लाल चकत्ते, जलन और संक्रमण जैसी शिकायतें मिलीं। उन्होंने स्वच्छता रखने, धूल-मिट्टी व अत्यधिक पसीने से बचाव तथा समस्या बढ़ने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी।

शिविर में डॉ. अमर कुमार प्रजापति, डॉ. प्रिया, डॉ. अब्दुल कलीम, अनुराधा, माधुरी समेत अस्पताल के कर्मचारी मरीजों की सेवा में जुटे रहे। चिकित्सकों ने नियमित आंखों की जांच कराने और मोबाइल-कंप्यूटर का लगातार इस्तेमाल न करने की सलाह दी।8. आदर्श इंटर कॉलेज की स्कूल बसों पर सुरक्षा को लेकर सवाल।

## उत्तम सत्य धर्म की आराधना से आत्मिक शुद्धि का संदेश

अवधनामा संवाददाता



अयोध्या। रायगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन शनिवार को उत्तम सत्य धर्म की आराधना की गई। गणिनी प्रमुख आर्यिका ज्ञानमती माता ने प्रवचन में सत्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य केवल वाणी का विषय नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म की शुद्धता से जुड़ा है। जैन परंपरा में हितकारी, संयमित और शास्त्रसम्मत वचन बोलना ही उत्तम सत्य धर्म है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से निंदा, चुगली, कटुता और असत्य से बचने का आह्वान किया। कहा कि ऐसा सत्य बोलना चाहिए, जिससे किसी जीव को कष्ट न पहुंचे और समाज में सद्भाव बना रहे। सत्य का पालन व्यक्ति के अंतर्मन को निर्मल करने के साथ आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।जैन मंदिर के मंदिर के पीठाधीश्वर रविंद्रकीर्ति स्वामी ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन सत्य धर्म की आराधना की गई। सत्य बोलना, झूठ और छल-कपट से दूर रहना तथा किसी प्रकार की चोरी न करना जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि कर चोरी से बचना भी सत्य एवं ईमानदारी के आचरण का हिस्सा है। श्रद्धालुओं से सत्य धर्म को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प कराया गया।उन्होंने बताया कि दशलक्षण महापर्व के साथ इंद्रध्वज महामंडल विधान का अनुष्ठान भी चल रहा है। 15 सितंबर से शुरू हुए इस आयोजन में 1008 पीठिकाओं पर धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। श्रद्धालु इंद्र-इंद्राणी के स्वरूप में पूजन कर अकृत्रिम जिनालयों में विराजमान परम मुक्त जिनों के प्रतीक स्वरूप ध्वज अर्पित कर रहे हैं। आयोजन के दौरान 458 नारियल पर ध्वज चढ़ाए गए।

पीठाधीश्वर रविंद्रकीर्ति स्वामी ने बताया कि उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्म के अंग हैं। इन धर्मों को आत्मा का स्वभाव माना गया है। पर्व के दौरान धर्म के सिद्धांतों को पूजा-पाठ तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।मंत्रोच्चार, पूजन, अर्घ्य समर्पण, सत्संग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

## नियमित दवा और जांच से एचआईवी संक्रमित भी जी सकते हैं सामान्य जीवनः डॉ. विनोद शुक्ला

अयोध्या। जिला अस्पताल स्थित ए.आर.टी सेंटर में दो दिवसीय एचआईवी जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने एचआईवी संक्रमित लोगों को नियमित रूप से दवा लेने और समय-समय पर वायरल लोड की जांच कराने की सलाह दी। डॉ. आरपी राय ने कहा कि नियमित उपचार और आवश्यक जांच के माध्यम से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जांच अथवा छोटी सर्जरी कराने से पहले चिकित्सक को एचआईवी संक्रमण की जानकारी अवश्य दें, ताकि उपचार के दौरान आवश्यक सावधानी बरती जा सके और संक्रमण के प्रसार का जोखिम कम किया जा सके।दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद शुक्ला ने बताया कि एचआईवी का उपचार नियमित दवा और समय-समय पर जांच पर आधारित है। समय से उपचार मिलने पर मरीज स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने संक्रमित लोगों से उपचार के प्रति लापरवाही न बरतने की अपील की।शिविर में कनिष्ठ लिपिक सोनिल त्रिपाठी, स्टाफ नर्स हेमलता, नर्सिंग ऑफिसर अरुणा पांडेय, देव त्रिपाठी सहित अस्पताल के कर्मचारी और जनसामान्य मौजूद रहे।

## दो हजार से अधिक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर के विरोध में व्यापार मंडल ने भेजा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाए जाने के प्रस्ताव को लेकर व्यापार मंडल ने चिंता जताई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से वित्त मंत्री, भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। व्यापार मंडल का कहना है कि यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान व्यापारिक लेनदेन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। छोटे और मध्यम व्यापारी भी ग्राहकों को डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसे में दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर और उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने की आशंका है। ज्ञापन में कहा गया कि व्यापारियों को बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से नकदी के प्रबंधन में पहले से ही विभिन्न प्रकार के खर्च उठाने पड़ते हैं। नकदी के परिवहन, एटीएम और बैंक शाखाओं से संबंधित सुरक्षा एवं संचालन लागत भी व्यापारियों पर रहती है। व्यापार मंडल के अनुसार डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगने से कारोबार की लागत बढ़ सकती है। व्यापार मंडल ने दो हजार रुपये से अधिक के लेनदेन पर प्रस्तावित एमडीआर को समाप्त करने अथवा इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। साथ ही छोटे व्यापारियों के लिए राहतकारी व्यवस्था लागू करने और शुल्क से संबंधित नियमों की जानकारी व्यापारिक संगठनों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके अलावा व्यापार मंडल ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ने की मांग रखी। संगठन ने कहा कि शुल्क व्यवस्था को अंतिम रूप देने से पहले व्यापारियों और संबंधित संगठनों के साथ पारदर्शी संवाद किया जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने सरकार से डिजिटल भुगतान व्यवस्था को सरल बनाए रखने और छोटे एवं मध्यम कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की मांग की है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 213 शिकायतें प्राप्त, 27 का मौके पर निस्तारण

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए, सितंबर माह के तृतीय शनिवार को तहसील बिंदकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की संयुक्त मौजूदगी में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, सिंचाई, नलकूप, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 213 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 186 प्रार्थना पत्र संबंधित विभागीय



अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए गए। फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने या समय से शिकायत का संज्ञान न लेने पर जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की और क्रॉस चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिकायतकर्ताओं से संतुष्टि फीडबैक लेने को कहा। साथ ही शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने और प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए।

## सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव का रुदौली में जगह-जगह स्वागत

रुदौली-अयोध्या। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त अयोध्या जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव के जिले में प्रथम आगमन पर शनिवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया। रानीमऊ में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सैयद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां के नेतृत्व में स्वागत हुआ। इस दौरान अतीक खान, शाह मसूद हैयात गजाली, हाजी अमानत अली, मोहम्मद शारिक, रजितराम रावत, चौधरी मतीन, साहब अख्तर व गुफरान सभासद मौजूद रहे।रोजागांव में जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली ने कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। रुदौली मंडी के सामने नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली, नगर अध्यक्ष अमीर खान, नफीस सुल्तान व सरफराज नसरुल्लाह सहित कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। राम नरेश होटल के सामने विशेष आमंत्रित सदस्य एहसान मोहम्मद अली उर्फ चौधरी शहरयार व सोएब खान के नेतृत्व में स्वागत हुआ। भेलसर गांव मोड़ पर एडवोकेट विवेक कुमार लोधी, डॉ. संतोष यादव, रजितराम रावत, साहब सरन, समर पाल व मोहम्मद नफीस बीडीसी सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।इस दौरान जय सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अयोध्या की जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अयोध्या के युवाओं पर विश्वास जताया है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की पांचों सीटों पर पार्टी की जीत का दावा किया।एहसान मोहम्मद अली उर्फ चौधरी शहरयार ने जय सिंह यादव को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार जताया।

## मंडवा में बच्चों को स्वच्छता का पाठ, गीला-सूखा कचरा अलग रखने का दिया संदेश

### ग्राम पंचायत अधिकारी बिपिन कुमार तिवारी ने बच्चों को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

प्रेमनगर/फतेहपुर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत मंडवा ग्राम पंचायत में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर जूनियर स्तर के बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत अधिकारी बिपिन कुमार तिवारी ने की। इस दौरान बच्चों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और नियमित कूड़ा निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी बिपिन कुमार तिवारी ने बच्चों को बताया कि घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखा जाए और कूड़ा एकत्र करने वाली गाड़ी में ही डाला जाए। सड़क, नाली अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने से बचने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि खुले में कचरा फेंकने से आसपास गंदगी फैलने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। नियमित रूप से कूड़ा उठने और उचित निस्तारण से नालियों को साफ रखने तथा गांव के वातावरण को स्वच्छ बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को घर-घर और गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि मंडवा ग्राम पंचायत को स्वच्छता की मिसाल बनाया जा सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से ग्रामीणों में कचरा पृथक्करण, नियमित कूड़ा निस्तारण और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## असोथर के बौंडर वार्ड में लाखों की चोरी, जेवरात और नकदी समेत ले गए चोर

असोथर/फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर के बौंडर (वार्ड नंबर-3) में देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पार कर दी। वारदात की जानकारी होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को घटना की सूचना दी है। पीड़ित मातादीन रैदास पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र के मुताबिक, घटना रात करीब 12 बजे से एक बजे के बीच की बताई जा रही है। चोर घर में रखी करीब पांच हजार रुपये की नकदी के अलावा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए सोने के आभूषणों में तीन लॉकेट माला, तीन नथिया, दो अंगूठियां, दो जोड़ी झुमकी और तीन बेसर शामिल हैं। वहीं चांदी के आभूषणों में चार हाफ पेटी, चार जोड़ी पायल, चार जोड़ी तोड़िया और पांच जोड़ी बिछिया समेत अन्य सामान शामिल है।

## खागा में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने संकल्प यात्रा का किया भव्य स्वागत



अवधनामा संवाददाता

खागा/फतेहपुर। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम से गंगाजल लेकर बाइक के जरिए गुजरात के बड़नगर के लिए निकली संकल्प यात्रा का खागा नगर में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यात्रा के खागा पहुंचने पर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं खागा विधायक कृष्णा पासवान तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ यात्रियों का स्वागत किया। अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह की नगरी खागा में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने यात्रा में शामिल लोगों को माला पहनाकर, पुष्प भेंट कर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। संकल्प यात्रा का नगर में प्रवेश पूर्वी बाईपास से हुआ। इसके बाद यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पश्चिमी बाईपास स्थित यशराज रिसॉर्ट पहुंची। यहां यात्रियों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई। यात्रा में शामिल लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम से पवित्र गंगाजल लेकर बाइक के माध्यम से गुजरात के बड़नगर तक पहुंचने का संकल्प लिया गया है। यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों से होकर गुजरते हुए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। खागा में यात्रा के स्वागत के दौरान भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## फेसबुक पर कथित अशोभनीय टिप्पणी के मामले में मुकदमा

रुदौली-अयोध्या। सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद साहब के विरुद्ध कथित अशोभनीय टिप्पणी किए जाने को लेकर गुरुवार शाम रुदौली क्षेत्र में लोगों में नाराजगी फैल गई। कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग रुदौली कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बताया गया कि सोशल मीडिया की एक आईडी से कथित आपत्तिजनक टिप्पणी सामने आई थी। आईडी का संबंध शुजागंज निवासी संतोष ठाकुर से बताया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रुदौली व शुजागंज क्षेत्र के लोग कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे। पालिका अध्यक्ष जब्बार अली, सपा नेता एहसान मोहम्मद अली उर्फ चौधरी शहरयार सहित कई लोग भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीओ रुदौली व एसडीएम से वार्ता कर मामले की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों को शांत कराया गया।पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।4.

## मिशन रोजगार के तहत 18 अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र



अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। मिशन रोजगार के अंतर्गत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों ने देखा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न विभागों में चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में महराजगंज जिले के आयुष विभाग में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट पद पर चयनित नौ तथा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर चयनित नौ अभ्यर्थियों को पनियरा विधायक ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र मिलते ही अभ्यर्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। विधायक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 9.5 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार दिया गया है। नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता का ध्यान रखा जा रहा है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, घटनास्थल की परिस्थितियों ने उठाए सवाल

### जमीन पर टिके थे दोनों पैर, पास मिली बाइक और मोबाइल

अवधनामा संवाददाता



निचलौल(महराजगंज)। थाना क्षेत्र के बरगदही गांव के पास शनिवार सुबह सागौन के पेड़ से मफलर के सहारे 28 वर्षीय युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शव की स्थिति और घटनास्थल से मिले सामान ने मामले को रहस्यमय बना दिया है। युवक के दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे, जबकि करीब 10 कदम दूर उसकी बाइक खड़ी मिली। बाइक के पास से ओम का चांदी का लॉकेट भी बरामद हुआ।

मृतक की पहचान अरुण राजभर (28) पुत्र रामप्रसाद राजभर, निवासी कोहड़वल टोला सिसवाडीह के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार वह शुक्रवार शाम करीब चार बजे घर से खोया देने की बात कहकर निकला था। देर शाम फोन पर उसने घर लौटने में देर होने की बात कही थी। सूचना पर पहुंची निचलौल पुलिस ने मोबाइल फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई। टीम ने वीडियोग्राफी के साथ जरूरी साक्ष्य जुटाए और युवक का मोबाइल कब्जे में लिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं, बरगदही गांव की एक युवती से युवक के प्रेम संबंध की बात भी सामने आई है। हालांकि इसकी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी।

## बकाया रकम मांगने पहुंचा युवक, विवाद में चली गोली; इलाज के दौरान मौत

महराजगंज। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के समरधीरा में बकाया रकम मांगने पहुंचे युवक को पैसे के विवाद में गोली मारने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त .32 बोर की अवैध देशी पिस्टल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 17 सितंबर को जिसान अपने दोस्त सब्बीर अहमद के समरधीरा स्थित राज रेस्टोरेंट एवं बिरयानी सेंटर पर बकाया रकम मांगने पहुंचा था। इसी दौरान पैसे के लेन-देन को लेकर जिसान और सब्बीर अहमद, प्रदीप जायसवाल तथा अमन के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सब्बीर अहमद ने जिसान को गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## उमेश चंद्र जायसवाल बने भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में 19 सितंबर को आयोजित बैठक में पनियरा नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष उमेश चंद्र जायसवाल को सर्वसम्मति से नगर पालिका एवं नगर पंचायतों का जिला अध्यक्ष चुना गया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं महराजगंज सांसद तथा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह सहित जिले के सभी ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उमेश चंद्र जायसवाल के नाम पर सर्वसम्मति बनने के बाद उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वह नगर निकायों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से संगठन के समक्ष रखेंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर उमेश चंद्र जायसवाल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने की बात कही।

# सीएम ने एक्स-रे टेक्निशियन एवं होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को दिया नियुक्ति पत्र

**जिले में देखा गया लाइव प्रसारण, सौंपा गया जिले के नवचयनितों को नियुक्त पत्र**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित एक्स-रे टेक्निशियन एवं होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण जिले में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ शनिवार को अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ।

जनपद स्तर पर अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस दौरान विधायक यामधनी राही ने सभी का स्वागत करते हुए नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को बधाई दिया। उन्होने कहा कि पहले पूर्वांच इंसेफ्लाइटिस बीमारी से ग्रसित रहता था मुख्यमंत्री जी के प्रयास से पूर्वांचल इंसेफ्लाइटिस से मुक्त है। मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन रोजगार के अन्तर्गत निरन्तर नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो रही है।

विधायक विनय वर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को बधाई दिया। उन्होने कहा कि आपके परिवार के लोगो को भी बधाई देता हूॅ। मुख्यमंत्री जी द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण कराकर नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगो के कार्य करने से सेवा कार्य को गति मिलेगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। विकास खण्डों में कैम्प लगाकर योजनाओं से बंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री जी उप्र को उत्तम प्रदेश बनाने के निरन्तर कार्य कर रहे है। लगातार पारदर्शी ढंग से नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने उपस्थित जनप्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देता हूॅ कि पारदर्शी प्रक्रिया से भर्ती की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों को पुनः बधाई दिया।

इस अवसर पर एक्सरे टेक्निशियन श्रेयॉश दूबे, अनिल कुमार, राधेश्याम, राजेश कुमार आर्य, पल्लवी त्रिपाठी, दिनेश मणि, बुद्ध कुमार, तथा होम्योपैथिक फार्मासिस्ट गौरी शंकर, सचेन्द्र चौधरी, वीरेन्द्र प्रसाद, चुन्नी लाल, रमेश चन्द्र गुप्ता, अशोक कुमार अग्रहरी को नियुक्ति पत्र दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनप्रतिनिधिगण व सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय कुमार दोहरे, व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्याय की आस में कमिश्नरी की पानी की टंकी पर चढ़ा युवक, डेढ़ घंटे तक मचा रहा हड़कंप

**गोण्डा।** जमीन पर कथित अवैध कब्जे और शिकायत के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई न होने से नाराज एक युवक शनिवार को कमिश्नर कार्यालय के बगल स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक के अचानक टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही कमिश्नरी परिसर में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। करीब डेढ़ घंटे तक पवन कुमार पानी की टंकी के ऊपर बैठा रहा और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाता रहा। टंकी पर चढ़े युवक की पहचान पवन कुमार निवासी भगहर बुलंद, थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। पवन कुमार का आरोप है कि उसकी गाटा संख्या 1510 की जमीन के बगल में पक्की सड़क होने के कारण जमीन की कीमत काफी अधिक है। उसके अनुसार, इसके बगल में गाटा संख्या 1511 ग्राम समाज की जमीन स्थित है, जिसका कुछ लोगों के नाम पट्टा बताया जा रहा है। आरोप है कि पट्टे की जमीन की आड़ में संबंधित लोग उसकी जमीन पर भी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न

**कुल 25 प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत हुए जिसमें 1 का मौके पर हुआ निस्तारण**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सदर तहसील नौगढ़ में शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं उप जिलाधिकारी नौगढ़ निखिल चक्रवर्तीकी उपस्थिति में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस नौगढ़ में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

इस दौरान कुल 25 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-12, अन्य-13 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा पूर्ति विभाग के 1 प्रार्थना-पत्र का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्दर्शित किया गया।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं पहुंचाने में फार्मासिस्टों को परेशानी, सौंपा मांगपत्र

**ड्रग वेयर हाउस कार्यालय डुमरियागंज स्थानांतरित होने से बढ़ी दिक्कत**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं और अन्य जरूरी सामान की आपूर्ति को लेकर फार्मासिस्टों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ड्रग वेयर हाउस कार्यालय के मुख्यालय से डुमरियागंज स्थानांतरित होने के बाद संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों के फार्मासिस्टों को दवाएं और अन्य सामग्री लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे समय और संसाधन दोनों की समस्या उत्पन्न हो रही है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला शाखा ने सीएमओ को पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद यादव और जिला मंत्री गोविंद प्रसाद ओझा की ओर से सौंपे गए पत्र में सीएमओ को अवगत कराया कि स्वास्थ्य केंद्रों के फार्मासिस्टों को ड्रग वेयर हाउस से दवाएं एवं अन्य सामान लाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। एसोसिएशन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं और जरूरी सामग्री पहुंचाने के लिए सरकारी वाहन की व्यवस्था कराने की मांग की है। पत्र में संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से कंटीजेंसी मद में सामान की आपूर्ति समय से सुनिश्चित कराने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि नवीन स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक सामग्री की कमी न हो। एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि जिन नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक तैनात नहीं हैं या अनुपस्थित रहते हैं, वहां कार्यरत फार्मासिस्टों को प्रभारी के रूप में कार्य करने पर भत्ता स्वीकृत किया जाए।

## जलालपुर में रामलीला कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जलालपुर ,अम्बेडकरनगर ।** श्री रामलीला समिति जलालपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने उपजिलाधिकारी मधुमिता सिंह जलालपुर को पत्र सौंपकर इस वर्ष के रामलीला कार्यक्रम की जानकारी दी । समिति के अनुसार 11 अक्टूबर को मुकुट पूजन धर्मशाला में और 12 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन रथ यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से रामलीला मैदान तक सायं 5 बजे और वापसी 7 बजे होगी, जबकि धर्मशाला में कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक चलेगा। श्री राम विवाह 15 अक्टूबर को धर्मशाला परिसर में होगा। विजय दशमी 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे रथ यात्रा और सायं 7 बजे राम-रावण युद्ध व रावण पुतला दहन होगा। 21 अक्टूबर को रथ यात्रा निकलेगी और नगपुर मोड़ मोहल्ला छाछू में भरत मिलाप होगा। 22 अक्टूबर को धर्मशाला में श्रीराम राज्याभिषेक होगा।

# अयोध्या जाने के लिए निकली युवती की हत्या का खुलासा

**प्रेम संबंध में विवाद के बाद चाकू से उतारा मौत के घाट**

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** कोतवाली देहात क्षेत्र से लापता हुई युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल चाकू, घटना के समय पहने कपड़े और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, युवती और आरोपी के बीच वर्ष 2023 से जान-पहचान थी और दोनों के बीच फोन पर बातचीत तथा मुलाकात होती थी।

जानकारी के अनुसार, 15 सितंबर 2026 को कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली युवती को उसकी मां ने अयोध्या स्थित अपनी बड़ी बहन के घर जाने के लिए जमुनियाबाग बाजार से बस पर बैठाया था। युवती अयोध्या स्थित अपने गंतव्य तक नहीं पहुंची। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने कोतवाली देहात पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच 18 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले का संदिग्ध आरोपी भानु प्रताप निषाद अयोध्या के नया घाट पुल के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी युवती से वर्ष 2023 से जान-पहचान थी। वह युवती के साथ रहना चाहता था, लेकिन युवती इसके लिए तैयार नहीं थी। इसी बात को लेकर आरोपी नाराज था और उसने युवती की हत्या की योजना बनाई। आरोपी के मुताबिक, 15 सितंबर को युवती के अयोध्या आने की जानकारी मिलने पर वह मोटरसाइकिल से नया घाट बाईपास के पास पहुंचा और युवती को अपने साथ लेकर एक सुनसान स्थान पर गया। वहां साथ रहने और शादी करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। युवती ने आरोपी के साथ शादी करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने पहले से अपने पास रखे चाकू से युवती पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद आरोपी ने शव को छिपाने के उद्देश्य से सड़क के नीचे स्थित सरयू नदी की सोती के पानी में डाल दिया, जबकि हत्या में प्रयुक्त चाकू को सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चाकू, टी-शर्ट, जींस पैंट और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राधाष्टमी के शुभ अवसर पर गौशाला में गो-पूजन एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** राधाष्टमी के शुभ अवसर पर शनिवार को नगर पंचायत बढ़नी बाजार के वार्ड नंबर-2, मुडिला खास (मिल कॉलोनी) स्थित अस्थायी गौशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सुनील अग्रहरि जी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती गीता देवी अग्रहरि के साथ पहुंचकर विधि-विधान से गायों का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान गायों को गुड़, केला, दाना-चारा आदि खिलाकर उनकी सेवा की गई। कार्यक्रम के दौरान गौसेवा एवं पशु संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में पशु चिकित्सक डॉ. गुप्ता जी, ऋषभ मोदनवाल, रामराज कन्नौजिया, बृजेश अग्रहरि, राजेश्वर शाह, कर्मचारी वीरेन्द्र, सुरेश यादव, दिनेश, मुमताज अली, रवि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के रामभवन सिंह अध्यक्ष, अमरजीत वर्मा उपाध्यक्ष व शरद पाठक बने कोषाध्यक्ष



**गोण्डा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद की एक आपात बैठक दिनांक 18 सितम्बर को अपराह्न 3:00 बजे आयोजित हुई। बैठक में शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष सतीश कुमार दीक्षित को कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करने और लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाने के कारण सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की सहमति से तत्काल प्रभाव से उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। साथ ही शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के उपाध्यक्ष रहे राम भवन सिंह को नया अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया है। यह जानकारी देते हुए शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के मंत्री राम भरोस ने बताया कि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रहे सतीश कुमार दीक्षित का दायित्व कर्मचारियों के हित का संरक्षण है, जो कि उनके द्वारा नहीं किया गया। उनके द्वारा गैर जिम्मेदाराना व मनमाना कृत्य किया गया। जिस पर संघ के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत से उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। इसीक्रम में रिक्त हुए उपाध्यक्ष पद पर अमरजीत वर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर शरद कुमार पाठक को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

## सपा नेता अयाज़ अहमद गुल्लू हत्याकांड में दोषी को सुनाई गई उम्रकैद की सज़ा लगभग सात साल बाद आया फैसला

**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** सपा नेता और टांडा नगर पालिका अध्यक्ष शबाना नाज के पति मोहम्मद अयाज उर्फ गुल्लू की हत्या के करीब सात साल बाद अदालत ने मामले में फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के दोषी छज्जापुर निवासी उबैदुर्रहमान अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। प्राप्त वितरण के अनुसार, घटना 16 मई 2019 की रात टांडा के ताज तिराहे पर हुई थी। बताया गया कि बाइक सवार बदमाशों ने सपा नेता मोहम्मद अयाज उर्फ गुल्लू को निशाना बनाकर गोली मार दी थी। वारदात के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद मामले में छज्जापुर निवासी उबैदुर्रहमान अंसारी को आरोपी बनाया गया। अभियोजन ने आरोपी को कठोर दंड दिए जाने की मांग की। दूसरी ओर बचाव पक्ष ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए अपना पक्ष रखा। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों और मुकदमे में प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद उबैदुर्रहमान अंसारी को हत्या का दोषी माना।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**114 शिकायतों में 15 का मौके पर निस्तारण, शेष मामलों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

देवी अवस्थी संवाददाता



**गोण्डा ।** तहसील तरबगंज में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 114 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 99 शिकायतों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का मौके पर स्थलीय सत्यापन करते हुए दोनों पक्षों को सुनकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल कागजी कार्रवाई तक शिकायतों का निस्तारण सीमित न रहे, बल्कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जांच करें।

डीएम ने विशेष रूप से अवैध कब्जे, अतिक्रमण, तालाब की जमीन, चकरोड, नाली एवं भूमि संबंधी विवादों के मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में शिकायतकर्ता एवं संबंधित पक्षों को मौके पर बुलाकर उनकी बात सुनी जाए। निस्तारण के दौरान लिखित अभिलेख तैयार करने के साथ ही आवश्यकतानुसार फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई जाए, ताकि कार्रवाई पूरी तरह पारदर्शी रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा खानापूर्ति पाए जाने पर अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उसकी आख्या समय से तहसील में उपलब्ध कराएं।

## शिक्षा विभाग के 12 भवनों में से तीन विद्यालय का कार्य खटाई में

**अंबेडकरनगर।** शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में 12 विद्यालय भवनों की स्वीकृति मिली है। इनमें से 9 भवनों का निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। हालांकि टांडा क्षेत्र के तीन विद्यालयों में प्रस्तावित भवन निर्माण का काम अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। सूत्रों के अनुसार, इन तीन विद्यालयों में भवन निर्माण में देरी के पीछे कुछ स्थानीय हितों और दबाव की शिकायतें सामने आई हैं। जानकारी के मुताबिक, भवन निर्माण की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रिंसिपल की होती है। वे नियमानुसार किसी भी योग्य व्यक्ति या एजेंसी से कार्य करवा सकते हैं। फिर भी कुछ पक्षों द्वारा अपने पसंदीदा ठेकेदार से काम करवाने का दबाव बनाए जाने की बात कही जा रही है। गत वर्ष 2024-25 में टांडा क्षेत्र के मखदूम नगर में इसी प्रकार का एक मामला सामने आया था। उस समय जिम्मेदार अधिकारी द्वारा दबाव बनाकर अपने पसंदीदा ठेकेदार को कार्य सौंप दिया गया था। अधिकारी के ट्रांसफर होने के बाद ठेकेदार ने कार्य को बीच में अधूरा छोड़ दिया।

## शिव बाबा धाम के पास सड़क हादसा ई रिक्शा व बुलेट की टक्कर में दो गम्भीर

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव बाबा धाम के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ई-रिक्शा और बुलट बाइक की आमने-सामने हुई



जोरदार भिड़ंत भिड़ंत मे बाइक सवार तीन युवकों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं हादसे में एक युवक की मौत होने की सूचना भी मिल रही है। हालांकि, देर शाम तक मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी मिली जानकारी के अनुसार कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के खोजादपुर गांव निवासी तीन युवक बुलट बाइक संख्या UP 45 BA 6648 पर सवार होकर कटेहरी की ओर से शिव बाबा धाम की तरफ आ रहे थे। बताया जा रहा है कि शिव बाबा धाम के पास बने यू-टर्न पर अचानक एक ई-रिक्शा मुड़ गया। इसी दौरान सामने से आ रही बुलट बाइक की ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर आसपास मौजूद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को संभाला और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा।घायलों में अंकित तिवारी और विपिन यादव को गंभीर चोटें आने की जानकारी सामने आई है। वहीं बाइक सवार एक अन्य युवक की मौत की सूचना मिल रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ई-रिक्शा चालक द्वारा अचानक यू-टर्न लेने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के तुरंत बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

## मेरे सपनों का भारत प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, प्रस्तुत की समर्थ एवं समृद्ध भारत की कल्पना



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्षों की अनवरत यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत शनिवार को विकास खंड जोगिया स्थित पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय लखनपारा में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर पोस्टर, निबंध, डिबेट एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री भाजपा कन्हैया पासवान ने बच्चों से संवाद किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों ने पोस्टर, निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण के माध्यम से भारत के उज्ज्वल भविष्य, विकसित राष्ट्र के निर्माण, शिक्षा, तकनीक, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस दौरान कन्हैया पासवान ने कहा कि देश के भविष्य की नींव हमारे विद्यालयों और विद्यार्थियों के सपनों में तैयार होती है। इन प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी कला, अभिव्यक्ति और ओजस्वी विचारों के माध्यम से 'समर्थ एवं समृद्ध भारत' की जो रूपरेखा प्रस्तुत की है, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। बच्चों की रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति उनकी सोच यह विश्वास दिलाती है कि आने वाला भारत प्रतिभा, नवाचार और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होगा।

## हाल्ट स्टेशनों पर नहीं रुक रहीं पैसेंजर ट्रेनें, यात्री परेशान

**सिद्धार्थनगर।** जिले से होकर गुजरने वाली पैसेंजर ट्रेनों के छोटे हाल्ट स्टेशनों पर ठहराव नहीं होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। अहिरौली, महथा बाजार और महादेव बुजुर्ग हाल्ट पर करीब एक वर्ष से पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव नहीं हो रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों के यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए बड़े स्टेशनों का रुख करना पड़ रहा है। इसके लिए उन्हें आठ से 10 किलोमीटर तक का अतिरिक्त सफर करना पड़ता है।

जिले में यात्रियों की सुविधा के लिए नौ छोटे-बड़े रेलवे स्टेशन हैं। इनमें तीन स्टेशन हाल्ट के रूप में संचालित हैं। स्थानीय यात्रियों के अनुसार करीब एक वर्ष पहले तक इन हाल्ट स्टेशनों पर दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता था। इससे आसपास के गांवों के लोग आसानी से गोरखपुर, बढ़नी समेत अन्य स्थानों की यात्रा कर लेते थे। यात्रियों का कहना है कि बहराइच स्पेशल और गोरखपुर-बढ़नी पैसेंजर ट्रेन पहले छोटे-बड़े सभी स्टेशनों पर रुकती थी।

# पूर्व मंत्री ने गौपूजन कर की सेवा, पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की

**इटवा: पेड़ारी कान्हा गौशाला में सेवा संकल्प अभियान**

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा में पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता डॉ. सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत इटवा के पेड़ारी स्थित कान्हा गौशाला में गौ सेवा, गौपूजन एवं पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने गौपूजन कर गोवंश की सेवा की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

इस दौरान डॉ. सतीश द्विवेदी ने गौशाला में मौजूद गोवंश को चारा खिलाया और उनकी देखभाल की। उन्होंने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति से जुड़ा सेवा कार्य भी है। गोवंश के संरक्षण के साथ उनके स्वास्थ्य, खान-पान और स्वच्छ वातावरण का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। शिविर में पशु चिकित्सकों द्वारा गौशाला में मौजूद पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। बीमार एवं कमजोर पशुओं की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। गौशाला परिसर में साफ-सफाई और गोवंश के बेहतर रखरखाव पर भी जोर दिया गया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा कार्यों को पहुंचाना और जनसेवा की भावना को मजबूत करना है। इसी क्रम में पौधारोपण, स्वच्छता, गौ सेवा और पशु स्वास्थ्य जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत इटवा अध्यक्ष विकास जायसवाल, नगर पंचायत बिस्कोहर अध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, भाजपा मंडल इटवा अध्यक्ष कन्हैया विश्वकर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बलराम मिश्रा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एवं नामित सभासद दीपनारायण तिवारी, मंडल महामंत्री स्वामीनाथ मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम यादव, हरिश्चंद्र भट्ट सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने गौ सेवा में सहभागिता करते हुए गोवंश के संरक्षण और नियमित सेवा का संकल्प लिया।

## ट्रंप का नया 'टैरिफ बम'

अमरीकी कांग्रेस (संसद) ने रूस और ईरान पर प्रतिबंधों वाला नया बिल पारित कर दिया है। सीनेट (हमारी राज्यसभा के समान) ने पहले ही 86-11 मतों से पारित कर दिया था। अब अमरीकी समयानुसार, 16 सितंबर, बुधवार, को प्रतिनिधि सभा (लोकसभा के समान) ने भी 262-159 मतों से यह बिल पास कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर करने की औपचारिकता के बाद यह कानून बन जाएगा। उसी के साथ राष्ट्रपति का संवैधानिक विशेषाधिकार बढ़ जाएगा कि वह किसी भी देश पर, शून्य से 100 फीसदी तक, टैरिफ थोप सकते हैं। टैरिफ कम या ज्यादा भी कर सकते हैं। दरअसल इस बिल के पारित होते ही राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर 'टैरिफ बम' फोड़ दिया है। हालांकि इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने जब कई देशों पर मनमाना टैरिफ थोपा था, तो अमरीकी सर्वोच्च अदालत ने उसे 'अवैध' करार देते हुए खारिज कर दिया था। अब नया कानून बनने के बाद भी न्यायपालिका इसकी समीक्षा कर सकती है, लेकिन उसे खारिज करना आसान नहीं होगा। बिल में जिन देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का संदर्भ था, उसमें भारत, चीन, हंगरी, स्लोवाकिया, अजरबैजान, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, कजाकिस्तान, तुर्किये आदि देशों के नाम उल्लेखनीय हैं। इनमें अधिकतर अमरीका-समर्थक या 'मित्र देश' हैं। भारत को तो अमरीका लगातार 'रणनीतिक साझेदार' मानता रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को 'डियर फ्रेंड' कहते और उनकी 'महानता' का गुणगान करते नहीं थकते। यह सार्वजनिक है और दोनों नेता आपस में 'गलबहियां' डालते रहे हैं। यह कैसी दोस्ती है? दोस्ती और फिर 100 फीसदी टैरिफ का बोझ...! भारत अमरीकी बाजार में 'अप्रासंगिक' हो सकता है! कोई भी ग्राहक महंगी चीज क्यों खरीदेगा? भारत के रत्न, कीमती पत्थर, जवाहरात, वस्त्र और फार्मा आदि के निर्यातकों का तो दम ही निकल जाएगा! भाड़ में जाए ऐसी दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी...!

भारत सरकार को भी टैरिफ का जवाब टैरिफ से ही देना चाहिए। यही नहीं, अपना 'तुरुप का पत्ता' भी खेलते हुए स्पष्ट करना चाहिए कि ट्रंप के टैरिफवाद के मद्देनजर भारत अमरीका के साथ 'व्यापार समझौता' फिलहाल स्थगित करता है। भारत ऐसे समझौते पर अधिक, गहन विचार करना चाहता है। यह गौरतलब है कि भारत ने 40 देशों के साथ 'मुक्त व्यापार समझौते' किए हैं, जो किसी अन्य देश ने नहीं किए हैं। कहीं भी टैरिफ रोड़ा नहीं बना है। प्रस्तावित व्यापार समझौते का जो मसविदा सामने आया था, उसके मुताबिक अमरीका भारत के साथ 500 अरब डॉलर तक का कारोबार करना चाहता है। हमारी मुद्रा में यह करीब 48 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होगा। क्या अमरीका को भारत में इतना गहरा घुसने दिया जाना चाहिए? दरअसल 100 फीसदी तक का टैरिफ एक धमकी है और राष्ट्रपति ट्रंप उसके जरिए रूस और ईरान पर आर्थिक पाबंदियों के व्यापक दबाव बनाना चाहते हैं। उनकी रणनीति और व्यापार-नीति यह है कि भारत और चीन इन दो युद्धरत देशों से कच्चा तेल और गैस न खरीदें अथवा बहुत कम मात्रा में खरीदें। अमरीका रूस से 56,597 करोड़ रुपए का कारोबार करता है। क्या ट्रंप को उस पर आपत्ति नहीं है? उस कारोबार को भी खत्म किया जाना चाहिए। पूरा यूरोप रूस से गैस का आयात करता है, अमरीका ने उसे क्यों छोड़ दिया? ट्रंप चाहते हैं कि भारत और चीन जैसे बड़े देश अमरीकी तेल खरीदें, क्योंकि अब वेनेजुएला के तेल को मिला कर अमरीका विश्व में तेल का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। कमोबेश चीन ने तो साफ ऐलान कर दिया है कि वह रूस और ईरान से तेल खरीदता रहेगा। युद्ध, ऊर्जा-संकट और बाधित सप्लाई चेन के बावजूद रूस भारत को सर्वाधिक कच्चा तेल (करीब 50-55 फीसदी) मुहैया करवा रहा है, ईरान से भी सप्लाई दोबारा शुरू की गई है, लिहाजा भारत को भी साफ कहना चाहिए कि देश की ऊर्जा-जरूरतों और कीमतों के मद्देनजर वह रूस और ईरान से तेल-गैस खरीदता रहेगा।

## 'जिंदगी कोई सिनेमा नहीं है'

हम अक्सर जिंदगी को फिल्मों की तरह जीने की कोशिश करते हैं। पर्दे पर हीरो को कितनी भी बड़ी चोट लगे, वह उठता है, कपड़े झाड़ता है और फिर कहता है 'मैं झुकूंगा नहीं।' तालियां बजती हैं, संगीत बजता है और कहानी आगे बढ़ जाती है। लेकिन असली जिंदगी में ऐसा नहीं होता। जिंदगी कोई सिनेमा नहीं है कि यहां जख्म होगा तो दुखेगा नहीं। यहां चोट लगती है तो दर्द होता है। कभी शरीर पर लगी चोट से ज्यादा दर्द किसी अपने के दिए हुए शब्द करते हैं। कोई अपना दूर हो जाए तो उसकी कमी महसूस होती है। भरोसा टूटे तो भीतर कुछ टूट जाता है। मेहनत के बाद असफलता मिले तो आंखों में आंसू आ जाते हैं।


वीरेंद्र हीरालाल

और इसमें शर्म की कोई बात नहीं। हम इंसान हैं। हमारे भीतर भावनाएं हैं, उम्मीदें हैं, रिश्ते हैं और उनसे जुड़ी संवेदनाएं हैं। इसलिए यह उम्मीद करना कि जिंदगी चाहे जितने घाव दे, हम हमेशा मुस्कुराते रहें, शायद खुद के साथ सबसे बड़ी नाइंसाफी है।आज क` दौर में मजबूत दिखने की होड़ लगी है। कोई अपना दर्द बताना नहीं चाहता। हर कोई कहता है 'मैं ठीक हूं।' लेकिन कई बार इस 'मैं ठीक हूं' के पीछे एक ऐसी कहानी होती है, जिसे सुनने वाला कोई नहीं होता।

हम कहते हैं, आदमी को मजबूत होना चाहिए। बिल्कुल होना चाहिए। लेकिन मजबूत होने का अर्थ यह नहीं कि वह कभी रोए नहीं। मजबूत होने का अर्थ यह नहीं कि वह कभी टूटे नहीं। मजबूत होने का अर्थ यह है कि टूटने के बाद भी वह खुद को समेटने की कोशिश करे। आदमी कोई पुष्पा नहीं कि हर परिस्थिति में बस यही कहता रहे, 'झुकेगा नहीं। 'जिंदगी में कभी-कभी झुकना भी पड़ता है। मां-बाप के सामने झुकना पड़ता है, क्योंकि उनके सामने हमारा अहंकार छोटा है। रिश्तों में झुकना पड़ता है, क्योंकि हर बहस जीतना जरूरी नहीं, कभी रिश्ता बचाना जरूरी होता है। बच्चों के सामने झुकना पड़ता है, क्योंकि उनके चेहरे की मुस्कान कई बार हमारी जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। और कभी-कभी अपने ही अहंकार के सामने झुकना पड़ता है। क्योंकि अकड़कर खड़ा रहने वाला पेड़ आंधी में टूट सकता है, लेकिन झुकने वाली घास बच जाती है। इसका मतलब यह नहीं कि इंसान अन्याय के सामने झुक जाए। गलत के सामने खड़ा होना भी जरूरी है। लेकिन हर जगह अकड़ दिखाना भी समझदारी नहीं। कुछ लड़ाइयां जीतने के लिए लड़ी जाती हैं और कुछ रिश्ते बचाने के लिए छोड़ दी जाती हैं। जिंदगी का असली नायक वही है जो यह अंतर समझ सके।

फिल्म में हीरो अकेला सौ लोगों से लड़ लेता है। असली जिंदगी में एक इंसान कभी-कभी अपने ही विचारों, जिम्मेदारियों, आर्थिक परेशानियों, रिश्तों और भविष्य की चिंता से लड़ रहा होता है। और यह लड़ाई किसी पर्दे पर नहीं दिखाई देती। उसके चेहरे पर मुस्कान होती है, वह रोज काम पर जाता है, लोगों से मिलता है, उनकी बातें सुनता है और अपना दर्द छुपाकर घर लौट आता है। शायद यही असली बहादुरी है। दर्द होना कमजोरी नहीं है। रो देना हार नहीं है। थक जाना असफलता नहीं है।और कभी झुक जाना भी कायरता नहीं है। कायरता तो तब है जब इंसान गिरकर उठने से इनकार कर दे। इसलिए अगर जिंदगी ने आपको कोई जख्म दिया है तो उसे महसूस कीजिए। आंसू आ रहे हैं तो बहने दीजिए। कुछ समय खुद को संभालिए। लेकिन फिर धीरे-धीरे उठिए और आगे बढ़िए। क्योंकि जिंदगी फिल्म नहीं है, जहां हर कहानी का अंत निर्देशक तय करता है। यह हमारी जिंदगी है। यहां कभी कहानी हमारे मन मुताबिक नहीं होती, लेकिन कलम अभी भी हमारे हाथ में होती है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com**


**आर्थिक मोर्चे पर यूनाइटेड किंगडम की वर्तमान स्थिति ने इस अलगाववादी भावना को और अधिक भड़का दिया है। पूरा देश पिछले कई वर्षों से बढ़ती महंगाई, धीमी आर्थिक विकास दर, भारी सार्वजनिक ऋण और जीवन यापन की आसमान छूती लागत जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है।**

# क्या विघटन की ओर बढ़ रहा है यूनाइटेड किंगडम

वर्तमान वैश्विक राजनीति एक अत्यंत संवेदनशील और परिवर्तनशील दौर से गुजर रही है जहां राष्ट्रीय सीमाएं और पुराने राजनीतिक समझौते नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसी क्रम में यूनाइटेड किंगडम के भीतर एक ऐसा राजनीतिक भूचाल आया है जिसने इसके तीन सौ साल पुराने स्वरूप पर सवालिया निशान लगा दिया है। 14 सितंबर 2026 को वेल्स की राजधानी कार्डिफ में एक ऐतिहासिक घटना घटी जिसने न केवल ब्रिटेन बल्कि पूरे यूरोप का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के शीर्ष राष्ट्रवादी नेताओं ने एक साझा मंच पर आकर एक अभूतपूर्व सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस सहमति पत्र का मुख्य उद्देश्य अपने देशों के लिए आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग करना और वेस्टमिंस्टर की केंद्रीय सत्ता के एकाधिकार को चुनौती देना था। यह पहला अवसर है जब इन तीनों क्षेत्रों की सरकारों का नेतृत्व एक साथ ऐसे दलों के हाथों में है जो या तो पूर्ण स्वतंत्रता के पक्षधर हैं या फिर एकीकरण के समर्थक हैं। कार्डिफ की यह बैठक केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं थी बल्कि यह एक स्पष्ट संदेश था कि अब पुरानी व्यवस्था के तहत काम करना संभव नहीं है।


महेन्द्र तिवारी

स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री जॉन स्विनी, वेल्स के प्रथम मंत्री रून एप इओरवर्थ और उत्तरी आयरलैंड की प्रथम मंत्री मिशेल ओ'नील ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की कि उनके नागरिकों को अपना संवैधानिक भविष्य स्वयं तय करने का अधिकार होना चाहिए। इन नेताओं का स्पष्ट मानना है कि लंदन स्थित केंद्रीय सरकार लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं कर सकती। हालांकि यह कार्डिफ समझौता किसी नए देश के निर्माण की तत्काल घोषणा नहीं है, परंतु यह एक ऐसा राजनीतिक और कूटनीतिक दस्तावेज है जिसने भविष्य के बदलावों की मजबूत नींव रख दी है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ें अचानक पैदा हुए किसी असंतोष में नहीं हैं बल्कि यह पिछले एक दशक की विभिन्न आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक विफलताओं का परिणाम है।



इस असंतोष का सबसे बड़ा कारण वर्ष 2016 का वह जनमत संग्रह है जिसके तहत यूनाइटेड किंगडम ने यूरोपीय संघ से बाहर निकलने का फैसला किया था। उस समय स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड की बहुसंख्यक जनता ने यूरोपीय संघ में बने रहने के पक्ष में मतदान किया था। इसके बावजूद पूरे देश के सम्मिलित परिणाम के कारण इन दोनों क्षेत्रों को भी अपनी इच्छा के विरुद्ध यूरोपीय संघ से बाहर होना पड़ा। यही वह बिंदु था जहां से अविश्वास की खाई चौड़ी होनी शुरू हुई। राष्ट्रवादी दलों का तर्क है कि उनके व्यापार, शिक्षा, रोजगार और उद्योग गहरे रूप से यूरोप के साथ जुड़े हुए थे। यूरोपीय संघ से अलग होने के कारण इन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कार्डिफ घोषणा में भी इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि भविष्य में यूरोप के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना और मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी।

आर्थिक मोर्चे पर यूनाइटेड किंगडम की वर्तमान स्थिति ने इस अलगाववादी भावना को और अधिक भड़का दिया है। पूरा देश पिछले कई वर्षों से बढ़ती महंगाई, धीमी आर्थिक विकास दर, भारी सार्वजनिक ऋण और जीवन यापन की आसमान छूती लागत जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। ऊर्जा की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। स्कॉटलैंड और वेल्स के नेता इन सभी समस्याओं के लिए लंदन के अत्यधिक केंद्रीकृत आर्थिक मॉडल को जिम्मेदार मानते हैं। उनका कहना है कि नीतियां लंदन के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं जबकि दूरस्थ क्षेत्रों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। दूसरी ओर केंद्रीय सत्ता का तर्क है कि वर्तमान समय में देश को संवैधानिक विवादों में उलझाने के बजाय आर्थिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राजनीतिक और आर्थिक कारणों के साथ साथ सांस्कृतिक पहचान का मुद्दा भी इस आंदोलन की एक बड़ी धुरी है। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड का अपना समृद्ध इतिहास, अपनी भाषाएं, साहित्य और अनूठी लोक परंपराएं रही हैं। पिछले कुछ दशकों में वेल्श भाषा के प्रयोग में वृद्धि हुई है और स्कॉटिश तथा आयरिश सांस्कृतिक गौरव की भावना फिर से जागृत हुई है। नई पीढ़ी अपनी इस सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ जोड़कर देख रही है। उनके लिए स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी भौगोलिक सीमाएं बदलना नहीं है, बल्कि अपनी भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपने संसाधनों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करना है।

इतने गहरे असंतोष और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि यूनाइटेड किंगडम का विघटन कल ही होने वाला है। इसके मार्ग में बहुत बड़ी कानूनी और संवैधानिक बाधाएं मौजूद हैं। स्कॉटलैंड के मामले में वर्ष 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया था कि स्कॉटिश संसद अपनी मर्जी से स्वतंत्रता के लिए कोई जनमत संग्रह आयोजित नहीं कर सकती। इसके लिए वेस्टमिंस्टर की संसद से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इसी प्रकार वेल्स के लिए तो ब्रिटिश कानून में संघ से अलग होने का कोई स्पष्ट प्रावधान ही नहीं है। यदि वेल्स स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ता है तो उसके लिए पूरी तरह से नए कानूनों के निर्माण की आवश्यकता होगी। उत्तरी आयरलैंड की स्थिति 1998 के गुड फ्राइडे समझौते से नियंत्रित होती है, जिसके तहत जनमत संग्रह संभव तो है, परंतु उसका अधिकार भी ब्रिटिश सरकार के विवेक पर ही निर्भर करता है। इस पूरी बहस में प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार का रुख भी बहुत महत्वपूर्ण है। लंदन का स्पष्ट मानना है कि विभाजनकारी राजनीति से निवेश प्रभावित होगा और सामाजिक अस्थिरता फैलेगी। सरकार का पूरा ध्यान रोजगार सृजन और महंगाई नियंत्रण पर है।

# आलस नहीं, एक गहरा मानसिक संकट है 'बेड-रोटिंग'

सुबह आँख खुलते ही जब आपके सामने जिम्मेदारियों और उम्मीदों का एक अंतहीन पहाड़ खड़ा हो जाता है, तो क्या कभी ऐसा महसूस हुआ है कि सब कुछ छोड़कर बस चादर तान लें और दुनिया से पूरी तरह कट जाएं? आज की आधुनिक युवा पीढ़ी–यानि जेन जी एक बड़े हिस्से के साथ ठीक यही हो रहा है, जहाँ वे बिना किसी वास्तविक शारीरिक आराम के, केवल मानसिक थकान, डर या एडिक्शन के कारण घंटों और दिनों तक अपने बिस्तर पर पड़े रहते हैं और बिना रुके सोशल मीडिया पर रील्स या डूम्सडेस्क्रॉलिंग करते रहते हैं। इसी गंभीर प्रवृत्ति को आज की दुनिया में 'बेड-रोटिंग' कहा जाता है, जिसे हाल ही में ऑक्सफोर्डडिक्शनरी द्वारा 'वर्ड ऑफ द ईयर' के रूप में भी नवाज़ा जा चुका है। बाहर से देखने वाले को यह भले ही एक साधारण आलस्य या कामचोरी लगे, लेकिन जब हम इसकी तह में उतरते हैं, तो यह समझ आता है कि यह केवल सुस्ती नहीं, बल्कि हमारे आधुनिक समय का एक बहुत बड़ा मानसिक और सामाजिक संकट है।


अब्दुल्लाह मंसूर

**इस मानसिक पलायन को हमारे परिवारों में पनपने वाली जरूरत से ज्यादा सुरक्षा देने वाली परवरिश, जिसे 'हेलीकॉप्टरपेरेंटिंग' कहा जाता है, और भी अधिक हवा दे रही है। माता-पिता अत्यधिक प्रेम और सुरक्षा के कारण बच्चों के रास्ते की हर छोटी-बड़ी रुकावट को खुद हटाने लगते हैं, जिससे युवाओं के भीतर अपने दम पर संघर्ष करने और असफलताओं का सामना करने की क्षमता विकसित ही नहीं हो पाती।**

आखिर इस समस्या की जड़ में क्या है और यह क्यों इतनी तेजी से फैल रही है? जब हम इसके कारणों की तलाश करते हैं, तो पता चलता है कि यह आधुनिक समाज और तकनीक का एक सुनियोजित जाल है। आज का युवा एक ऐसे अनिश्चित और गलाकाट प्रतिस्पर्धा वाले दौर में जी रहा है जहाँ हर पल खुद को साबित करने का भारी दबाव रहता है। जब यह मानसिक बोझ सहनशक्ति से बाहर हो जाता है, तो अंदर का तंत्र थककर हार मान लेता है और व्यक्ति इस दबाव से बचने के लिए अपने बिस्तर को एक सुरक्षित किला मानकर उसमें छिप जाता है। इस मानसिक पलायन को हमारे परिवारों में पनपने वाली जरूरत से ज्यादा सुरक्षा देने वाली परवरिश, जिसे 'हेलीकॉप्टरपेरेंटिंग' कहा जाता है, और भी अधिक हवा दे रही है। माता-पिता अत्यधिक प्रेम और सुरक्षा के कारण बच्चों के रास्ते की हर छोटी-बड़ी रुकावट को खुद हटाने लगते हैं, जिससे युवाओं के भीतर अपने दम पर संघर्ष करने और असफलताओं का सामना करने की क्षमता विकसित ही नहीं हो पाती। बड़े होने पर जब वे वास्तविक दुनिया की छोटी-सी भी चुनौती का सामना करते हैं, तो उनका मानसिक तंत्र घबरा जाता है और वे इस डर से बिस्तर में सिमट जाते हैं। इस आंतरिक कमजोरी को ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सर्विलांस कैपिटलिज्म ने एक बड़े अवसर के रूप में भुनाया है, जहाँ सस्ते इंटरनेट और सोशल मीडिया के एल्गोरिदमयूजर का ध्यान इस तरह बांध लेते हैं कि वह चाहकर भी बाहर नहीं निकल पाता। लगातार मिलने वाले डोपामाइन के झटके मस्तिष्क को कभी वास्तविक विश्राम नहीं देते, जिससे कॉग्निटिवकंट्रोल कमजोर हो जाता है और रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम भी पहाड़ जैसे भारी लगने लगते हैं।



यहीं पर माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ा सबक और समाधान भी छिपा है, जिसे समझना बेहद जरूरी है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के लिए 'रेस्क्यूहेलीकॉप्टर' बनना बंद करें। अक्सर अत्यधिक प्रेम और सुरक्षा के कारण माता-पिता बच्चों के रास्ते की हर छोटी-बड़ी रुकावट को खुद ही हटाने लगते हैं, लेकिन स्कूल की छोटी लड़ाइयां, प्रोजेक्ट्स या रोजमर्रा की मुश्किलें बच्चे को खुद ही सुलझाने देनी चाहिए। संघर्ष से ही क्षमता का विकास होता है; जब माता-पिता हर बार बच्चों को बचाने के बजाय उन्हें शुरुआती संघर्षों का सामना करने देते हैं, तो युवाओं के भीतर वास्तविक आत्म-विश्वास और समस्याओं से निपटने की क्षमता यानी रेजिलिएंस पैदा होती है। यही क्षमता उन्हें भविष्य के बड़े तनावों और बेड-रोटिंग जैसी पलायनवादी आदतों से सुरक्षित रखती है। इसके अलावा, युवाओं को खुद भी यह समझना होगा कि आर्टिफिशियलइंटेलिजेंस और तकनीक को अपनी सोच का विकल्प बनाने के बजाय अपने हाथ के एक मददगार विस्तार की तरह इस्तेमाल करें। फोन के उपयोग के लिए एक निश्चित समयसीमा तय करना और योजनाबद्ध तरीके से स्क्रीन का उपयोग करना भी खोई हुई इच्छाशक्ति को धीरे-धीरे वापस मजबूत करने में मदद करता है।

इस डिजिटल कैद से पूरी तरह बाहर निकलने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में 'साइबर-डिटॉक्स' यानी डिजिटल उपवास की आदत डालनी होगी। सप्ताह में कुछ घंटे या दिन ऐसे तय करें जब इंटरनेट और सोशल मीडिया से पूरी तरह नाता तोड़कर प्रकृति के करीब जाया जाए, अपनों के साथ बैठकर खुलकर बात की जाए या किसी खेलकूद और रचनात्मक हॉबी में समय बिताया जाए। आभासी दुनिया की चमक-दमक चाहे कितनी भी लुभावनी क्यों न हो, वह कभी भी वास्तविक जीवन की गर्माहट, हंसी-मजाक और मानवीय रिश्तों के सुकून की जगह नहीं ले सकती।

इस पूरे मानसिक चक्रव्यूह से बाहर निकलने का रास्ता खुद पर अत्याचार करना, खुद को कोसना या अपने ऊपर सामाजिक शर्म थोपना कतई नहीं है। सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह समस्या किसी साधारण आलस्य की नहीं, बल्कि एक गहरे मानसिक संकट की है। अपने प्रति थोड़ी नरमी और करुणा दिखाते हुए बहुत छोटे और सहज कदमों से शुरुआत करनी चाहिए, जैसे कमरे के पर्दे हटाकर थोड़ी सी प्राकृतिक धूप अंदर आने देना या बिस्तर पर लेटे-लेटे कुछ हल्की स्ट्रेचिंग करना। जीवन में संतुलन और सहजता वापस लाने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि हम डिजिटल दुनिया के छलावे को पूरी तरह पहचानें और वर्तमान क्षण की खूबसूरती में जीना सीखें।

जब हम अपनी आंतरिक शक्ति पर भरोसा करना शुरू करते हैं और बिना किसी डर के छोटी-छोटी चुनौतियों का सामना करना सीख लेते हैं, तो यह बिस्तर का चक्रव्यूह अपने आप टूटने लगता है। आइए, इस आधुनिक डिजिटल कैद से बाहर निकलकर एक ऐसी सहज और संतुलित जिंदगी की शुरुआत करें जहाँ हमारा मन और शरीर दोनों वास्तविक रूप से स्वतंत्र हों।

# स्कूली बच्चों को ज्ञान दीजिए अमानवीय प्रताड़ना नहीं

भारत में शिक्षा का अधिकार कानून की धारा 17 स्कूलों में बच्चों को किसी भी तरह के शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीड़न को एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखती है। इस के बावजूद कुछ शिक्षक बच्चों के साथ अमानवीयता की हद तक शारीरिक मानसिक प्रताड़ना करने से बाज नहीं आ रहे हैं।


मनोज अग्रवाल

स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बच्चों की पिटाई और शारीरिक दंड एक गंभीर और गैर-कानूनी समस्या है, जिसपर विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक संस्थाएं भी चिंता जता चुकी हैं। हाल ही में ऐसी की घटनाएं सामने आई है जिनमें शिक्षकों की अमानवीयता और निर्दयता भरी पिटाई के कारण मासूम बच्चों की मौत हो गई अथवा वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हाल ही में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के लिटिल गार्डन स्कूल में 20 अगस्त 2026 को होमवर्क पूरा न करने पर एक 6 साल के छात्र प्रणय तेजा की टीचर की कथित पिटाई और थप्पड़ मारने के बाद क्लासरूम में गिरकर मौत हो गई।दरअसल बच्चे ने होमवर्क पूरा नहीं किया था, जिसके बाद टीचर ने उसे डांटा और थप्पड़ मारा। क्लासरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि थप्पड़ मारने और प्रताड़ित करने के कुछ ही पलों बाद बच्चा बेहोश होकर गिर पड़ा। बच्चे को तुरंत किंग जॉर्ज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि डर और दहशत की वजह से उसे हार्ट अटैक आया।

**सीसीटीवी कैमरे की पुलिस द्वारा हासिल रिकॉर्डिंग में बच्चे की पिटाई और जमीन पर गिरने का दृश्य स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चा घर से स्वस्थ स्थिति में स्कूल के लिए निकला था। उसे कोई रोग भी नहीं था। बाकायदा उसने स्कूल जाने की खुद जिद की।**

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम का इस घटना से सम्बद्ध वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ, जिसमें एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका बच्चे को डांटती और थप्पड़ मारती नज़र आ रही थी। उसके बाद बच्चे को कटे पेड़ की तरह गिरते देखा गया। बताते हैं कि होमवर्क पूरा न करने पर टीचर ने एलकेजी के छह वर्षीय छात्र प्रणय तेजा को पहले बुरी तरह डांटा और फिर उसे जोर से थप्पड़ मारा, जो उसे एक शॉक की तरह लगा। सीसीटीवी कैमरे की पुलिस द्वारा हासिल रिकॉर्डिंग में बच्चे की पिटाई और जमीन पर गिरने का दृश्य स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चा घर से स्वस्थ स्थिति में स्कूल के लिए निकला था। उसे कोई रोग भी नहीं था। बाकायदा उसने स्कूल जाने की खुद जिद की। उसके पिता के अनुसार उनका परिवार एक तीर्थयात्रा पर गया था, जिसकी वजह से वह होमवर्क नहीं कर सका। इसके बाद टीचर के खिलाफ कार्रवाई और निजी स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने और संवेदनशील व्यवहार की मांग तेज हुई। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रशासन ने दलील दी कि खेल के मैदान में गिरने की वजह से बच्चे की जान गई। बताया जाता है कि स्कूल में कोई खेल का मैदान था ही नहीं। पूरी दुनिया में ऐसे तमाम अध्ययन व शोध निष्कर्ष सामने आ चुके हैं कि स्कूली बच्चों का किसी भी तरह शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। यह न केवल शिक्षकों का शैक्षिक दायित्व है बल्कि वे इसके लिये कानूनी रूप से भी बाध्य हैं। लेकिन विडंबना यह है कि शिक्षकों ने जाने क्यों मान लिया है कि किसी छात्र की गलती को दंडित या प्रताड़ित करके ही सुधारा जा सकता है। कहीं न कहीं यह शिक्षकों में धैर्य व तार्किक सोच की कमी को भी दर्शाता है।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी पिछले दिनों ऐसी ही घटना सामने आई। वहां विनोद नगर में एक सरकारी स्कूल की ग्यारह साल की छात्रा की सजा दिए जाने के बाद मौत हो गई। उसका कसूर सिर्फइतना था कि वह क्लास में किताब लाना भूल गई। शिक्षिका ने उसे क्लास के पीछे हाथ ऊपर करके खड़े होने की सजा दी। कक्षा में इस तरह काफी देर तक खड़े रहने और अपमान से आहत होने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। मौजपुर जाफराबाद दिल्ली में एक प्ले स्कूल में 3 साल के मासूम बच्चे को एप्रन की डोरी से 3 घंटे तक कुर्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा गया, थप्पड़ मारे गए और कान खींचे गए, जिससे बच्चे के कान के पर्दे सूज गए।

अमरोहा में हाल ही में दसवीं कक्षा के एक छात्र को स्कूल यूनिफॉर्म न पहनने और बेंच न उठाने पर शिक्षक ने डंडे से बेरहमी से पीटा इसी तरह की अन्य घटना में फरीदाबाद के एक स्कूल में मामूली बात पर छात्रा को चार घंटे खड़े होने की सजा दी गई। घटना से आहत व अपमानित महसूस करके छात्रा ने स्कूल की छत से कूदकर जान दे दी। जालौन उत्तर प्रदेश में तीसरी कक्षा के 8 वर्षीय बच्चे को शिक्षक ने बेरहमी से पीटने के बाद दो घंटे तक बाथरूम में बंद रखा। मध्यप्रदेश संस्कार पब्लिक स्कूल में मामूली कहासुनी के बाद प्रिंसिपल ने 8वीं कक्षा के छात्र को लात-घूंसों से पीटा और जमीन पर लिटाकर बेरहमी से प्रताड़ित किया। विचारणीय प्रश्न है कि प्रशिक्षित शिक्षक इस बात को समझने का प्रयास क्यों नहीं करते कि उन्हें छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। वे क्यों नहीं समझते कि क्लास में सबके सामने दंडित किए जाने से बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर कैसा नकारात्मक असर पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने सभी स्कूलों के शिक्षकों के लिए इस बाबत सभी दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से दे रखे हैं, लेकिन इसके बावजूद अप्रिय हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कई शिक्षक इन कानूनी व नैतिक मापदंडों को ताक पर रखकर बच्चों को प्रताड़ित करते हैं। निस्संदेह, कोई भी शैक्षिक व्यवस्था किसी भी शिक्षक को निरंकुश व्यवहार करने और अपनी भड़ास निकालने की इजाजत नहीं देती। दरअसल, समय के साथ-साथ बच्चों में ऐसे भाव विकसित हो गए हैं कि वे कक्षा में सार्वजनिक रूप से अपमान व प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं करते। समाज में एकल परिवार परंपरा के प्रचलन के बाद बच्चे अभिभावकों के ध्यान के केंद्र में आ गए हैं।

संयुक्त परिवारों में बच्चे मान-अपमान के प्रति इतने ज्यादा संवेदनशील नहीं होते थे। लेकिन आज घर में अकेले होने के नाते मिलने वाले विशिष्ट व्यवहार की अपेक्षा बच्चा स्कूल में भी करता है। फलतः किसी दंड या ताड़ना को वह बेहद गंभीरता से लेता है। आपको पुनः बता दें कानूनन राइट आफ एजुकेशन एक्ट की धारा 17 के तहत भी स्कूलों में किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद, ऐसी घटनाएं बच्चों के विकास और शिक्षा व्यवस्था के काले चेहरे को उजागर करती हैं। बच्चों पर हाथ उठाने वाले शिक्षकों पर भारतीय न्याय संहिता /भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के तहत कानूनी और फौजदारी कार्रवाई की जा सकती है।क्या कदम उठाए जा सकते हैं?घटना की तुरंत स्थानीय पुलिस थाने में लिखित शिकायत या एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए।ऐसी घटनाओं की शिकायत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग या चाइल्डलाइन (नंबरः 1098) पर की जा सकती है।

# राधा अष्टमी पर गूंजे राधा-कृष्ण के जयकारे

अवधनामा संवाददाता


■ हवन-पूजन के साथ मनाया उत्सव

**ललितपुर।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर गांधी नगर नई बस्ती स्थित 1008 श्री राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। राधा अष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया।

धार्मिक वातावरण के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्री राधा-कृष्ण से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की प्रार्थना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भी राधा अष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान राधा-कृष्ण की पूजा की और मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशेष रूप से प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूजा-अर्चना और हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजकों की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान केक काटकर भी राधा अष्टमी का उत्सव मनाया गया।

# अमृत जल योजना के काम से वार्ड 4 के लोग परेशान

अवधनामा संवाददाता

■ डीएम को सौंपा ज्ञापन, सात दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 04 गांधी नगर-द्वितीय में अमृत जल योजना-2 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी सामने आई है। वार्ड की पार्षद पुष्पा-अरविंद राजा ने समस्त वार्डवासियों के साथ जिलाधिकारी एवं अमृत जल योजना-2 के संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर योजना के कार्यों में कथित अनियमितता, सड़कों की बदहाली और कार्य अधूरे छोड़े जाने की शिकायत की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वार्ड में अमृत जल योजना के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा पिछले करीब डेढ़ वर्ष से सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित विभाग से कार्यों की जांच कराकर मानकों के अनुरूप काम पूरा कराने की मांग की है। पार्षद की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड की कई सड़कों पर अभी तक पाइप लाइन नहीं डाली गई है और न ही खोदी गई सड़कों की समुचित मरम्मत कराई गई है। कुछ स्थानों पर पाइप लाइन डाले जाने के बावजूद संबंधित घरों में जल कनेक्शन नहीं दिए जाने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। ज्ञापन के अनुसार, जिन स्थानों पर जल कनेक्शन दिए गए हैं, वहां कई जगह नल (टीटी) नहीं लगाए गए हैं। वहीं जिन सड़कों की मरम्मत कराई गई थी, वे भी कथित रूप से एक से डेढ़ माह के भीतर ही उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। पार्षद पुष्पा-अरविंद राजा और वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर निरीक्षण कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा दोष पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत : धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा ब्रज क्षेत्र की बैठक में संगठन को धार देने पर मंथन



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति एवं जिलाध्यक्षगण की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शनिवार को सरस्वती कुंड परिणय गार्डन मथुरा में चार सत्रों में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर व्यापक मंथन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, ब्रज क्षेत्र प्रभारी एवं महामंत्री गीता शाक्य, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी, प्रदेश महामंत्री राजेश चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव एवं जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने संगठनात्मक कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आपसी समन्वय से होती है। मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने पदाधिकारियों से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने और कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच बेहतर समन्वय से संगठनात्मक कार्यों को और गति मिलती है। प्रथम सत्र में धर्मपाल सिंह ने ब्रज क्षेत्र के विधायकों के साथ अलग से संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया और क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों को लेकर चर्चा की।ब्रज क्षेत्र प्रभारी एवं महामंत्री गीता शाक्य ने बताया संगठनात्मक कार्यों में निरंतरता और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा बनाई गई कार्ययोजना का प्रभाव तभी दिखाई देता है, जब उसे मंडल और बूथ स्तर तक पूरी सक्रियता के साथ पहुंचाया जाए।उन्होंने पदाधिकारियों से कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित समीक्षा और निर्धारित दायित्वों के जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन पर भी जोर दिया।

पूरन सिंह लोधी ने किया कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी ने कहा कि संगठन की मजबूती में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मंडल एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क में रहें और संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी प्रत्येक स्तर तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ संगठन के कार्यक्रमों में सहभागिता करने का आह्वान किया।

# कोर्ट ने दी तीन मुल्जिमों को आठ वर्ष की सजा

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तृतीय न्यायालय के न्यायाधीश श्वेता वमौ ने सदोष मानव वध में तीन अभियुक्तो को 8 वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इसकी जानकारी देते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि घटना 8 दिसम्बर 2008 की है वादी रामखेलावन बिन्द का भतीजो वकील दो लड़को का विवाद सुलझाने मे एक पक्षे के बच्चे को मार दिया था इसी बात को लेकर बच्चे के घर वाले दिन में 1 बजे लाड़ी डन्डा लेकर गाली देते हुए वकील को मारने लगे बचाने के लिए वकील के परिवार के दरोगा व गुलाबी देवी आयी इनको भी मारकर अभियुक्तो ने घायल कर दिया और वकील वही बेहोश हो गया। सदर अस्पताल से डाक्टरो ने बीएचयू रेफर दिया था दौरान इलाज 8 दिन के बाद वकील की मृत्यु बीएचयू मे हो गयी थी। घटना का एफआईआर 12 दिसम्बर 2008 को थाना जमानियां में दर्ज हुआ। पुलिस ने 16 जनवरी 2009 को आरोप पत्र न्यायालय मे दाखिल किया।

सभी अभियुक्त एक ही परिवार के है। अभियोजन पक्ष ने कुल 9 गवाहो को परीक्षित कराया साक्ष्योपरान्त न्यायालय ने गुणदोष का परिक्षण करने के बाद अभियुक्तगण श्रीराम बिन्द, बुद्धिराम बिन्द व संजय को 304 आईपीसी में 8 वर्ष सश्रम कारावास व 323/34 में एक वर्ष सश्रम कारवास, 504 आईपीसी मे 2 वर्ष सश्रम करावास तथा 506 आईपीसी से 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा तथा प्रत्येक को 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# गलत दिशा से आए ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 के विरधा बाईपास के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत दिशा में आ रहे ट्रक ने दिल्ली से चेन्नई जा रहे मालवाहक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मालवाहक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें सवार क्लीनर मुस्तकीम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के एक पैर में फ्रैक्चर होने के साथ ही सिर में भी गंभीर चोटें आईं। मामले में कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के पलवल जिले के हथीन थाना क्षेत्र के ग्राम बुराका निवासी साकिर खाँन पुत्र वाहिद खाँन अपने मालवाहक ट्रक संख्या आर.जे. 06 जी.ई. 0950 से दिल्ली से चेन्नई की ओर जा रहे थे। 10 अगस्त की रात करीब नौ बजे उनका ट्रक जब ललितपुर में विरधा बाईपास के पास एनएच-44 पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक संख्या एच.आर. 61 ई 0331 के चालक ने तेज गति एवं गलत दिशा में आकर उनके ट्रक में टक्कर मार दी।

# 'व्रज कृष्ण की भूमि है और संतों की'

अवधनामा संवाददाता


■ स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**वृंदावन (मथुरा)।** संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को स्वामी हरिदास जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल रामेन डेका ने स्वामी हरिदास जी को नमन करते हुए कहा कि सबसे पहले ब्रज की इस पवित्र धरा को नमन, जहां भगवान श्रीकृष्ण राधारानी के साथ स्वयं विचरण करते थे और जहां भक्ति स्वयं नृत्य करती है। भक्ति के वशीभूत होकर बड़े-बड़े संतों ने वृंदावन को अपनी साधना का केंद्र बनाया। यह कृष्ण की भूमि है और संतों की भूमि है। ऐसी पवित्र भूमि पर आयोजित स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव में शामिल होना उनका परम सौभाग्य है।

उन्होंने कहा कि स्वामी हरिदास जी महाराज ब्रज की समृद्ध भक्ति परंपरा की वह दिव्य विभूति थे, जिन्होंने रास रचाते श्रीकृष्ण का अलौकिक साक्षात्कार किया। उन्होंने केवल श्रीराधाकृष्ण की अद्भुत छवि का दर्शन ही नहीं किया, बल्कि अपनी स्वर साधना के माध्यम से उन्हें एकाकार रूप में धरा पर प्रकट किया, जिनके दर्शन आज ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज के रूप में होते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि स्वामी हरिदास जी ऐसे संत थे, जिन्होंने भारतीय संगीत को विशिष्ट पहचान प्रदान की। आज देशभर के महान संगीतज्ञ स्वामी हरिदास जी को भावांजलि अर्पित करना अपना सौभाग्य समझते हैं। संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास समिति एवं गोपी गोस्वामी के प्रयासों से उन्हें भी स्वामी हरिदास जी को नमन करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि स्वामी हरिदास जी की सुर साधना से प्रकट ठाकुर बांके बिहारी जी भौतिक जगत के लिए अनुपम उपहार हैं। उन्होंने कहा कि ब्रज की इस पावन धरा पर किसी भी रूप में आने का अवसर मिलना राधारानी की कृपा से ही संभव है।

## संक्षिप्त खबरें

### गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ भव्य जवाबी कीर्तन

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** नगर जालौन में गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में बाजार बैठगंज में भव्य जवाबी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और देर रात तक भक्ति गीतों एवं भजनों की मधुर प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कीर्तन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु जयकारों के साथ भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा गणेश महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवक भी सक्रिय रहे। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

### हाथी वध महोत्सव समिति की युवा कार्यकारिणी गठित

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** कुबलियापीड हाथी वध महोत्सव समिति रजिस्टर्ड मथुरा की बैठक शनिवार को श्रीजी बाबा आश्रम में आयोजित हुई। बैठक में महोत्सव एवं शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समिति की नई युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति के संस्थापक सदस्य एवं मार्गदर्शक पं. राज नारायण गौड़, पं. राजीव शर्मा व पं. बंसीलाल शर्मा की सहमति से समिति अध्यक्ष आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने नई युवा टीम की घोषणा की। इसमें सागर शर्मा को युवा अध्यक्ष, रिजुल अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनीत मलिक को युवा मेला संयोजक, मकसूदन गोस्वामी को युवा महामंत्री, योगेंद्र सिंह को युवा मंत्री तथा विपिन चड्ढा को युवा उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में आगामी कुबलियापीड हाथी वध महोत्सव एवं शोभायात्रा को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मेला संयोजक अजय कुमार सैनी, सराफ विपिन ओझा सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन समिति के महामंत्री पं. अभिषेक शर्मा आशु' ने किया।

### रिफाइनरी की पहलः वाइल्डलाइफ को सौंपीं विशेष एम्बुलेंस

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** इंडियनऑयल की मथुरा रिफाइनरी ने वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए संस्था 'वाइल्डलाइफ एसओएस' (एलिफेंट कंजर्वेशन एंड केयर सेंटर, फराह, मथुरा) को दो विशेष रूप से डिजाइन की गई एम्बुलेंस प्रदान की हैं। ये एम्बुलेंस संकट में फंसे, घायल एवं अस्वस्थ वन्यजीवों के सुरक्षित व त्वरित रेस्क्यू तथा परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वाइल्डलाइफ एसओएस विगत कई वर्षों से वन्यजीवों के रेस्क्यू, उपचार और पुनर्वास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। संस्था हाथियों के अलावा भालू, तेंदुए, मगरमच्छ, सांप और अन्य वन्यजीवों को बचाने तथा उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। मथुरा रिफाइनरी द्वारा प्रदान की गई इन विशेष एम्बुलेंस में रेस्क्यू किए गए वन्यजीवों को सुरक्षित रूप से उपचार एवं पुनर्वास केंद्र तक पहुंचाने के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### श्रद्धालु से दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग, सुरक्षा पर सवाल

**वृंदावन, मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** धर्मनगरी वृंदावन में एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देकर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। गाजियाबाद निवासी एक श्रद्धालु जब अपने परिवार के साथ परिक्रमा कर रहे थे, तभी अपाचे सवार बदमाश झपट्टा मारकर उनके गले से करीब तीन तोले की सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। मूल रूप से मेरठ और वर्तमान में गाजियाबाद निवासी अभिषेक चौधरी अपनी पत्नी और दो भाइयों के साथ शनिवार सुबह वृंदावन परिक्रमा करने पहुंचे थे। सुबह करीब 4:00 बजे उन्होंने परिक्रमा शुरू की थी। करीब 7:30 बजे जब वे पानीघाट से होते हुए भैंस बहोरा निकट सुदामा पुरी पार्किंग की ओर लौट रहे थे (पार्किंग से महज 100-200 मीटर पहले), तभी पीछे से आए एक अपाचे बाइक सवार युवक ने अभिषेक के गले पर झपट्टा मारा और सोने की भारी चेन तोड़कर भाग निकला।

# रेलवे स्टेशन परिसर से वाहन हटाए, टैक्सी चालकों में रोष

अवधनामा संवाददाता


■ आरपीएफ की कार्रवाई के बाद देवगढ़ तिराहे पर लगा लंबा जाम

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार को आरपीएफ की कार्रवाई के बाद उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब स्टेशन परिसर में खड़े बसों, कारों और टैक्सियों को बाहर कर दिया गया। अचानक बड़ी संख्या में वाहनों के बाहर निकलने से स्टेशन तिराहे पर यातायात का दबाव बढ़ गया और कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। वाहनों की कतार रेलवे स्टेशन से लेकर ललित पैलेस तक पहुंच गई। कार्रवाई से टैक्सी चालकों में भी रोष देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के आसपास बसों और अन्य वाहनों के खड़े रहने से यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। यात्रियों की ओर से इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद शनिवार सुबह आरपीएफ/जीआरपी थानाध्यक्ष अर्जुन आर. विडासर के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई। आरपीएफ थानाध्यक्ष अर्जुन आर. विडासर के अनुसार स्टेशन के बाहर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ बसें बिना अनुमति के रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी थीं, जिसके चलते उन्हें परिसर से बाहर किया गया। स्टेशन परिसर से वाहनों को बाहर किए जाने के बाद बड़ी संख्या में वाहन एक साथ सड़क पर आ गए। इससे स्टेशन तिराहे और देवगढ़ तिराहे की ओर यातायात का दबाव बढ़ गया। कुछ समय के लिए स्थिति ऐसी बनी कि वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों व राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की कतार रेलवे स्टेशन से लेकर ललित पैलेस तक पहुंचने की बात सामने आई। कार्रवाई के बाद टैक्सी चालकों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए उन्हें वाहनों के साथ स्टेशन के आसपास रहना पड़ता है। यदि वाहनों को खड़ा करने की कोई निर्धारित व्यवस्था नहीं होगी तो यात्रियों को लेने और छोडने में परेशानी होगी।

# मुख्य गोदाम में बोरियों से खाद्य सामग्री निकालने का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** तालबेहट तहसील क्षेत्र के थाना बार अंतर्गत बिधा महावत के पास स्थित मुख्य गोदाम में खाद्य सामग्री एवं अनाज की बोरियों से कथित रूप से सामग्री निकाले जाने और भारी अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल उपाध्यक्ष झांसी कीरत बाबा, निवासी बार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गोदाम में रखी बोरियों से खाद्य सामग्री अथवा अनाज निकाले जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने का भी दावा किया है। आरोपों की वास्तविकता की जांच के लिए गोदाम का भौतिक सत्यापन कराने तथा उपलब्ध अभिलेखों और मौके पर मौजूद स्टॉक का मिलान कराने की मांग की गई है। कीरत बाबा के अनुसार, गोदाम में रखी बोरियों से खाद्य सामग्री निकाले जाने की स्थिति वीडियो में दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि यदि निर्धारित मात्रा में सामग्री गोदाम में रखी गई थी और बाद में बोरियों से सामग्री निकाली गई है तो इससे स्टॉक में कमी और संभावित हेराफेरी की स्थिति की जांच आवश्यक हो जाती है। हालांकि, ज्ञापन में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। भाकियू नेता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गोदाम में उपलब्ध खाद्य सामग्री की वास्तविक मात्रा का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

# हथना के तालाब में मगरमच्छ दिखा, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**उरई (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हथना में तालाब के अंदर मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया।

सूचना मिलने पर वन विभाग के क्षेत्राधिकारी कोमल सिंह वर्मा ने वन इंस्पेक्टर मुबारक को टीम के साथ टीम मौके पर पहुंचाया, मौके पर पहुची टीम ने तालाब का निरीक्षण किया। टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन तालाब में पानी अधिक होने के कारण रेस्क्यू अभियान तत्काल शुरू नहीं किया जा सका। वन विभाग की टीम ने ग्राम सचिव से तालाब का पानी निकलवाने की व्यवस्था कराने को कहा है, ताकि पानी कम होने के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ा जा सके। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से तालाब के आसपास न जाने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

# अति प्राचीन रामलीला मंचन का आयोजन 6 अक्टूबर से


■ हरिशंकरी' से धनुष-मुकुट पूजन से प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** अति प्राचीन रामलीला कमेटी' हरिशंकरी के निर्देशन में पिछले सैकड़ों वर्षो से श्रीरामचरित मानस ग्रंथ पर आधारित परम्परागत रामलीला का सफल मंचन होता रहा है। उक्त जानकारी कमेटी ने पत्रकार वार्ता में दी। बताया गया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन 'वन्दे वाणी विनायकों आदर्श श्रीरामलीला मंडल' के द्वारा किया जायेगा। इस वर्ष रामलीला का मंचन 19 दिनों तक होगा। इस प्राचीन रामलीला का मंचन 06 अक्टूबर तिथि एकादशी दिन मंगलवार को पारंपरिक रूप से धनुष-मुकुट पूजन से प्रारंभ होगी। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न स्थलों पर मंचित होते हुए 16 अक्टूबर को विशाल रामलीला मैदान लंका में पहुंचेगी। 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक की रामलीला का मंचन रामलीला मैदान लंका में ही सम्पन्न होगा। आगामी 20 अक्टूबर दिन 'मंगलवार' को विजयादशमी पर्व का आयोजन है। उस दिन रामलीला मैदान, लंका में सायं 07:30 बजे से श्री राम-रावण युद्ध का मंचन व रात्रि आठ बजे सैकड़ों वर्षो की परंपराओं के अनुसार लगभग 60 फीट ऊंचे आकर्षक रावण का पुतला दहन मुख्य अतिथि, कमेटी के संरक्षक जिलाधिकारी गाजीपुर एवं कमेटी के सह-संरक्षक पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के द्वारा बटन दबाकर किया जायेगा।

# नाबालिग से छेड़खानी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** नाबालिग से छेडख़ानी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को थाना बार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि थाना बार में दर्ज मु0अ0सं0 223/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त ग्राम मथुराडांग निवासी बृजमोहन पुत्र बलबीर को गिरफ्तार किया गया है।

# 'बिना गुरु ज्ञान प्राप्ति संभव नहीं'

अवधनामा संवाददाता



■ राधाष्टमी के पावन पर्व पर मना हथियाराम पीठाधीश्वर का आविर्भाव दिवस

**गाजीपुर।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति व जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनन्दन यति जी महाराज का प्राकट्योत्सव (आविर्भाव दिवस) भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की राधाष्टमी पर शनिवार को विशिष्ठ जनों, श्रद्धालुओं व भक्तजनों की गरिमामयी उपस्थिति में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये अतिविशिष्ट, विशिष्ठ अतिथियों, विशिष्ठ संत महात्माओं, बुद्धिजीवियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित हजारों की संख्या में उपस्थित शिष्य श्रद्धालुओं ने महराजश्री का चरणवन्दन कर आशिर्वाद लिया। उनके दीर्घायु होने की कामना की। समारोह में जयपुर राजस्थान से आयी गायिका आकांक्षा राव तथा आर्यन ने अपने सुमधुर गीतों और भजन के माध्यम से गुरु व ईश वन्दना कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व समारोह का शुभारम्भ वैदिक ब्राह्मणों द्वारा गुरु पूजन, स्वस्तिवाचन व मंगलाचरण से हुआ, वहीं शिष्य-श्रद्धालु जनों ने गुरू पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आनंद कुमार त्यागी कुलपति महात्मा गांधी वाराणसी, रमेश जी प्रचारक गोरक्ष प्रांत, महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी रसड़ा, काशीनरेश की पुत्री डा कृष्ण प्रिया व ज्योतिषाचार्य राजपुरोहित झां जी, कमिश्नर आजमगढ़ विवेक मिश्र, प्रभारी जिला जज अंकित बरनवाल, डीएम गाज़ीपुर अनुपम शुक्ला ,एसपी गाज़ीपुर डा ईरज राजा, सीडीओ गाज़ीपुर,अपर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ज्ञानेंद्र जी, जेआरएस कोचिंग वाराणसी के विजय नारायण राय, संतुष्टि हास्पिटल वाराणसी के डा. सजय गर्ग, आर एस एस व भाजपा के वरिष्ठजनों ने अपने वक्तव्य में महाराष्ट्र श्री के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चल कर सनातन व राष्ट्र की उन्नति में काम करने का आह्वान किया और महाराज श्री को जन्मदिन की बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि महाराज श्री संत परम्परा के साथ ही साथ राष्ट्र परम्परा के संवाहक हैं। गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया कि बिना गुरु ज्ञान प्राप्ति संभव नहीं है। गुरु साक्षात ब्रह्म हैं जो आध्यात्मिक चेतना जगाकर भक्तों को सही मार्ग दिखाते हैं।

# अपराध समीक्षा बैठक में एसपी के सख्त निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ने जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न थाना क्षेत्रों में घटित अपराधों की प्रकृति एवं अपराधियों की जानकारी लेते महिला संबंधी अपराधों, टॉप-10 अपराधियों, गुंडों, माफियाओं एवं अन्य आपराधिक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी ने सुरक्षा एवं साक्ष्य संकलन के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों की स्थापना व लिंकिंग, कंट्रोल रूम की व्यवस्था, पुलिस बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, पुलिस पेंशनरों की बैठक, जनसुनवाई प्रार्थना पत्र, आईजीआरएस तथा ऑपरेशन दृष्टि/त्रिनेत्र की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने जनपद के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से आए पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सम्मेलन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** तहसील छिबरामऊ में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 240 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष 220 शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए डीएम ने निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही, शिथिलता या अनावश्यक देरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा, आवास, भूमि विवाद समेत स्थानीय समस्याओं से जुड़े मामलों में अधिकारी आवश्यकता के अनुसार स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करें और तथ्यों की जांच के बाद नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई करें। डीएम ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं में कोई पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे। अधिकारियों को पात्रता की जांच कर लंबित प्रकरणों में समय से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के साथ ही निस्तारण की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा करने को कहा।




240 शिकायतों में 20 का मौके पर निस्तारण, बाकी 220 पर एक सप्ताह में कार्रवाई के निर्देश

### आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों पर भी नजर

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि शिकायतों का केवल कागजों पर निस्तारण दिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक और संतोषजनक समाधान होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, तहसीलदार सहित विभिन्न जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा की सरकार बनने पर खेरेश्वर महादेव मंदिर को देंगे भव्य स्वरूप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम बसावनपुरवा मौजा असौलिया में निर्माणाधीन खेरेश्वर भगवान महादेव मंदिर में शनिवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण कुमार शर्मा पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए 5100 रुपये नकद और एक ट्रॉली मौरंग सहयोग स्वरूप प्रदान की।

इससे पूर्व मौजूद क्षेत्र के ग्रामीण व बुजुर्गों फूल मालायें पहनाकर डॉ. अरुण कुमार शर्मा का सम्मान किया। बुजुर्गों के स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत डॉ. शर्मा ने कहा कि यह अपनापन उनके लिए अनमोल है और वह इसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे। इस दौरान सलोवा राष्ट्रीय सचिव अरुण शर्मा ने महादेव से प्रार्थना करते हुए कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बने और वह मुख्यमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद खेरेश्वर महादेव मंदिर को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया जाएगा, ताकि यह मंदिर आसपास के कई जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन सके।

# रोहली मेले में डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

जाहरा देवी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का लिया जायजा, अफसरों को दिए कड़े निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** थाना तालग्राम क्षेत्र के प्रसिद्ध जाहरा देवी मंदिर, रोहली में चल रहे मेले की व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मेला परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और पार्किंग समेत श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी इंतजाम किए जाएं। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सक्रिय रहें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी ने दिए कड़े निर्देश पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मेले में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। संदिग्ध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के साथ भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया गया। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी अपने निर्धारित स्थानों पर मुस्तैदी से मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करें। डीएम-एसपी ने सभी अधिकारियों को लगातार निगरानी रखते हुए मेले को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# ऐसे आयोजन समाज में एकता व सद्भाव का संदेश देते हैं : तहसीन



मां जहारा देवी के दर्शनार्थियों के लिए बुलबुल कोल्ड स्टोरेज द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम रोहली स्थित मां जहारा देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद लौट रहे हजारों श्रद्धालुओं के लिए बुलबुल कोल्ड स्टोरेज रोहली के तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के अनुज एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने समर्थकों के साथ पहुंचकर स्वयं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य में सहभागिता की। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने कहा कि मां जहारा देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। भंडारा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सेवा और सामाजिक सौहार्द की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सभी वर्गों की सहभागिता समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देती है। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी और देर तक प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। इस अवसर पर एडवोकेट आफताब हुसैन, पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी, मैनूर खान, रिजवान खान, सभासद सैनुद्दीन सिद्दीकी उर्फ भूरा, कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विश्व ओजोन दिवस मनाया

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जंतु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व ओजोन दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा के डॉ सुशांत दास ने बताया कि ओजोन का निर्माण ऑक्सीजन के तीन पार्टिकल्स के मिलने से होता है। जब पॉल्यूशन के माध्यम से क्लोरोफ्लोरोकार्बन ओजोन की परत से टकराते हैं तब नुकसानदायक होते हैं। ओजोन परत की सुरक्षा के लिए ब्ध्ें एवं अन्य ओजोन का क्षरण करने वाले पदार्थों का उपयोग कम करना, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाना, ऊर्जा संरक्षण तथा जन-जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। आयोजन सचिव प्रोफेसर एमपी सिंह ने बताया की प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को ओजोन दिवस का आयोजन होता है। यह परत सूर्य से निकलने वाली हानिकारक अल्ट्रावायलेट रेज को रोकने का काम करती है।

# 'मातंग कन्या' ने दिया समानता और मानवीय गरिमा का प्रभावी संदेश

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र लोक सेवा मंडल, अलोपीबाग में शनिवार को आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव के अवसर पर विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान एवं नृत्यम, प्रयागराज द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की कालजयी रचना 'चंडालिका' पर आधारित नृत्य नाटिका 'मातंग कन्या' का प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रस्तुति ने जाति-भेद, सामाजिक असमानता और मानवीय गरिमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को नृत्य, अभिनय और संगीत के माध्यम से प्रभावी ढंग से दर्शाया

नृत्य नाटिका का संयोजन विनोद रस्तोगी संस्था के सचिव अजय मुखर्जी ने एवं निर्देशन सायोनी भट्टाचार्या ने किया। मंच पर सायोनी भट्टाचार्या, उत्कर्ष जायसवाल एवं अहोना भट्टाचार्या ने प्रमुख भूमिकाओं में प्रकृति, माया और बौद्ध भिक्षु आनंद के चरित्रों को जीवंत किया। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय और नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी विपिन शर्मा की स्मृति में युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किए जाने वाले 'विपिन शर्मा स्मृति युवा कलाकार सम्मान 2026' से युवा कलाकार एवं नृत्यांगना सायोनी भट्टाचार्या को सम्मानित किया गया। प्रस्तुति में सह-कलाकारों के रूप में दिव्यांश, अंतरा, मनस्वी, अंशिका, अनुराग, आदित्य, मुद्रिका, दृश्या एवं गजेंद्र ने प्रभावी सहभागिता की। नाटक का प्रकाश संयोजन सुजॉय घोषाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, दर्शकों, कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने छापेमारी कर कच्ची शराब व उपकरण सहित दो को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं सीओ सदर सुरेश कुमार के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत छापा मार करवाई कर भारी मात्रा में अवैध शराब एवं बनाने के उपकरण बरामद करते हुए दो लोगों पर कार्रवाई की गई है। शुक्रवार की सुबह तड़के मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, समधन चौकी प्रभारी सूर्यप्रकाश उपाध्याय, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, राजू तथा कांस्टेबल विकुल कुमार, बिहारी, सत्यप्रकाश, संतोष और संजू के साथ ग्राम खाडेदेवर में गिहार बस्ती स्थित कब्रिस्तान के पास कार्रवाई करते हुए कच्ची शराब बनाने के धंधे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से सरजू उर्फ सूरज पुत्र जगदीश, तथा संजय पुत्र नेकसे निवासीगढ़ ग्राम खाड़ेदेवर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की। शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जप्त कर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया।



# गणेशोत्सव पर छात्राओं ने बनाई आकर्षक गणेश प्रतिमाएं



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शोआ फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज में गणेशोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए भगवान गणेश की आकर्षक एवं अद्भुत प्रतिमाएं बनाई। उत्कृष्ट प्रतिमाएं बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक हुसैन असगर काजमी ने कहा कि सभी त्योहार हमारे जीवन में खुशियां लाने के साथ-साथ हमें अनेकता में एकता का संदेश भी देते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। कॉलेज के सचिव आसिम रज़ा ने कहा कि यही हमारे देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब है, जिसकी वजह से विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों को प्रेम और सौहार्द के साथ मिलकर मनाते हैं। प्रधानाचार्या मीरा त्रिपाठी ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन तथा उनकी रचनात्मक पहल के लिए धन्यवाद दिया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द से सराबोर रहा।

# डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में तहसील सण्डीला में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक प्रकरण का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सण्डीला नारायणी भाटिया, खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड-बेंहदर संस्कृति त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भावनाथ पाण्डेय, पीडी डीआरडीए अशोक कुमार मौर्य, सीओ सण्डीला श्लोक गौतम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## दहेज में अकर एक प्लाट नहीं दिलवाया तो तेरी हत्या कर देंगे

**शिकोहाबाद।** दहेज लोभियों का विवाहिता पर उत्पीड़न चरम सीमा पर हो रहा है। विवाहिता को अतिरिक्त दहेज में एक प्लाट की मांग की। चेतावनी दी अगर प्लाट नहीं दिलाया तो ससुराल मत आना। बिना प्लाट के अगर आई तो तेरी हत्या कर देंगे। पीड़िता ने थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र रामगढ़ के मोहल्ला ऊर्दू नगर निवासी युवती सोनम का निकाह शिकोहाबाद के गांव दिखतौली निवासी इशरद अली के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने दस लाख रुपये नकद, एक डबल बैड, कूलर, अलमारी, फ्रिज, एलईडी, टीवी, वाशिंग मशीन तथा एक मोटर साइकिल अपाचे तथा उसके पति को एक सोने की जंजीर एक अंगूठी सोने की और उसको झुमकी एक जोड़ी सोने की एक करधनी चांदी की तथा कपड़े और दो लाख रुपये बारात की दाबत में खर्च किए। आरोप है कि शादी के बाद उसके पति और ससुरालीजन खुश नहीं हुए।

उसका पति और ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में शिकोहाबाद में एक प्लाट मांगने लगे।

# पोस्टमास्टर जनरल ने की मण्डलाध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 'डिजिटल इंडिया' की परिकल्पना के अनुरूप भारतीय डाक अपने व्यापक नेटवर्क को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए सेवा वितरण को अधिक सरल, त्वरित, सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। डिजिटल तकनीकों के समावेश से डाकघरों में सेवाओं की दक्षता बढ़ी है और ग्राहकों को अनेक सुविधाएँ अधिक सुगमता एवं सुविधा के साथ उपलब्ध हो रही हैं। जनसेवा से डिजिटल सेवा तक, बदलते भारत के साथ निरंतर डाक विभाग कदमताल कर रहा है। सुरक्षित निवेश, सुनिश्चित रिटर्न और आकर्षक ब्याज दरों के चलते डाकघर की बचत योजनाएँ आज भी लोगों के बीच विश्वास और लोकप्रियता का प्रमुख आधार बनी हुई हैं। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने 'मेघदूतम्' सभाकक्ष, क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद में आयोजित मण्डलाध्यक्षों एवं उपमंडलाध्यक्षों, के वित्तीय वर्ष 2026-27 के अब तक के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव द्वारा डाक विभाग के बिज़नेस की श्रेणीवार समीक्षा की गई। इनमें डोमेस्टिक मेल्स, पार्सल, इंटरनेशनल मेल, बचत बैंक सेवाएँ, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा, नागरिक केन्द्रित सेवाएँ-आधार, पासपोर्ट, फिलेटली और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक शामिल रहीं। उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि समग्र वित्तीय वर्ष 2026-27 के राजस्व लक्ष्य 349.51 करोड़ के सापेक्ष अगस्त-2026 तक उत्तर गुजरात डाक परिक्षेत्र ने 110.85 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 55 फीसदी की शानदार वृद्धि को दर्शाता है।

# सरकार पूरा कर रही युवाओं से किया वादाः कृषि मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग की ओर से एक्सरे टेक्नीशियन व होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से नियुक्ति पत्र वितरण के साथ जिले के अभ्यर्थियों के चयन को देखते हुए स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से युवाओं को रोजगार देने का वादा नियुक्ति पत्र वितरण के माध्यम से पूरा हो रहा है। बिना भेदभाव के चयनित अभ्यर्थी इसका साक्षात प्रमाण हैं । उन्होंने कहा कि जिले विभिन्न गांवों के छात्र-छात्राओं और युवाओं ने चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है।

विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने चयनित अभ्यर्थियों से सेवा भाव के साथ जनपद, प्रदेश और देश की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की वर्ष 2024 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया के तहत जिले के 8 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट और 5 एक्सरे टेक्नीशियन चयनित हुए हैं।

कार्यक्रम में सीडीओ राजेश कुमार, प्रभारी सीएमओ डॉ एसके सिन्हा, एसीएमओ डॉ अजीत कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ विपिन रंजन, सहित जिला होम्योपैथिक अधिकारी समेत आयुष विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




एक्सरे टेक्नीशियन व होम्योपैथिक फार्मासिस्ट में चयनित अभ्यर्थीयों का न्युक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

## चेतना का पुंज है भारत और हर नागरिक को सुखी रहने का अधिकार

**सुलतानपुर।** श्री अरविंद सोसाइटी के तत्वाधान में आज महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में श्भारत का भविष्य और विश्व के प्रति नियतिश् विषय पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धिक विमर्श से भरे इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, भारतीय संस्कृति और वैश्विक कल्याण पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य, प्रख्यात शिक्षाविद् और विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह ने की, जबकि मंच का सफल संयोजन हिंदी प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पर मुख्य अतिथियों ने भारत माता और महर्षि अरविंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का आगाज किया। इसके बाद संस्थान की परंपरा के अनुरूप अरविंद सोसाइटी के सचिव एसपी सिंह, अध्यक्ष बजरंग बहादुर सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह और सदस्य ज्ञान प्रकाश यादव को अंगवस्त्रम और माल्यार्पण भेंट कर सम्मानित किया गया।

# अधिवक्ता समाज के हित में निरंतर कार्य कर रही सरकार

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ अधिवक्ता परशुराम मिश्रा द्वारा किया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि यह सरकार अधिवक्ताओं के हित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनके इलाज के लिए पांच लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं तथा न्यायालय परिसरों में बैठने की समुचित व्यवस्था करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज के हित के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। शोषित एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगाने के साथ ही मनोयोग से कार्य करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी न्याय दिलाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शासकीय अधिवक्ताओं का वेतन/मानदेय बढ़ाने का कार्य भी इस सरकार ने किया है। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता सदैव समाज को दिशा दिखाने का कार्य करते आए हैं। साथ ही न्यायिक पीठासीन अधिकारियों के समक्ष वास्तविक तर्क एवं तथ्य रखते हुए पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उनके इस पहल एवं प्रयास से पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलता है। आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री एवं सदर विधायक ने अधिवक्ताओं एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं तथा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर उर्फ प्रीतम मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ताओं में रामानुज शुक्ला, उमेश नारायण श्रीवास्तव, चंद्रबली शुक्ल, इष्टदेव तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, गिरीश शुक्ला, संदीप कुमार मिश्रा, सिंहासन गिरी, सिविल कोर्ट के अध्यक्ष मनोज मिश्रा, सतीश चंद्र पति त्रिपाठी, पंचानन शुक्ला, मारकंडेय लाल श्रीवास्तव, राजेश कुमार पांडेय, श्रीराम त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष सिविल कोर्ट, एडवोकेट केसरी नाथ पांडेय, मोहन दूबे, आशुतोष सिंह, के. के. सिंह, इलियास अहमद एवं राघव पांडेय को अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अंत में कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य अतिथियों के प्रति आभार जताया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज प्रसाद राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, ब्लॉक प्रमुख पथरदेवा सुब्रत शाही, जिला अध्यक्ष भाजपा काली प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तथा अन्य अधिवक्तागण, अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित अधिवक्ता सम्मान समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

## नैनीताल के कैंची धाम के पास जरूर घूम आएं
# भवाली से लेकर नगरी गांव और श्यामखेत तक है खूबसूरत नजारा



**नैनीताल।** उत्तराखंड की पहाड़ियों में स्थित कैंची धाम देशभर में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। बाबा नीम करौली के आश्रम के रूप में पहचाने जाने वाले इस स्थान पर हर महीने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन कैंची धाम की यात्रा केवल दर्शन तक सीमित नहीं है। अगर आपके पास दर्शन के बाद कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसके आसपास मौजूद खूबसूरत पहाड़ी इलाकों को भी देखा जा सकता है।

कैंची धाम नैनीताल जिले में स्थित है और यहां से आसपास के कई प्राकृतिक स्थल कम दूरी पर मौजूद हैं। भवाली, नगरी गांव और श्यामखेत ऐसे ही स्थान हैं, जहां धार्मिक यात्रा के साथ प्रकृति, पहाड़, हरियाली और स्थानीय जीवन का अनुभव किया जा सकता है।

**कैंची धाम के बाद कहां जाएं?**

कैंची धाम के आसपास घूमने की सबसे अच्छी बात यह है कि इन जगहों तक पहुंचने के लिए बहुत लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ती। कुछ स्थान तो वापसी के रास्ते में ही पड़ते हैं। ऐसे में अगर आपके पास कुछ घंटे का समय है, तो आप इन जगहों को अपनी यात्रा में शामिल कर सकते हैं।

**1. भवाली — पहाड़ी बाजार और स्थानीय स्वाद का आनंद**

कैंची धाम से नीचे की ओर जाते हुए भवाली घूमने के लिए अच्छा विकल्प है। यह कैंची धाम से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर बताया जाता है और नैनीताल की ओर लौटते समय रास्ते में भी पड़ता है।

भवाली अपने पहाड़ी बाजार, प्राकृतिक वातावरण और आसपास के खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है। यहां रुककर आप स्थानीय बाजार में घूम सकते हैं और पहाड़ी जीवन की झलक देख सकते हैं।

**भवाली में क्या करें?**

पहाड़ी बाजार में घूम सकते हैं।
स्थानीय उत्पाद और पहाड़ी सामान खरीद सकते हैं।
स्थानीय व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं।
आसपास के पहाड़ी नजारों का आनंद ले सकते हैं।
यात्रा के बीच कुछ समय आराम करने के लिए रुक सकते हैं।
आसपास की प्राकृतिक सुंदरता और पहाड़ी वातावरण का आनंद लिया जा सकता है।

अगर आपके पास ज्यादा समय नहीं है, तो भी भवाली में कुछ देर रुककर घूमना आपकी यात्रा को और यादगार बना सकता है।

**2. नगरी गांव — शांति और प्रकृति के बीच बिताएं समय**

भवाली घूमने के बाद आप नगरी गांव की ओर भी जा सकते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह कैंची धाम से करीब 10 किलोमीटर और भवाली से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर है।

अगर आप भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों के बजाय शांत और प्राकृतिक माहौल पसंद करते हैं, तो नगरी गांव आपके लिए दिलचस्प जगह हो सकता है। यहां पहाड़, हरियाली और ग्रामीण परिवेश मिलकर एक अलग अनुभव देते हैं।

**नगरी गांव में क्या खास है?**

नगरी गांव की सबसे बड़ी खासियत इसका शांत वातावरण है। यहां आपको शहरों जैसी भीड़भाड़ और शोर कम देखने को मिलता है। पहाड़ी रास्तों पर चलते हुए आसपास के प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लिया जा सकता है।

यहां आप–
गांव के आसपास टहल सकते हैं।
पहाड़ों और हरियाली का आनंद ले सकते हैं।
स्थानीय लोगों के रहन-सहन को करीब से देख सकते हैं।
ग्रामीण उत्तराखंड की जीवनशैली को समझ सकते हैं।
शांत वातावरण में कुछ समय बिता सकते हैं।
प्राकृतिक दृश्यों की तस्वीरें ले सकते हैं।

प्रकृति और शांत वातावरण पसंद करने वाले लोगों के लिए यह जगह यात्रा के दौरान सुकून देने वाला अनुभव दे सकती है।

**3. श्यामखेत — चाय के बागानों के बीच हरियाली का आनंद**

श्यामखेत भी कैंची धाम के आसपास घूमने वाली खूबसूरत जगहों में शामिल है। यह भवाली से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर बताया जाता है और कैंची धाम से यहां तक पहुंचने में लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ सकती है।

श्यामखेत की खास पहचान यहां के चाय बागान हैं। पहाड़ों के बीच फैली हरियाली और चाय के पौधों से घिरा वातावरण इसे बाकी जगहों से अलग बनाता है।

**श्यामखेत क्यों जाएं?**

श्यामखेत में आपको शांत वातावरण के साथ चारों ओर हरियाली देखने को मिलती है। बारिश के मौसम में पहाड़ी इलाकों में हरियाली और भी बढ़ जाती है, जिससे यहां का प्राकृतिक दृश्य बेहद आकर्षक नजर आता है।

**यह जगह खासतौर पर—**

प्रकृति के बीच समय बिताने,
पैदल घूमने,
चाय बागान देखने,
शांत वातावरण का आनंद लेने,
पहाड़ी दृश्यों की तस्वीरें लेने और
परिवार या दोस्तों के साथ सुकून भरा समय बिताने
के लिए अच्छी हो सकती है।

# वियतनाम की अनोखी लव मार्केट: पति-पत्नी के साथ आते हैं पुराने प्रेमी

**हा जियांग।** दुनिया में आपने कपड़े, गहने, खाने-पीने और घरेलू सामान के कई बाजार देखे होंगे, लेकिन वियतनाम में एक ऐसी अनोखी लव मार्केट भी लगती है, जहां लोग सामान खरीदने नहीं, बल्कि अपने पुराने प्रेम संबंधों से जुड़े लोगों से मिलने पहुंचते हैं। यह अनोखी परंपरा खाऊ वाई गांव में हर साल आयोजित होती है और स्थानीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है।

इस आयोजन की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां शादीशुदा लोग भी अपने पति या पत्नी के साथ पहुंचते हैं और इसके बाद अपने पुराने प्रेमी या प्रेमिका से मुलाकात करते हैं। स्थानीय सामाजिक परंपरा में इसे वैवाहिक रिश्ते के साथ विश्वासघात के तौर पर नहीं देखा जाता, बल्कि पुराने रिश्ते और भावनाओं की याद को सम्मान देने की परंपरा माना जाता है।

**कहां लगती है यह अनोखी लव मार्केट?**

खाऊ वाई गांव वियतनाम के उत्तरी हिस्से में स्थित हा जियांग प्रांत की पहाड़ियों के बीच बसा हुआ है। हर साल यहां आयोजित होने वाला यह आयोजन स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनता है।

इस दौरान आसपास के गांवों और समुदायों के लोग खाऊ वाई में इकट्ठा होते हैं। यहां पुराने परिचितों और प्रेम संबंधों से जुड़े लोगों के मिलने-जुलने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक गतिविधियां भी देखने को मिलती हैं।

**पुराने प्रेमी से मिलना क्यों नहीं माना जाता गलत?**

इस परंपरा को समझने के लिए स्थानीय संस्कृति और सामाजिक मान्यताओं को ध्यान में रखना जरूरी है। यहां पुराने प्रेमी से मिलना मौजूदा वैवाहिक रिश्ते को खत्म करने या उसे बदलने की कोशिश के



तौर पर नहीं देखा जाता।

कई लोगों के लिए यह अपने जीवन के पुराने अध्याय को याद करने और उस व्यक्ति से कुछ समय बातचीत करने का अवसर होता है, जिससे कभी भावनात्मक जुड़ाव रहा था। यही वजह है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के साथ आयोजन में पहुंचने के बावजूद अपने पुराने प्रेम संबंधों से जुड़े लोगों से मिलने की स्वतंत्रता रखते हैं।

**अप्रैल-मई में होता है आयोजन**

खाऊ वाई की लव मार्केट का आयोजन आमतौर पर अप्रैल और मई के दौरान किया जाता है। स्थानीय चंद्र कैलेंडर के अनुसार, तीसरे महीने की 27वीं तारीख इस आयोजन के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

यह समय पहाड़ी क्षेत्र में वसंत के अंतिम दौर और गर्मी की शुरुआत का होता है। पारंपरिक कृषि गतिविधियों से कुछ समय निकालकर लोग इस विशेष आयोजन में हिस्सा लेते हैं। कई लोग दूर-दराज के इलाकों से भी यहां पहुंचते हैं।

**करीब 100 साल पुरानी है परंपरा**

खाऊ वाई की यह परंपरा करीब एक सदी से अधिक पुरानी बताई जाती है। स्थानीय इतिहास और लोककथाओं में इसकी शुरुआत 1919 के आसपास मानी जाती है। इसके पीछे जुड़ी कहानी पीढ़ियों से मौखिक रूप से आगे बढ़ती रही है।

**बा और उत की अधूरी प्रेम कहानी**

खाऊ वाई की लव मार्केट के पीछे सबसे प्रसिद्ध लोककथा बा और उत की प्रेम कहानी से जुड़ी है। बताया जाता है कि बा नुंग समुदाय का एक साधारण युवक था और बांसुरी बजाता था। वहीं उत गियाई समुदाय के एक प्रभावशाली परिवार से ताल्लुक रखती थी।

दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे, लेकिन सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उनका मिलन नहीं हो सका। अलग होने के बाद दोनों ने कथित तौर पर यह तय किया कि वे साल में एक दिन जरूर मिलेंगे।

इसके लिए उन्होंने चंद्र कैलेंडर के तीसरे महीने की 27वीं तारीख तय की और खाऊ वाई घाटी में मिलने लगे। स्थानीय लोककथा के अनुसार, समय के साथ उनकी यह मुलाकात एक व्यापक सामुदायिक परंपरा में बदल गई।

**सिर्फ प्रेम नहीं, संस्कृति का भी हिस्सा**

आज खाऊ वाई की लव मार्केट को केवल पुराने प्रेमियों की मुलाकात के रूप में देखना अधूरा होगा। यह आयोजन स्थानीय समुदायों की सांस्कृतिक पहचान, लोककथाओं और सामाजिक परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है।

यहां आने वाले लोगों के लिए यह अपनी पुरानी यादों को साझा करने, परिचितों से मिलने और समुदाय के साथ समय बिताने का अवसर भी होता है। यही वजह है कि यह आयोजन वियतनाम की अनोखी सांस्कृतिक परंपराओं में अपनी अलग पहचान रखता है।

# चंडीगढ़ से सिर्फ 85 किमी दूर हैं ये बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन

चंडीगढ़ में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी बात यह है कि थोड़ी ही दूरी पर ठंडी हवाएं, हरे-भरे पहाड़ और शांत वातावरण में समय बिताने का मौका मिल जाता है। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। चंडीगढ़ से कुछ दूरी पर बहुत खूबसूरत कई पहाड़ी क्षेत्र हैं। जहां पर वीकेंड में लोग बिना किसी ट्रिप प्लान के घूमने निकल पड़ते हैं। क्योंकि 2 दिन की छुट्टियों में घूमने के लिए लिहाज से यह जगहें बेस्ट हैं। चंडीगढ़ में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी बात यह है कि थोड़ी ही दूरी पर ठंडी हवाएं, हरे-भरे पहाड़ और शांत वातावरण में समय बिताने का मौका मिल जाता है। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चंडीगढ़ से 80 किमी की दूरी पर स्थित कुछ खूबसूरत जगहों के बारे



में बताने जा रहे हैं।

**नाहन**

नाहन में आपको पहाड़ों पर बने पुराने किलों को घूमने के साथ ऐतिहासिक मंदिरों में भी दर्शन करने का मौका मिलेगा। नाहन में एक ऐसी झील है, जिसको हिमाचल की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील में से एक मानी जाती है। रेनुका वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में आप नीलगाय, हिरण और अन्य जानवर देखने को मौका मिलेगा। इसके अलावा आप यहां पर ट्रेकिंग भी कर सकते हैं। चंडीगढ़ से नाहन की दूरी करीब 85 किमी है। आपको गाड़ी से नाहन तक पहुंचने में करीब 2.30 घंटे का समय लग जाएगा। यहां पर आप जैतक किला, रानी ताल, जगन्नाथ मंदिर, रेणुका अभयारण्य, रेणुका झील, सुकेती जीवाश्म पार्क, त्रिलोकीनाथ गुफा मंदिर, पवित्र तीर्थस्थल और गिरि नगर जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।


**अर्की**

अर्की हिमाचल प्रदेश में है और यहां के आसपास कई पुरानी गुफाएं और मंदिर हैं। ऐसे में जो लोग 2 दिन की छोटी ट्रिप प्लान कर रहे हैं, उनके लिए अर्की का सफर यादगार हो सकता है। वहीं जो लोग कम भीड़भाड़ से बचने के लिए ऑफबीट और शांत हिल स्टेशन तलाश कर रहे हैं। तो उन लोगों के लिए अर्की एक बेहतरीन जगह साबित हो सकती है। चंडीगढ़ से अर्की की दूरी करीब 85 किमी है। चंडीगढ़ से अर्की तक गाड़ी से जाने के लिए करीब 3 घंटे का समय लग जाएगा। क्योंकि रास्ते में आपको ट्रैफिक ज्यादा मिल सकता है। अर्की में आप बाड़ी धार अर्की का किला, शालाघाट और लुटरू महादेव मंदिर जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**सोलन**

सोलन हिमाचल प्रदेश की एक बेहद खूबसूरत पहाड़ी जगह है। सोलन को लोग शिमला की तरह खूबसूरत मानते हैं। लेकिन सोलन में शिमला की तुलना में कम भीड़भाड़ और शांत माहौल, वीकेंड गेटअवे के के लिए परफेक्ट है। यहां चारों ओर आपको चीड़ और देवदार के जंगलों के अलावा सुहावना मौसम और ठंडी हवाएं चलती हैं। सोलन खूबसूरत हिल स्टेशन वाली जगहों में से एक है। चंडीगढ़ से सोलन की दूरी करीब 68 किमी दूर है। यहां पर गाड़ी से पहुंचने में आपको 2 घंटे का समय लग जाएगा। यहां पर आप शूलिनी देवी मंदिर, जटोली शिव मंदिर, डक शाही जेल म्यूजियम, मोहन पार्क और माजाथल वन्यजीव अभ्यारण्य जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## भारत के इन फेमस हिल स्टेशन पर होगा सुकून का एहसास, पार्टनर के साथ बिता सकेंगे हसीन पल



ट्रिप प्लान करने वाले लोग भीड़ से दूर किसी शांत माहौल की तलाश में रहते हैं। जिससे कि वह शहर की भीड़-भाड़ और प्रदूषण से राहत मिल सके। ऐसे में अगर आप भी ऐसे हिल स्टेशन की तलाश में हैं जहां पर भीड़ और ट्रैफिक कम हो और सुकून व शांति ज्यादा हो।

सर्दी हो या गर्मी पहाड़ों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। लोग ट्रैफिक से बचने और सुकून की तलाश में पहाड़ों का रुख करते हैं। लेकिन अब पहाड़ों का हाल भी शहरों जैसा हो गया है। कई बार को इतना लंबा जाम लग जाता है कि लोग 5-6 घंटे तक इस जाम में फंसे रहते हैं। वहीं ट्रिप प्लान करने वाले लोग भीड़ से दूर किसी शांत माहौल की तलाश में रहते हैं। जिससे कि वह शहर की भीड़-भाड़ और प्रदूषण से राहत मिल सके। ऐसे में अगर आप भी ऐसे हिल स्टेशन की तलाश में हैं जहां पर भीड़ और ट्रैफिक कम हो और सुकून व शांति ज्यादा हो। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे साल कम भीड़ रहती है।

**कोटागिरी**

अगर आप भी ऊटी नहीं जाना चाहते हैं। तो आप कोटागिरी घूमने के लिए जा सकते हैं। यह एक शांत और हरे-भरे वातावरण वाली जगह है। इस जगह की खासियत है कि आपको यहां पर घंटों जाम में नहीं फंसना होगा। आप आराम से लंबे सफर का आनंद उठा सकते हैं। अगर आप दिल्ली से ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको पहले ट्रेन लेनी होगी। वहीं यहां पर पहुंचने के बाद आप स्कूटी या फिर बाइक लेकर रेंट पर घूम सकते हैं।

**सिक्किम**

अगर आप किसी ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं, जहां पर आपको कम से कम भीड़ मिले तो सिक्किम आपके लिए बेस्ट जगह साबित हो सकती है। सिक्किम घूमने के लिहाज से काफी बेहतरीन जगह है, लेकिन यहां पर जाने से पहले आप मौसम की जानकारी जरूर करें। क्योंकि मानसून में बारिश के कारण आपको यहां पर घूमने में दिक्कत हो सकती है। यह एक खूबसूरत पहाड़ी जगह है, जहां पर घूमना थोड़ा सा महंगा हो सकता है, लेकिन आपको यहां पर सुकून की कमी नहीं होगी।

**खंडाला घाटी**

महाराष्ट्र के खंडाला में भी आप बजट में घूम सकते हैं। खंडाला घाटी की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर आपको नैनीताल या मसूरी जैसी ट्रैफिक या भीड़ की परेशानी नहीं होगी। ऐसे में जो लोग बजट में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह जगह उनके लिए जन्नत से कम नहीं है। यहां का रास्ता खूबसूरत है और रोड ट्रिप भी मजेदार है। आप यहां पर किसी भी मौसम में आ सकती है।

# श्रद्धा और शक्ति का अद्वितीय धाम है पावागढ़ कालीका माता मंदिर

पावागढ़ का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है। इस मंदिर को शक्ति साधना और तांत्रिक परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, यहाँ पूजा करने से सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित पावागढ़ कालीका माता मंदिर भारत के प्रमुख शक्ति पीठों में से एक है। समुद्र तल से लगभग 800 मीटर ऊँची पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं, पर्यटकों और साहसिक यात्रियों सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहाँ देवी कालीका माता की पूजा होती है और मान्यता है कि यहाँ सती का दायां पैर गिरा था, जिसके कारण यह स्थान शक्ति पीठ कहलाता है।

**ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व**

पावागढ़ का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है। इस मंदिर को शक्ति साधना और तांत्रिक परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, यहाँ पूजा करने से सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। यह स्थल चंपानेर-पावागढ़ पुरातात्विक



उद्यान का हिस्सा है, जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

**मंदिर की विशेषताएँ**

मंदिर पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहाँ पहुँचने के लिए श्रद्धालुओं को सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं या फिर रोपवे का सहारा लिया जा सकता है। गर्भगृह में देवी कालीका माता की प्रतिमा प्रतिष्ठित है, जिन्हें लाल रंग के वस्त्र और आभूषण पहनाए जाते हैं। मंदिर से आसपास की हरियाली, पहाड़ और दूर-दूर तक फैले प्राकृतिक नज़ारे दिखाई देते हैं।

**उत्सव और धार्मिक आयोजन**

नवरात्रि पर्व पर यहाँ लाखों श्रद्धालु आते हैं। भक्ति संगीत, गरबा और देवी की आराधना से पूरा परिसर गूंज उठता है। पूरे वर्ष विभिन्न अवसरों पर यहाँ मेले और धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।

**साहसिक और पर्यटन आकर्षण**

मंदिर तक पहुँचने का रास्ता रोमांच और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। रोपवे की सवारी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खास अनुभव देती है। चंपानेर का किला, जामा मस्जिद और अन्य पुरातात्विक धरोहरें भी पास ही स्थित हैं, जिन्हें देखकर पर्यटक इतिहास और संस्कृति का आनंद ले सकते हैं।

**कैसे पहुँचे?**

निकटतम हवाई अड्डा- वडोदरा (लगभग 50 किमी)

रेलवे स्टेशन- हलोल और वडोदरा

सड़क मार्ग- अहमदाबाद, वडोदरा और गोधरा से सड़क द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है।

पावागढ़ कालीका माता मंदिर श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है। यह मंदिर न केवल शक्ति साधना का पावन धाम है, बल्कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ आकर श्रद्धालु देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और पर्यटक संस्कृति तथा प्रकृति दोनों का अद्भुत अनुभव करते हैं।

# भारत की ये झीलें जन्नत से नहीं है कम

अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो आज हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे



पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।

**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं, जोकि दिखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं।

# खूबसूरत तैमारा घाटी का खौफनाक रहस्य, यहां आते ही बदल जाता है मोबाइल का वक्त

झारखंड की खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में मौत का हाइवे के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरातू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है।

इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में मौत का हाइवे के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**तैमारा घाटी**



तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को %मौत का हाइवे% के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# मिलन प्रधान की ताकत से डरे शुभेंदु: कांग्रेस उम्मीदवार की गिरफ्तारी पर सियासत, पार्टी ने सीएम पर लगाए आरोप

**कोलकाता।** नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान की पुराने कथित हत्या मामले में गिरफ्तारी के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस प्रभारी प्रकाश जोशी ने आरोप लगाया कि शुभेंदु अधिकारी मिलन प्रधान की लोकप्रियता से डरते थे। उन्होंने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए गंभीर सवाल उठाए।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों कई वजह से हलचल तेज है। इन में से ही एक वजह है नंदीग्राम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान की गिरफ्तारी। मिलन प्रधान की गिरफ्तारी के बाद पश्चिम बंगाल में कांग्रेस प्रभारी प्रकाश जोशी ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वे मिलन प्रधान की ताकत को अच्छी तरह से जानते थे। इसलिए उन्होंने डर सता रहा था। प्रकाश जोशी ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, 'जिस पल कांग्रेस ने मिलन प्रधान को मैदान में उतारा था। (2007 के नंदीग्राम जमीन अधिग्रहण आंदोलन में एक अहम चेहरा थे) तब से मुख्यमंत्री

**हलचल**

**पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों कई वजह से हलचल तेज है। इन में से ही एक वजह है नंदीग्राम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान की गिरफ्तारी।**



शुभेंदु अधिकारी को खतरा महसूस होना ही था। आखिरकार, शुभेंदु अधिकारी भी उस आंदोलन का हिस्सा थे। मिलन प्रधान की ताकत को अच्छी तरह जानते हैं। तब से ही उन्हें डर सता रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि उन्हें एहसास है कि चुनाव का नतीजा कुछ भी हो सकता है।

इसी से उस आंदोलन के दौरान राजनीतिक बदले की भावना से दर्ज मामले की स्थिति समझी जा सकती है। जहां शुभेंदु अधिकारी जो उस समय सत्ताधारी टीएमसी का हिस्सा थे। अपने मामले तो खत्म करवाने में कामयाब रहे। वहीं मिलन प्रधान को लगा कि उनका मामला भी बंद हो गया है, क्योंकि उन्हें सरकार पर भरोसा था कि वह झूठ नहीं बोलेगी।

इसी भरोसे में उन्होंने मामले को आगे नहीं बढ़ाया, लेकिन अचानक मामला फिर से खुल गया और उन्हें जेल भेज दिया गया।

उन्होंने आगे पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से मिले समर्थन पर कहा,' मैं इसे समर्थन मिलने के बाद की गई गिरफ्तारी के तौर पर नहीं देखता। मेरा मानना है कि शुभेंदु अधिकारी ने यह सब पहले से ही प्लान किया था, क्योंकि उन्हें पता था कि मिलन प्रधान एक मजबूत उम्मीदवार हैं। उस रात उन्हें प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने उन पर नाम वापस लेने का दबाव डाला और रिश्वत देने की भी कोशिश की, लेकिन उन्होंने झुकने से इनकार कर दिया। इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है? यही उनकी ताकत है।

दरअसल, मिलन प्रधान को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एक पुराने कथित हत्या मामले में की गई है। यह घटना ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की पूर्व उम्मीदवार संचिता डे प्रधान की ओर से नंदीग्राम उपचुनाव से अपना नामांकन वापस लेने के बाद हुई है।

नामांकन वापस लेने के बाद पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस उम्मीदवार को अपना समर्थन देने का एलान की थी।

## परीक्षा में मोबाइल कांड से जुड़े लोगों पर एफआईआर

**मुंबई।** आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की मौत के मामले में मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। परीक्षा के दौरान मोबाइल और चैटजीपीटी के इस्तेमाल के बाद छात्र की मौत हुई। संस्थान ने किसी अनुशासनात्मक कार्रवाई से इनकार किया है, जबकि छात्रों ने निलंबन की धमकी का आरोप लगाया है।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के एक छात्र की मौत के मामले में मुंबई पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह केस उन सभी लोगों के खिलाफ दर्ज किया है, जो परीक्षा के दौरान छात्र के मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की घटना से जुड़े थे। मृतक छात्र की पहचान महाराष्ट्र के यवतमाल निवासी साहिल वाकोडे के रूप में हुई है। वह संस्थान के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में द्वितीय वर्ष का छात्र था। शुक्रवार को परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षकों ने उसे मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए पकड़ा था। इसके कुछ ही घंटों बाद शुक्रवार शाम को पवई परिसर स्थित उसके हॉस्टल के कमरे में उसका शव मिला। इस घटना के बाद से ही कैंपस में छात्रों का जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। आईआईटी के पवई परिसर में पिछले छह महीनों के भीतर खुदकुशी की यह तीसरी घटना है। पुलिस ने शुरुआत में इस मामले में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की थी। इसके बाद छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद छात्र के परिजन मुंबई पहुंच चुके हैं और पुलिस उनके बयान दर्ज कर रही है। इसके साथ ही पुलिस कैंपस के अन्य छात्रों के भी बयान ले रही है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, परीक्षा चलने के दौरान साहिल ने सवालों के जवाब हासिल करने के लिए प्रश्नपत्र को चैटजीपीटी पर अपलोड किया था। हालांकि, संस्थान का दावा है कि इस घटना के बाद छात्र के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। परीक्षा निरीक्षक और विभागाध्यक्ष ने छात्र को बुलाकर समझाया था और भरोसा दिलाया था कि इस बात का उसके करियर पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। इस बातचीत के बाद साहिल अपने हॉस्टल के कमरे में लौट आया था, जहां बाद में उसकी मौत हो गई।

संस्थान ने छात्र की मौत पर गहरा दुख जताया है और प्रभावित दोस्तों, सहपाठियों व शिक्षकों को हर तरह का सहयोग देने की बात कही है। दूसरी तरफ, घटना से नाराज छात्रों ने कैंपस में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि प्रशासन मौत से जुड़े सभी तथ्यों को सामने नहीं ला रहा है। कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि परीक्षा की घटना को लेकर साहिल को एक साल के निलंबन की धमकी दी गई थी।

# खराब स्वास्थ्य के चलते कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए शाह



**बंगलूरू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वास्थ्य कारणों के चलते शनिवार को कर्नाटक के हुब्बल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। डॉक्टरों की सलाह पर वह होटल में आराम कर रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में केएलई मेडिकल कॉलेज के नए भवन और 1,200 बिस्तरों वाले अस्पताल का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वास्थ्य कारणों के चलते शनिवार को कर्नाटक के हुब्बल्ली में आयोजित एक निर्धारित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है।

अमित शाह को हुब्बल्ली के गब्बूर में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामीगलु मूरुसाविरमठ मेडिकल कॉलेज के नए शैक्षणिक भवन और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल व मेडिकल रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करना था। केएलई सोसायटी के अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभाकर कोरे ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बताया कि डॉक्टरों की सलाह के बाद गृह मंत्री होटल में ही आराम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमित शाह ने खुद उन्हें यह संदेश जनता तक पहुंचाने के लिए कहा था।

गृह मंत्री की अनुपस्थिति में इस संस्थान का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, बेलगावी के सांसद जगदीश शेट्टार और श्री जगद्गुरु मूरुसाविरमठ के श्री गुरुसिद्ध राजयोगेंद्र स्वामी ने मिलकर किया। गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार देर रात हुब्बल्ली पहुंचे थे। तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें शनिवार को बाद में बेलगावी जिले में श्री बीरेश्वर को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के नए मुख्यालय भवन का भी उद्घाटन करना है।

# चार हाईकोर्ट में 14 जजों की नियुक्ति

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र ने लगाई मुहर




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र ने चार हाईकोर्ट में 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की है। दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। किन अधिकारियों को जज और अतिरिक्त जज बनाया गया? जानिए इस रिपोर्ट में। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन्हें चार हाईकोर्ट में जज और अतिरिक्त जज बनाया गया है। इनमें दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट शामिल हैं।

केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। यह फैसला भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) से सलाह के बाद लिया गया है। इसके बाद संबंधित हाईकोर्ट में इन न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों में निवेदिता अनिल शर्मा और निशा सहाय सक्सेना को दिल्ली हाईकोर्ट का जज बनाया गया है। वहीं, संजय शर्मा, भारत पराशर, डॉ. अदिति चौधरी, दिनेश भट्ट और अरुण भारद्वाज को दिल्ली हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया है। यश पाल बोर्नी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट में मनोज प्रसाद, अखिल कुमार और राम शर्मा को जज नियुक्त किया गया है। वहीं, उषा रानी, केएस भरत कुमार और नेराले वी भवानी को कर्नाटक हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के पीछे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशें हैं। कॉलेजियम की अध्यक्षता सीजेआई सूर्यकांत कर रहे हैं। कॉलेजियम ने 10 सितंबर 2026 को हुई बैठक में इन नियुक्तियों की सिफारिश की थी।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज के तौर पर आठ न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की सिफारिश की थी। इनमें निवेदिता अनिल शर्मा, निशा सहाय सक्सेना, संजय शर्मा-प्रथम, भारत पराशर, डॉ. अदिति चौधरी, दिनेश भट्ट और अरुण भारद्वाज शामिल थे। कॉलेजियम ने यश पाल बोर्नी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने की भी सिफारिश की थी। इसी तरह, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मनोज प्रसाद, अखिल कुमार और राम शर्मा को झारखंड हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके अलावा, उषा रानी, केएस भरत कुमार और नेराले वीरभद्रैया भवानी को कर्नाटक हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी।

## यूपीआई के मुद्दे पर केंद्र पर भड़की शिवसेना यूबीटी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सामना के संपादकीय में पार्टी ने व्यापारी से शुल्क वसूली के दावे पर सवाल उठाते हुए इसे आम ग्राहकों पर पड़ने वाला अप्रत्यक्ष बोझ बताया और सरकार की नीतियों की आलोचना की। शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने के फैसले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाने को 'शब्दों का खेल' करार दिया गया है। पार्टी ने सरकार के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि यह शुल्क सिर्फ व्यापारियों पर लगेगा और आम जनता पर इसका कोई भार नहीं आएगा।

## क्या एआई की वजह से शुरू होने वाला था यूएस-चीन युद्ध




**नई दिल्ली।** एआई की एक गलत रिपोर्ट के चलते अमेरिका और चीन के बीच युद्ध शुरू हो सकता था? दरअसल एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है कि एआई की गलत रिपोर्ट की वजह से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता था।

एआई के खतरे को लेकर कई विशेषज्ञ चिंता जता चुके हैं। बीते दिनों कुछ ऐसा घटित हुआ है, जिसके बाद एआई के लेकर जताई जा रही चिंता सच साबित होती दिख रही है। दरअसल कुछ समय पहले एआई की वजह से दुनिया के दो सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका और चीन में टकराव होते-होते बच गया। सीएनएन की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की एक रिपोर्ट के आधार पर अमेरिका के सैनिक चीन के एक जहाज पर सवार होने ही वाले थे, लेकिन ऐन वक्त पर हालात काबू हो गए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सेना को एक खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसमें बताया गया था कि पश्चिम एशिया में मौजूद चीन के एक जहाज पर परमाणु हथियार से जुड़े उपकरण मौजूद हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर अमेरिकी सेना, चीन के उस जहाज पर जबरन सवार होकर उसकी तलाशी लेने की तैयारी कर रही थी। हालांकि उससे पहले ही खुलासा हो गया कि जिस सैनिक ने यह रिपोर्ट तैयार की थी, उसने रिपोर्ट बनाने में एआई चैटबॉट की मदद ली थी। इसके बाद अमेरिकी सेना ने अपने ऑपरेशन को टाल दिया और दोनों देशों के बीच होने वाला टकराव टल गया। सीएनएन ने अमेरिकी सेना के सूत्रों के हवाले से बताया कि खुफिया रिपोर्ट पूरी तरह से गलत और झूठी थी और इसकी वजह से युद्ध शुरू हो सकता था। हालांकि सीएनएन की रिपोर्ट में ये नहीं बताया गया है कि चीन के जहाज पर क्या था और वह कहां जा रहा था। पश्चिम एशिया की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने रिपोर्ट में किए गए दावे पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।


सीएनएन की यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब इसी महीने की शुरुआत में प्रमुख एआई कंपनी एंथ्रोपिक को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। एक शोधकर्ता ने सार्वजनिक रूप से कंपनी के नेतृत्व से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आशंका जताई थी कि एआई तकनीक इंसानों के नियंत्रण से बाहर हो सकती है। एंथ्रोपिक के ही एक अन्य कर्मचारी ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि कंपनी के लोग ईमानदारी से मानते हैं कि एआई सभी इंसानों को मार सकता है। उन्होंने यह भी कहा था कि अगले दशक के भीतर ऐसा होने की आशंका 10 प्रतिशत से ज्यादा है।

## बोलीविया के जंगलों में मिली नन्ही 'टिल्कायो

**ला पाज।** बोलीविया में वैज्ञानिकों ने लेपर्डस टिल्कायो नाम की जंगली बिल्ली की एक नई प्रजाति की पहचान की है। यह खोज खास इसलिए है क्योंकि एक सदी से ज्यादा समय बाद किसी जीवित जंगली बिल्ली की नई प्रजाति को औपचारिक रूप से नाम दिया गया है। डीएनए जांच से पता चला कि इसकी वंशावली करीब 14 लाख साल पहले अलग हुई थी। फिलहाल इसका अस्तित्व बोलीविया के युंगास जंगलों में दर्ज हुआ है और वैज्ञानिक इसकी संख्या, व्यवहार व आवास का पता लगाने में जुटे हैं।दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में वैज्ञानिकों ने जंगली बिल्ली की एक ऐसी प्रजाति की पहचान की है, जिसके बारे में अब तक दुनिया को जानकारी नहीं थी। खास बात यह है कि यह बिल्ली जंगल में छिपी नहीं मिली, बल्कि बोलीविया के एक वन्यजीव आश्रय केंद्र में वर्षों से मौजूद थी।

# अमेरिका: मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला की राष्ट्रपति से पहली बार मिलेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से पहली बार मुलाकात करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान होने वाली यह अनौपचारिक 'पुल-असाइड' बैठक होगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले हफ्ते वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से पहली बार मुलाकात करेंगे। ट्रंप प्रशासन ने देश के पूर्व नेता को पकड़ने और रोड्रिगेज को असल में सत्ता सौंपने के लिए एक ऑपरेशन चलाया था, जिसके बाद यह मुलाकात हो रही है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि न्यूयॉर्क शहर में दोनों नेताओं के बीच होने वाली मुलाकात एक पुल-असाइड (श्रह्वद्य-ड्डह्यद्बस्रद्ग) होगी।( यह कूटनीतिक भाषा में ऐसी मुलाकात को कहते हैं जो औपचारिक द्विपक्षीय



बैठक की तुलना में ज्यादा अनौपचारिक होती है। बता दें कि ट्रंप संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना सत्र के लिए शहर में होंगे। वॉल्ट्ज ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में यह भी बताया कि ट्रंप, यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम और जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची से मुलाकात करेंगे। ट्रंप और बर्नहम की यह मुलाकात, जुलाई में बर्नहम के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी पहली मुलाकात होगी। ट्रंप गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के नेताओं से भी मिलेंगे, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन शामिल हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका ईरान युद्ध का कोई समाधान खोजने के लिए छह महीने से ज्यादा समय से संघर्ष कर रहा है।

जनवरी में अमेरिका की एक अचानक हुई सैन्य कार्रवाई में तत्कालीन नेता निकोलस मादुरो को पकड़कर ड्रग तस्करी के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका लाए जाने के बाद वेनेजुएला में रोड्रिगेज ने कमान संभाली। ट्रंप और रोड्रिगेज (जो मादुरो की उपराष्ट्रपति थीं) के बीच यह पहली बैठक ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देशों ने पिछले महीने वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार में अमेरिका को हिस्सेदारी देने के समझौते की घोषणा की थी। उन्होंने इस समझौते को आर्थिक सुधार की दिशा में एक कदम बताया, जिससे देश के तेल उद्योग का आधुनिकीकरण होगा। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि वे इस बात की पुष्टि नहीं कर सकते कि क्या इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए न्यूयॉर्क में रहने के दौरान ट्रंप से मुलाकात करना चाहेंगे, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि इसकी संभावना कम है। अधिकारियों ने कहा कि इस्राइल में चुनावी मौसम के दौरान न्यूयॉर्क में नेतन्याहू का समय काफी सीमित होगा।

## रूस में संसदीय चुनाव: युद्धकालीन वोटिंग में क्रेमलिन की पकड़ मजबूत, युद्धकाल और ड्रोन हमलों के साए में मतदान

**मॉस्को।** रूस में युद्धकालीन संसदीय चुनाव शुरू हो चुके हैं। चुनाव के बाद क्रेमलिन की सत्ता पर पकड़ मजबूत होने की उम्मीद है। यूक्रेन युद्ध के बीच हो रहे इन चुनावों में विपक्ष लगभग नदारद है, जबकि ड्रोन हमलों और अंतरराष्ट्रीय निंदा के बावजूद मतदान कराए जा रहे हैं। रूस में शुक्रवार, 18 सितंबर को देश के पहले युद्धकालीन संसदीय चुनाव के लिए तीन दिवसीय मतदान शुरू हुआ। इन चुनावों में लगभग कोई वास्तविक विपक्ष नहीं है, जिससे क्रेमलिन की राजनीतिक प्रभुत्व सुरक्षित रहने की पूरी संभावना है। अधिकारियों ने 11 करोड़ 10 लाख पात्र मतदाताओं के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सप्ताहांत तक चुनाव फैला दिए हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक मतदान की भी अनुमति दी गई, जिससे मतदाताओं को सुविधा मिली।

# यूएन: समुद्री व्यापार को भू-राजनीतिक तनाव के लिए निशाना न बनाएं भारतीय राजदूत की होर्मुज संकट पर दो टूक



**संयुक्त राष्ट्र।** होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच भारत ने समुद्री व्यापार और नाविकों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून और स्वतंत्र समुद्री आवाजाही का समर्थन किया। इसके साथ ही भारत ने सुरक्षित निकासी, चिकित्सा सहायता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर दिया। आइए जानते हैं कि भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने और क्या कहा है? होर्मुज जलडमरूमध्य के टकराव में भारत के जहाजों और नागरिकों को भी नुकसान पहुंचा है। भारत ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने की बात दोहराई है। इसके साथ ही कहा है कि समुद्री व्यापारिक गतिविधियों को भू-राजनीतिक तनाव का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने गुरुवार को सुरक्षा परिषद से कहा कि नेविगेशन के अधिकारों पर जबरदस्ती, धमकियों, गैर-कानूनी प्रतिबंधों या मनमाने हस्तक्षेप का असर नहीं पड़ना चाहिए। भारत एक प्रमुख समुद्री देश है और हम एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और नियमों पर आधारित समुद्री क्षेत्र का पुरजोर समर्थन करते हैं।

हरीश ने बहरीन की बुलाई गई काउंसिल की एक अनौपचारिक बैठक में समुद्री सुरक्षा माहौल पर चर्चा की। यह बैठक 'आरिया-फॉर्मूला' के तहत आयोजित की गई थी, जिसका नाम वेनेजुएला के राजनयिक डिएगो आरिया के नाम पर रखा गया है। उन्होंने ही 1992 में इस संस्था की अध्यक्षता करते हुए ऐसी बैठकों की शुरुआत की थी।

होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से भारत को आर्थिक नुकसान भी हुआ है, क्योंकि इससे तेल और गैस की सप्लाई में रुकावट आई और साथ ही दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतें तेजी से बढ़ीं। हरीश ने कहा कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में आई इस रुकावट का दुनिया के अलग-अलग हिस्सों पर असर पड़ता है, खासकर ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के मामले में। हालांकि उन्होंने उन घटनाओं या हमलों में शामिल पक्षों का नाम नहीं लिया, जिनमें ईरान और अमेरिका के साथ-साथ खाड़ी के अन्य देशों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में हुए टकराव के दौरान भारत को नुकसान उठाना पड़ा था।

भारत ने ईरान और अमेरिका के सामने अपने नाविकों की मौत का विरोध जताया है। इसके साथ ही तेहरान से भारत में रजिस्टर्ड जहाज पर हुए हमले के बारे में भी शिकायत की है। अप्रैल में, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (द्बक्रत्रष्) की गनबोट्स ने भारतीय झंडे वाले दो टैंकरों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं।

जुलाई में संयुक्त अरब अमीरात में रजिस्टर्ड दो जहाजों पर ईरानी हमलों में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। भारत ने नई दिल्ली में ईरानी राजनयिकों के सामने इन दोनों घटनाओं का विरोध जताया। जून में, भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के चार्ज डी'अफेयर्स को बुलाकर तीन भारतीय नाविकों की मौत का विरोध जताया, जब अमेरिका ने पलाऊ में रजिस्टर्ड उनके जहाज पर हमला किया था।

हरीश ने कहा कि भारत अपनी नौसेना को तैनात करके इस इलाके के अशांत समुद्री इलाकों में समुद्री सुरक्षा में योगदान दे रहा है।

## चीन ने बदल दिया तेल का पूरा खेल: बड़ा स्टॉक जमा कर बदली रणनीति

**न्यूयॉर्क।** ईरान युद्ध के बीच चीन ने बड़े तेल भंडार, विशाल रिफाइनिंग क्षमता और वैकल्पिक ऊर्जा में निवेश के दम पर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत की है। दुनिया के सबसे बड़े तेल खरीदार चीन ने संकट के दौरान क'चे तेल का आयात घटाया और पुराने भंडार का इस्तेमाल किया। इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और हाईस्पीड रेल के विस्तार से तेल पर उसकी निर्भरता भी कम हुई है।

ईरान युद्ध ने तेल क्षेत्र में ऐसा बदलाव ला दिया है, जिसकी शायद किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। अब तक यही नियम चलता था कि जिनके पास तेल कुएं हैं, यानी सऊदी अरब या अमेरिका जैसे निर्यातक देश ही आपूर्ति और कीमतों की चाल तय करते थे। आयातक देशों को हमेशा उनके इशारों पर नाचना पड़ता था। लेकिन चीन ने दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदार होते हुए भी पूरा पासा पलट दिया है। चीन ने काफी मात्रा में क'चा तेल जमा करके, शोधन क्षमता बढ़ाकर और कोयले तथा




अन्य विकल्पों में निवेश करके अपनी सबसे बड़ी कमजोरी (तेल के लिए दूसरों पर निर्भर होना) को ही अपनी सबसे बड़ी ताकत बना लिया है। अब आयातक देश अपनी मनमर्जी से तेल का बाजार नहीं चला सकते। चीन ने दिखा दिया है कि वह जब चाहे तेल खरीदकर कीमतें बढ़ा सकता है और जब चाहे खरीदारी रोककर कीमतें गिरा सकता है। इसके अलावा, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक गाड़ियों में आगे होने के कारण व अब क'चे तेल का मोहताज भी नहीं रहा है। ईरान जंग के शुरुआती महीनों में चीन ने पड़ोसियों को ईंधन आपूर्ति रोक अपनी ताकत का अहसास कराया। वहीं, पश्चिम एशिया पर निर्भर अन्य देशों के पास दूसरे विकल्प नहीं थे। उन्हें या तो ऊर्जा इस्तेमाल घटाना पड़ा या भारी कीमत चुकानी पड़ी। विशाल रिजर्व : जब तेल सस्ता था, तब चीन ने चुपचाप भारी मात्रा में क'चा तेल खरीदकर अपने गोदामों में भर लिया। आज दुनिया के कुल ज्ञात आपातकालीन तेल भंडार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा अकेला चीन के पास है।

मौके का फायदा : दुनियाभर में तेल की किल्लत हुई तो चीन ने अपने पुराने स्टॉक का इस्तेमाल शुरू किया और आयात 2×' घटा दिया। तेल कीमतें काबू में रहीं। चीन ने साबित कर दिया कि अगर वो खरीदना बंद कर दें, तो तेल बेचने वाले संकट में आ जाएंगे।

चीन के पास उसे पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन में बदलने की सबसे बड़ी फैक्ट्रियां भी हैं। युद्ध के समय उसने अपने पड़ोसी देशों को डीजल-पेट्रोल की सप्लाई रोक दी। वियतनाम जैसे करीबी दोस्तों को ईंधन दिया लेकिन फिलीपींस और ऑस्ट्रेलिया को आपूर्ति रोक दी। चीन ने अपनी खपत भी घटा दी है।

अवधनामा



# तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, कब्जा, पुलिस, विद्युत, विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर जाकर प्रकरण की वास्तविक स्थिति की जांच करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराते हुए निस्तारण की आख्या समय से उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी के समक्ष निवासी हरदासीपुर पूनम सिंह के द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्हे जमीन पर कब्जा दिलाने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा राजस्व निरीक्षक को प्रकरण का निस्तारण करने करने के निर्देश दिये। मुर्तजाबाद निवासी सुबाष यादव ने अवगत कराया कि ग्राम सभा का गड्ढा आराजी नं 153 को खोदवा कर गन्दा पानी पूर्व की भांति उसमें बहाए, प्रार्थी के घर के सामने न बहाया जाए जिसके लिए समुचित कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया जिसके लिए उन्होने नायब तहसीलदार को प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिया। बासवारी निवासी मंजु देवी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से दान पत्र के आधार पर निष्पादित अपने अंश पर निर्माण कार्य कराए जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया कि जिस पर नायब तहसीलदार को प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 266 प्रकरण आये जिसमें से 28 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष अन्य अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर ऐसे मतदाता जिनका नाम 10 अप्रैल 2026 को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में किन्हीं कारणों से सम्मिलित होने से छूट गया है उन मतदाताओं से फार्म-6 भरवाने, मतदाता सूची में विद्यमान किसी प्रविष्टि में कोई संशोधन हो तो फार्म-8 भरवाने एवं मृतक, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विद्यमान निर्वाचक नामावली से अपमार्जन हेतु-7 भरवाने हेतु विशेष कैम्प आयोजित करते हुए जनसामान्य में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं आयोजित कैम्प में प्राप्त होने फार्म-6, 7 एवं 8 का विवरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर पुलिस अधीक्षक कुवर अनुपम सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 गंगाराम गौतम सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विजन के साथ शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ें महाविद्यालयः कुलपति

■ राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित कालेज के प्राचार्यों और प्रबंधकों की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आनलाइन मोड में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थागत विकास और राष्ट्रीय स्तर के अभियानों में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। कुलपति प्रो. सिंह ने महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि हर संस्थान अपनी विशिष्ट क्षमताओं, उपलब्ध संसाधनों और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप एक स्पष्ट विजन निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़े। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश, शोध, नवाचार और रैंकिंग जैसी भावी कार्ययोजनाओं पर प्राचार्यों के साथ संवाद किया और उनसे सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में 'सेवा संकल्प अभियान' को प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा हुई। इसके तहत आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा रंग' और 'इनोवेशन चैलेंज' जैसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, युवाओं को जागरूक करने के लिए 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के अंतर्गत सभी संस्थानों में आगामी 100 सप्ताह तक नशामुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व पर निरंतर थीम आधारित गतिविधियां संचालित करने को कहा गया। युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग' क्विज प्रतियोगिता को मिशन मोड में संचालित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 'माई भारत' पोर्टल पर अधिक से अधिक छात्रों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पूर्व, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अभियान के संयोजक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और नियमित रिपोर्टिंग का आग्रह किया। इस अवसर पर कुलसचिव विनोद कुमार सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह और एनएसएस समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

# एनडीए में किसी तरह की नाराजगी या मतभेदः अनुप्रिया



■ अपना दल (एस) के कार्यकर्ता संवाद में कहा- सीटों का फैसला समय आने पर सभी साथी दलों की सहमति से होगा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए में किसी तरह का मतभेद नहीं है। उत्तर प्रदेश में एनडीए लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है और 2027 में गठबंधन की हैट्रिक लगना सुनिश्चित है। सामान्य कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने में जुटी है और एनडीए के सभी घटक दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कहा कि प्रयागराज अपना दल के संगठन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण जनपद है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

एनडीए में किसी तरह की नाराजगी या मतभेद से इनकार करते हुए अनुप्रिया पटेल ने गठबंधन की तुलना पांच उंगलियों से की। उन्होंने कहा कि एनडीए में पांच साथी दल हैं और ये पांचों दल एक मुट्ठी की तरह मजबूती से एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि सभी घटक दल इस समय पूरे उत्तर प्रदेश में अपने-अपने संगठन को मजबूत करने में लगे हैं। चुनाव के दौरान अपना दल समेत NDA के किसी भी साथी दल का प्रत्याशी मैदान में होगा, गठबंधन के कार्यकर्ता उसकी जीत के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे।

सीट बंटवारे के सवाल पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि अभी एनडीए परिवार में इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की प्राथमिकता उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ एकजुट होकर चुनाव लड़ना है। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा सीट के जातीय और स्थानीय समीकरण अलग होते हैं। किस सीट पर किस साथी दल के प्रत्याशी उतारने से जीत की संभावना मजबूत होगी, इन सभी पहलुओं पर चर्चा के बाद सीटों का बंटवारा तय किया जाएगा।

सीटों का फैसला समय आने पर सभी साथी दलों की सहमति से होगा। उन्होंने साफ किया कि सीट बंटवारे को लेकर अभी किसी तरह का मतभेद नहीं है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल की अध्यक्षता में तहसील निजामाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण करते हुए शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण न किया जाए, बल्कि मौके की स्थिति एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही न हो। साथ ही, प्रत्येक शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई एवं निस्तारण की स्थिति से अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष 60 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस की राज्य सलाहकार कमेटी मे चुने गए फुजैल हाशमी एवं अरशद अली

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) की 'राज्य सलाहकार परिषद' का सदस्य अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली एवं प्रयागराज कांग्रेस शहर अध्यक्ष फुजैल हाशिम को बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने जगह जगह पर स्वागत करते हुए मिठाईयां बाटी। इस मौके पर अरशद अली ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जनाब इमरान प्रतापगढ़ी शुक्रिया अदा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा परिषद संगठन को मजबूत करने के साथ समाज़िक न्याय सांवैधानिक मुल्यो और राजनेतिक भागीदारी से जुड़े विषयों पर मजबूती से काम करेगी। स्वागत करने वालो मे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पार्षद तस्लीम उद्दीन, प्रभारी प्रतापगढ़ हरिकेश त्रिपाठी, पूर्व महापौर प्रत्याशी विजय मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता हसीब अहमद एवं फरान सिद्दीकी, किशोर वर्षणेय, शहर महा सचिव मो हसीन, राकेश श्रीवास्तव, रिजवाना बेगम, आफरिन बानो, अफरोज अहमद, आदि शामिल रहे।

# हारी हुई सीटें सहयोगियों को दे भाजपाः निषाद



■ 40 साल से जहां कम वोटों से हार रहे, वहां निषाद पार्टी को मौका दें

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने प्रयागराज में कहा कि उनकी पार्टी भाजपा से सिर्फ सीटें मांगने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि ऐसी सीटों पर जीत दिलाने की क्षमता रखती है। जहां भाजपा लंबे समय से कम वोटों के अंतर से हारती रही है। संजय निषाद ने कहा कि जिन सीटों पर निषाद समाज की संख्या अधिक है और भाजपा करीब 40 साल से जीत नहीं पाई है। ऐसी सीटें निषाद पार्टी को दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम तो एक ही बात कहेंगे कि जहां कम, वहां हम। अगर भाजपा किसी सीट पर कम वोटों से हार रही है, तो सहयोगी दल उस कमी को पूरा कर जीत में बदलने का प्रयास कर सकते हैं।

संजय निषाद ने कहा- पिछली बार भाजपा ने निषाद पार्टी को 16 सीटें दी थीं, जिनमें 11 सीटों पर जीत मिली। उन्होंने इसी आधार पर आगे भी ऐसी सीटों पर मौका देने की मांग की है, जहां निषाद समाज की संख्या ज्यादा है और भाजपा लंबे समय से चुनाव हार रही है।

उन्होंने कहा कि हारी हुई सीटें सहयोगी दलों को देने में कोई नुकसान नहीं है। इससे सहयोगी दलों की संख्या भी बढ़ेगी और उन सीटों को जीत में बदलने की कोशिश की जा सकेगी।

भाजपा के यूपी प्रभारी विनोद तावड़े से मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि उनके बीच राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। उन्होंने अपने घर चाय पर आने का निमंत्रण दिया था और इसी क्रम में वह उनके घर आए। मुलाकात में सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई।

राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से बातचीत के लिए दिल्ली और लखनऊ में समय लेकर बैठक करने की बात हुई है। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को उन्होंने उठाया, उन्हें लिखकर भी दिया गया और तावड़े ने उसे नोट किया।

## लंबित मांगों को लेकर लेखपालों में आक्रोश



■ 22 सितंबर से अतिरिक्त हल्का और ऑनलाइन कार्य के बहिष्कार की चेतावनी

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी लंबित और न्यायोचित मांगों पर शासन और राजस्व परिषद द्वारा 2 अगस्त को जारी कार्यवृत्त के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर तत्काल निर्णय नहीं लिया गया तो 22 सितंबर से प्रदेश के सभी लेखपाल अतिरिक्त हल्के का बहिष्कार करेंगे और बस्ता तहसील में जमा कर देंगे। संघ का कहना है कि लेखपाल राजस्व प्रशासन की आधारशिला हैं, लेकिन बढ़ते कार्यभार, संसाधनों के अभाव, लंबित पदोन्नति, वेतन विसंगति और छुट्टी के दिनों में भी ड्यूटी से जूझ रहे हैं। संघ की 8 प्रमुख मांगें जिनमें1.अन्तर्मण्डलीय स्थानांतरणः 2019 में 650 लेखपालों का गृह मंडल में तबादला हुआ था। 16 मई 2025 को पोर्टल खोलकर 2669 आवेदन लिए गए, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस क्रम में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा सरोजनी नगर के अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्य सचिव को संबोधित उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर को दिया गया जिसमें तहसील के सभी लेखपाल उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की टीम प्रथम



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** स्टेट लेवल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण सफलता हासिल की। विजेता टीम में शामिल मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, जौनपुर के कक्षा 10-C के छात्र आकाश सोनकर ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। आकाश सोनकर की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आकाश सोनकर का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन एवं हौसलाफजाई की तथा उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, विद्यालय के प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान ने आकाश सोनकर को उसके खेल एवं आगे की पढ़ाई-लिखाई में हरसंभव सहायता एवं सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के बास्केटबॉल कोच रहमतुल्लाह, ( खेल शिक्षक आजम), सुशील, धर्मेंद्र, अनवर, शहजाद, अनुपम, सलमान , शाहिद अलीम, प्रदीप, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने आकाश सोनकर तथा उसकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## जमीनी विवाद में मारपीट, दो सगे भाइयों पर केस दर्ज

**जौनपुर (जफराबाद) (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अहमदपुर निवासी बद्री नारायण यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे उनके पट्टीदार ओमप्रकाश और गोरू ने जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में उन्हें चोटें आई हैं। आरोप है कि जाते-जाते दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी।तहरीर के आधार पर जफराबाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की विवेचना उप-निरीक्षक को सौंपी गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष राधेश्याम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सपा की बागी विधायक पूजा पाल से 1.55 लाख की ठगी

**प्रयागराज।** कौशांबी की चायल सीट से विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पाल के बैंक खाते से करीब 1.55 लाख रुपए निकाल लिए गए। 22 अगस्त से 13 सितंबर के बीच कई बार रकम निकाली गई। ये लेनदेन फोन-पे और PI के जरिए किए गए। 14 सितंबर को विधायक को इसकी जानकारी हुई। बैंक खाते की जांच कराने पर कई ऐसे लेन-देन मिले, जो उनकी जानकारी के बिना किए गए थे। विधायक की शिकायत पर शुक्रवार दोपहर 2 बजे प्रयागराज के धूमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक पूजा पाल का धूमनगंज की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा में खाता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 अगस्त से 13 सितंबर के बीच उनके खाते से कई बार रुपए निकाले गए। विधायक ने आशंका जताई है कि किसी ने उनके आईफोन 17 एआईआर को हैक कर बैंकिंग और निजी डेटा का गलत इस्तेमाल किया।

# दो दिन में दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार

■ फाउंडेशन ने अब तक 75 को दी अंतिम विदाई



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिले में अज्ञात शवों को सम्मानजनक अंतिम विदाई देने का कार्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन की टीम लगातार कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार और शुक्रवार को लगातार दो दिनों में दो अज्ञात शवों का सनातन संस्कृति और विधि-विधान के अनुसार अंतिम संस्कार कराया गया। इन दोनों मामलों के साथ फाउंडेशन की ओर से अब तक 75 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है।

गुरुवार को थाना किशनी क्षेत्र की रामनगर चौकी अंतर्गत नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। शव की पहचान के लिए पुलिस स्तर से आवश्यक कार्रवाई और प्रयास किए गए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद फाउंडेशन की टीम ने शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया।

वहीं शुक्रवार को थाना घिरोर क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव मिला। इस शव की भी पहचान नहीं हो सकी। आवश्यक पुलिस कार्रवाई के बाद फाउंडेशन की टीम ने युवक के शव का भी सनातन परंपरा और विधि-विधान के अनुसार अंतिम संस्कार कराया। फाउंडेशन की टीम का कहना है कि संस्था की ओर से उन लोगों को अंतिम विदाई देने का प्रयास किया जाता है, जिनकी पहचान नहीं हो पाती और जिनके अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजन उपलब्ध नहीं होते। संस्था द्वारा पुलिस-प्रशासन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऐसे शवों के अंतिम संस्कार में सहयोग किया जाता है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन द्वारा पिछले कुछ वर्षों से यह कार्य किया जा रहा है। संस्था की ओर से अब तक 75 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों के अनुसार, सेवा कार्य का उद्देश्य ऐसे लोगों को भी सम्मानजनक अंतिम विदाई देना है, जिनके अंतिम समय में उनके परिजन मौजूद नहीं हो सके।

# बटला हाउस एनकाउंटर की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** राष्ट्रीय ओलमा काउंसिल की ओर से बटला हाउस एनकाउंटर मामले की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि 19 सितंबर 2008 को दिल्ली के बाटला हाउस इलाके में हुई पुलिस मुठभेड़ को लेकर पीड़ित परिवारों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की ओर से लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं। ज्ञापन में उस समय की पुलिस कार्रवाई में पुलिस अधिकारी मोहन चंद्र शर्मा की मौत तथा आजमगढ़ के छात्र आतिफ अमीन और मोहम्मद साजिद की मौत का उल्लेख करते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की गई है। राष्ट्रीय ओलमा काउंसिल का आरोप है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग लंबे समय से उठती रही है, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की गई है कि मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच अथवा एसआईटी का गठन कराया जाए, ताकि घटना की परिस्थितियों और उससे जुड़े तथ्यों की निष्पक्ष जांच हो सके और पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके।

## 'मातंग कन्या' ने दिया समानता और मानवीय गरिमा का प्रभावी संदेश

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र लोक सेवा मंडल, अलोपीबाग में शनिवार को आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव के अवसर पर विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान एवं नृत्यम, प्रयागराज द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की कालजयी रचना 'चंडालिका' पर आधारित नृत्य नाटिका 'मातंग कन्या' का प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रस्तुति ने जाति-भेद, सामाजिक असमानता और मानवीय गरिमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को नृत्य, अभिनय और संगीत के माध्यम से प्रभावी ढंग से दर्शायानृत्य नाटिका का संयोजन विनोद रस्तोगी संस्था के सचिव अजय मुखर्जी ने एवं निर्देशन सायोनी भट्टाचार्या ने किया।

## समाज जोड़ो भागीदारी सम्मेलन में गरजे ओमप्रकाश व अरुण राजभर, बोले— अबकी बार जनता करेगी परिवर्तन

**बूढ़नपुर, आज़मगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र के कोयलसा स्थित एक निजी मैरिज हाल में शनिवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) द्वारा समाज जोड़ो भागीदारी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और विभिन्न समाजों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्रनाथ शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश राजभर ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सुभासपा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर भागीदारी की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। राजभर ने कहा कि आगामी दिनों में वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आज़मगढ़ बुलाकर एक विशाल जनसभा कराएंगे। उन्होंने राजनीतिक दावा करते हुए कहा कि आज़मगढ़ की राजनीति में बड़ा बदलाव आने वाला है और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ जनता के बीच उतरना होगा। विशिष्ट अतिथि अरुण राजभर ने कहा कि अब समय केवल राजनीति करने का नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और लोगों को सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का है। उन्होंने कहा, 'अबकी बार जनता बदलाव चाहती है।



# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जन-शिकायतें

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** संम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील घिरोर में जन-शिकायतें सुनने के दौरान जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के सम्मुख जब नगला पचैना अकबरपुर औंछा नि. कपूरी देवी, राम मूर्ति ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि अनुसूचित जाति के आवंटित पट्टे की भूमि को तत्कालीन राजस्व कर्मियों द्वारा स्वयं की आख्या में पट्टा स्वीकार करने के बावजूद पट्टे का दुरुपयोग कर नियम विरुद्ध धारा-143 कराकर अपने परिजनों के नाम अवैध रजिस्ट्री कराने एवं गंभीर आपराधिक षड्यंत्र की शिकायत करते हुए बताया कि गाटा संख्या-732 कृषि भूमि का पट्टा मुंशीलाल को सन् 1976 में आवंटित किया गया था, जिसे अभिलेखों में हेर-फेर कर दूसरे के नाम चढ़ा दिया गया, शिकायतकर्ता ने पट्टे की भूमि की जाल-साजी करने वाले तत्कालीन सेवानिवृत्ति लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं अवैध खरीदारों के विरुद्ध धोखाधड़ी की सुसंगत धाराओं एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा एससी एसटी निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की, जिस पर उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व को उक्त शिकायत की स्वयं जांच कर 15 दिन में आख्या उपलब्ध कराने को कहा। ग्राम डालूपुर नि. पं. सुनील कुमार मिश्रा ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गांव की सुरक्षित श्रेणी गाटा संख्या 348, 351, 353, 358, 359, 360, 361 की लगभग 17 बीघा भूमि पर सुभाष चंद्र आदि द्वारा जबरन कब्जा किया गया है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी घिरोर को राजस्व टीम गठित कर उक्त शिकायत की जांच कराकर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी के द्वारा सुरक्षित श्रेणी की भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हो, उसे तत्काल हटवाया जाए और कब्जा करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। श्री त्रिपाठी के सम्मुख जब कोसोन नि. राम कुमार सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसने अपनी पत्नी सुनीता देवी के नाम 1/6 अंश का बैनामा कराया था, जिसके स्थान पर अमल दरामद के दौरान 1/4 कर दिया गया है साथ ही सुनीता देवी पत्नी राम कमार के स्थान पर पत्नी राज कुमार अंकित हो गया है, जिसे ठीक कराया जाये, जिस पर उन्होने मौके पर ही सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल से आख्या लगवाकर फरियादी का नाम, अंश संशोधित कराकर तत्काल राहत प्रदान की।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राबिया, मेरे पुत्र का नाम विद्यालय के अभिलेखों में मो0 अरमान दर्ज है। उसका वास्तविक एवं सही नाम मो0 अरमान कुरैशी है। भविष्य में उसे इसी सही नाम मो0 अरमान कुरैशी से जाना व पहचाना जाए।



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण–V, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदा दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियंता/निर्माण–V, लखनऊ के अधीन उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के ऊंचाहार–रायबरेली खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 28/सी, 36/सी एवं लेवल क्रॉसिंग संख्या 31/सी पर रेल अंडर ब्रिज (आर यू बी) का निर्माण कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1987.66 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. [illegible]00/– मात्र |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/[illegible] एवं निविदा खुलने की तारीख | [illegible]26 को 15.00 बजे तक [illegible]साइट www.ireps.gov.in [illegible]ी है तथा दिनांक [illegible]00 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 21.09.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 30.09.2026 से 14.10.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

3255/26

संख्या–20–टेन्डर–उप. मु. अभि. /नि.– V/लखनऊ, दिनांक 18.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3255/26

# ट्रंप टैरिफ के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

## मूडीज ने जीडीपी अनुमान 6% से बढ़ाकर 7% किया, महंगाई का खतरा

**अनुमान**

**पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचने पर तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और महंगाई 4.8% के अनुमान से ऊपर जा सकती है।**




**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6% से बढ़ाकर 7% कर दिया है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक निजी खपत, सरकारी बुनियादी ढांचा खर्च और सेवा क्षेत्र की मजबूती से अर्थव्यवस्था को सहारा मिला है। हालांकि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचने पर तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और महंगाई 4.8% के अनुमान से ऊपर जा सकती है। जेफरीज ने 11-12% सांकेतिक वृद्धि का अनुमान जताया है।

पश्चिम एशिया के गहराते संघर्ष और अमेरिकी टैरिफ के आसन्न संकट के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6% से बढ़ाकर 7% कर दिया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने चेतावनी दी है कि तेल की ऊंची कीमतें और अल नीनो के प्रभाव से महंगाई का जोखिम अभी भी बना हुआ है।

मूडीज ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि सालाना आधार पर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई, जो समूचे कैलेंडर वर्ष 2025 की 7.3 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। इसमें निजी खपत में मजबूती, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च से सकल स्थिर पूंजी निर्माण में मजबूत वृद्धि और निजी क्षेत्र के निवेश में संभावित सुधार के साथ सेवा क्षेत्र की लगातार मजबूती का योगदान रहा। भारत की 'बीएए3' रेटिंग की समीक्षा के बाद मूडीज अनुमान है कि भारत पर कर्ज का बोझ लगातार अधिक बना हुआ है। ब्याज लागत भी ऊंचे स्तर पर है, जो बड़ा जोखिम है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा, भविष्य में यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होता है तो ऊर्जा की ऊंची कीमतें चालू वित्त वर्ष में सालाना औसत महंगाई को 4.8 प्रतिशत के अनुमान से ऊपर ले जा सकती हैं। यह वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है।

पूंजी बाजार फर्म जेफरीज के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग, बैंक क्रेडिट में तेजी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार के दम पर भारत चालू वित्त वर्ष में 11 से 12 फीसदी की सांकेतिक जीडीपी वृद्धि दर्ज करने की राह पर है। इसका मतलब है कि बड़े आर्थिक आधार मजबूत बने हुए हैं।

## पीएसीएल धन शोधन: ईडी ने 42.13 करोड़ रुपये के शेयर कुर्क किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएसीएल लिमिटेड से जुड़े एक बड़े धन शोधन मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी के दिल्ली आंचलिक कार्यालय ने 42.13 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर अस्थायी रूप से कुर्क किए हैं। ये शेयर मेसर्स इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लिमिटेड के थे, जो मेसर्स एन. एन. फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास थे। यह कुर्की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी की यह कार्रवाई पीएसीएल लिमिटेड और उसकी संबंधित संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर संचालित एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी की जांच का हिस्सा है। इस धोखाधड़ी में एक सामूहिक निवेश योजना शामिल थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। सीबीआई ने बाद में 33 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र और पूरक आरोप पत्र दाखिल किए थे।

# भारत-वेस्टइंडीज के बीच टी-20 मैच 6 अक्टूबर को, 399 का होगा सबसे सस्ता टिकट




**लखनऊ।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 6 अक्टूबर को होने वाले पहले टी-20 मुकाबले को लेकर लखनऊ में तैयारियां तेज हो गई हैं। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए शनिवार को टिकट लॉन्चिंग समारोह आयोजित किया गया। इस मैच को लेकर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने तैयारियां तेज कर दी हैं और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यूपीसीए के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि मुकाबले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मैच के लिए टिकटों की शुरुआती कीमत 399 रुपये निर्धारित की गई है। वहीं सबसे महंगा टिकट साउथ लाउंज के ए और बी ब्लाक का रहेगा जिसकी कीमत 13,500 रुपए होगी।

यूपीसीए के कोषाध्यक्ष सचिन आनंद शुक्ला ने बताया कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले इस टी-20 मुकाबले के लिए टिकटों की आनलाइन बिक्री शुरू हो गई है। आनलाइन टिकट डिस्ट्रिक्ट ऐप (बाई जोमैटो) पर मिलेंगे जिसकी शुरुआत शनिवार शाम से हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद की जा रही है।

यूपीसीए की मीडिया समिति के चेयरमैन मोहम्मद फहीम ने कहा कि एसोसिएशन एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की सफल मेजबानी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों को शानदार अनुभव मिलेगा और भविष्य में भी इकाना स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करता रहेगा।

इस अवसर पर मौजूद इकाना स्पोर्ट्स सिटी के सीएमडी उदय सिन्हा ने कहा कि मैच के आयोजन को लेकर स्टेडियम में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि दर्शकों को मैच के दौरान बेहतर सुविधाएं देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


# सेल्सफोर्स ने पेश किया एजेंटिक एंटरप्राइज का विजन

**सैन फ्रांसिस्को।** 15 से 17 सितंबर तक आयोजित ड्रीमफोर्स 2026 में सेल्सफोर्स ने इंसानों और एआई एजेंट्स के साथ मिलकर काम करने वाले 'एजेंटिक एंटरप्राइज' का अपना विजन पेश किया। कंपनी के मुताबिक, एआई एजेंट अब केवल कर्मचारियों की मदद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि रीजनिंग करने, कार्रवाई करने और वास्तविक कारोबारी कार्य पूरे करने में भी भूमिका निभाएंगे।

सेल्सफोर्स ने इस दौरान नई इंटरफेस लेयर एआईफोर्स पेश की। इसके जरिए कंपनी के डेटा, वर्कफ्लो, बिजनेस लॉजिक, परमिशन, सिक्योरिटी और गवर्नेंस को एआई इंटरफेस से जोड़ा जा सकेगा। इसके अलावा सेल्सफोर्स और एंथ्रोपिक ने क्लॉडफोर्स लॉन्च किया, जिसके माध्यम से क्लॉड के भीतर सेल्सफोर्स की क्षमताओं का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

कंपनी ने एनवीडिया के साथ मिलकर कोआ नामक सीआरएम रीजनिंग मॉडल भी पेश किया। इसे जटिल और मल्टी-स्टेप एंटरप्राइज वर्कफ्लो के लिए विकसित किया गया है। सेल्सफोर्स साउथ एशिया की प्रेसिडेंट एवं सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय व्यवसाय एआई के प्रयोगात्मक चरण से आगे बढ़कर ग्राहक सेवा, कर्मचारी सशक्तीकरण और कारोबार की वृद्धि में एआई एजेंट्स को शामिल कर रहे हैं। कंपनी के अनुसार, भारत की तकनीकी प्रतिभा और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## 'मैं ना रहा मेरा' का टीज़र हुआ रिलीज़



**लखनऊ।** मोशन पोस्टर को मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद फिल्म 'मैं ना रहा मेरा' के निर्माताओं ने फिल्म का भावनाओं से भरपूर टीज़र जारी कर दिया है। अध्ययन सुमन और बॉलीवुड में डेब्यू कर रहीं दिविता राय (मिस दिवा 2022) अभिनीत यह फिल्म प्यार, अहंकार और अधूरे रिश्तों की भावनात्मक कहानी को सामने रखती है। फिल्म एक सवाल उठाती है– 'क्या गुरूर इश्क से बड़ा हो सकता है?'

बर्फ से ढके पहाड़ों और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों से शुरू होने वाला टीज़र दर्शकों को तेज़ रफ्तार मोटरसाइकिल सीक्वेंस और प्यार के बेहद खूबसूरत पलों के बीच ले जाता है। बर्फबारी, जश्न, प्यार, जुदाई और अधूरी चाहत के बीच कहानी का भावनात्मक पक्ष धीरे-धीरे सामने आता है।

फिल्म में राज का किरदार निभा रहे अध्ययन सुमन ने कहा, 'टीज़र दर्शकों को पहली बार राज की दुनिया की एक वास्तविक झलक देता है– एक ऐसी दुनिया, जहां वह बेपनाह प्यार और अहंकार के बीच उलझा हुआ है। 'मैं ना रहा मेरा' इस बात को तलाशती है कि जब इंसान का गुरूर उसे खुद को संभालने और आगे बढ़ने नहीं देता, तो उसके रिश्तों पर क्या असर पड़ता है।' बॉलीवुड में अपनी अभिनय यात्रा की शुरुआत कर रहीं दिविता राय ने कहा, 'यह फिल्म हमेशा मेरे दिल के बेहद खास रहेगी, क्योंकि यह एक अभिनेत्री के रूप में मेरी यात्रा की शुरुआत है। इतने भावनात्मक और कई परतों वाले किरदार को निभाने ने मुझे खुद के एक नए पहलू को जानने का अवसर दिया। यह अनुभव चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद रोमांचक और संतोषजनक भी रहा।'

टीज़र के अंत में अरिजीत सिंह की आवाज़ में फिल्म का टाइटल ट्रैक 'मैं ना रहा मेरा' सुनाई देता है। राहुल नायर द्वारा कंपोज़ किया गया यह गीत फिल्म के संगीत और भावनात्मक दुनिया की गहरी झलक देता है।

अध्ययन सुमन ने आगे कहा, 'हमने इस फिल्म को सदाबहार, मेलोडी से भरपूर रोमांस के प्रति एक श्रद्धांजलि के रूप में देखा है। राहुल नायर का संगीत हमारी कहानी की धड़कन है और यह टीज़र दर्शकों को आने वाली भावनात्मक यात्रा की सिर्फ एक झलक देता है।'

# सनफ़्रा ग्रीन एनर्जी बनी वाराणसी के लिए अडानी सोलर की अधिकृत चैनल पार्टनर



**लखनऊ।** सनफ़्रा ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने वाराणसी में अडानी सोलर के साथ अपनी तीसरी अधिकृत चैनल पार्टनरशिप की घोषणा की है। यह साझेदारी अहमदाबाद-विजापुर और राजकोट में सफल विस्तार के बाद शुरू की गई है। इसका उद्देश्य वाराणसी में रूफटॉप सोलर यानी घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को बढ़ावा देना और भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना का समर्थन देना है।

इस योजना का लक्ष्य देशभर में 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन स्थापित करना है। योजना के लिए सरकार की ओर से कुल 75,021 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इस साझेदारी के माध्यम से सनफ़्रा ग्रीन एनर्जी वाराणसी के बाजार में अडानी सोलर के सौर मॉड्यूल की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग करेगी। इसके साथ ही डीलरों, इंस्टॉलरों, उद्यमियों और सौर ऊर्जा से जुड़े अन्य सेवा प्रदाताओं के स्थानीय नेटवर्क को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

कंपनी का कहना है कि इस पहल से वाराणसी में स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ते कदमों को गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर सौर ऊर्जा से जुड़े कारोबार एवं रोजगार के नए अवसर विकसित हो सकते हैं।

साझेदारी के लॉन्च कार्यक्रम में वाराणसी के सोलर डीलरों, वितरकों, उद्यमियों और व्यवसाय मालिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में रूफटॉप सोलर को लेकर बढ़ती रुचि और स्थानीय सौर ऊर्जा क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं पर चर्चा हुई।

अडानी सोलर और सनफ़्रा ग्रीन एनर्जी के प्रतिनिधियों ने व्यापक स्तर पर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए मजबूत स्थानीय साझेदार नेटवर्क की भूमिका पर जोर दिया।

सनफ़्रा ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक हमित पटवा, नमन नागरशेठ, ईशान चोलिया, शिवम वेकारिया और कल्पेश सोलंकी ने कहा कि कई परिवारों के सामने रूफटॉप सोलर अपनाने में जागरूकता, विश्वसनीय उत्पादों तक पहुंच और भरोसेमंद इंस्टॉलेशन सहायता जैसी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी में साझेदारी के जरिए गुणवत्तापूर्ण सोलर मॉड्यूल को ग्राहकों के करीब लाने और मजबूत स्थानीय नेटवर्क तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य सौर ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया को अधिक सरल और सुलभ बनाना तथा पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के उद्देश्य में योगदान देना है।

# अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने रिटर्न ऑफ प्रीमियम प्रपोजिशन के साथ टर्म इंश्योरेंस लॉन्च किया

**कानपुर।** ग्राहकों को अधिक स्वस्थ, सुरक्षित और संतोषपूर्ण जीवन जीने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने रिटर्न ऑफ प्रीमियम प्रपोजिशन वाले टर्म इंश्योरेंस प्लान को लॉन्च करने की घोषणा की है। 'अवीवा स्मार्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम टर्म प्लान' नाम से लॉन्च किए गए इस नए प्रोडक्ट के तहत ग्राहकों को मैच्योरिटी तक जीवित रहने पर चुकाए गए कुल प्रीमियम का 105 प्रतिशत वापस मिलेगा। इस लॉन्चिंग को लेकर अवीवा लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ एवं एमडी असित रथ ने कहा, 'आज के समय में ग्राहक ऐसे इंश्योरेंस (प्रोटेक्शन) सॉल्यूशंस की तलाश में रहते हैं, जो पॉलिसी टर्म के दौरान मिलने वाले बेनिफिट्स के मामले में स्पष्टता के साथ-साथ फाइनेंशियलसिक्योरिटी भी दें। हमारे टर्म इंश्योरेंस विद रिटर्न ऑफ प्रीमियम प्रपोजिशन के साथ हम लाइफ प्रोटेक्शन और प्रीमियम रिटर्न्स के फायदे को एक साथ ला रहे हैं। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस में हम प्रोटेक्शन के साथ ग्राहकों के संपूर्ण कल्याण को भी समर्थन देने का दृष्टिकोण रखते हैं।इसके लिए हम स्वस्थ जीवनशैली, सही आदतों और भविष्य के लिए बेहतर तैयारी को प्रोत्साहित करते हैं। समय के हिसाब से और ग्राहकों को केंद्र में रखने वाले समाधानों के माध्यम से हमारा लक्ष्य लोगों और परिवारों को आत्मविश्वास के साथ अधिक स्वस्थ, सुरक्षित एवं ज्यादा सजग जीवन जीने में मदद करना है।'

अवीवा लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री रजत श्रीवास्तव ने कहा, 'अवीवा लाइफ इंश्योरेंस में हमारा डिस्ट्रीब्यूशन फोकस ऐसे प्रोटेक्शनसॉल्यूशंस के साथ ग्राहकों के एक बड़े वर्ग तक पहुंचने पर है, जो उनकी बदलती जरूरतों और वित्तीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हों। टर्म इंश्योरेंस विद रिटर्न ऑफ प्रीमियम हमारे प्रोटेक्शन पोर्टफोलियो को मजबूत करता है और हमारी डिस्ट्रीब्यूशन टीमों को जीवन के विभिन्न चरणों में ग्राहकों से जुड़ने के लिए एक और प्रपोजिशन देता है, साथ ही परिवारों को ज्यादालॉन्ग टर्म फाइनेंशियल सिक्योरिटी में मदद करता है। हम विभिन्न चैनलों एवं बाजारों में अपनी पहुंच को मजबूत कर रहेहैं और ग्राहकों के साथ जुड़ाव को गहरा करनेके लिए प्रयासरत हैं। इन कदमों के साथ हम '2047 तक सभी के लिए बीमा' के व्यापक इंडस्ट्री विजन को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

बदलते वक्त केसाथ ग्राहक ऐसी वित्तीय योजनाएं (फाइनेंशियल प्लानिंग) चाह रहे हैं, जो प्रोटेक्शनकी जरूरतों और दीर्घकालिक वित्तीय योजना (लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लानिंग), दोनों को पूरा करती हों। यह प्रपोजिशन टर्म इंश्योरेंस के फायदे को पॉलिसी टर्म के अंत में एक फिक्स्ड रिटर्न से जोड़ता है। यह प्लान पॉलिसी टर्म के दौरान लाइफ इंश्योरेंस कवर प्रदान करता है और पॉलिसी टर्म के अंत तक सर्वाइवल (जीवित रहने) पर पॉलिसी के नियमों और शर्तों के तहत चुकाए गए कुल प्रीमियम का 105 प्रतिशत रिटर्न करता है।

यह प्रपोजिशन ग्राहकों को 10 से 30 वर्षों तक का पॉलिसी टर्म और 5 लाख से 50 लाख रुपये तक का लाइफ इंश्योरेंस कवर चुनने का विकल्प देता है। इसका निर्धारण पात्रता मानदंडों (एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया) तथा पॉलिसी के नियमोंएवं शर्तों के तहत होगा। ग्राहक 18 से 60 वर्ष की आयु के बीच प्लानले सकते हैं। मैच्योरिटी की अधिकतम आयु 75 वर्ष है।

## राइज़ एंड फॉल सीज़न 2: स्वरा, शहज़ाद समेत 4 सितारों की एंट्री

**बरेली।** मनोरंजन और ड्रामा का रोमांच अपने चरम पर पहुँचने वाला है, जहाँ सत्ता की खींचतान, दमदार हस्तियाँ, बदलते रिश्ते और हर मोड़ पर आने वाले रोमांचक ट्विस्ट देखने को मिलेंगे! भारत की सबसे बड़ी एक्सक्लूसिव ओरिजिनल्स स्ट्रीमिंग सर्विस प्राइम वीडियो ने आज धमाकेदार मसाला रियलिटी शो राइज़ एंड फ़ॉल सीज़न 2 का प्रोमो जारी किया! इस प्रोमो में 15 प्रतियोगियों की शानदार टीम में से पहले चार प्रतियोगियों स्वरा भास्कर, शहज़ाद पूनावाला, प्रियंका चाहर चौधरी और करण पटेल से परिचित कराया गया है! इस शो की मेज़बानी वीरेंद्र सहवाग कर रहे हैं। अपनी खास हाज़िरजवाबी, बेबाक अंदाज़ और सीधी बात करने के तरीके से शो में जान डालेंगे। यहाँ किस्मत स्कोरकार्ड से भी तेज़ी से बदल सकती है और आज का शासक कल का कामगार बन सकता है। 26 सितंबर से शुरू होने वाला यह नया सीज़न 42 दिनों तक लगातार मनोरंजन से भरपूर रहेगा। इसमें रणनीतिक चालों से लेकर सितारों के बीच टकराव, अनपेक्षित ट्विस्ट और हैरान कर देने वाले पलों तक, रोज़ाना देखने के लिए मनोरंजन की हर ज़रूरी चीज़ मौजूद होगी। प्रोमो में सत्ता के इस खेल में कदम रखने वाले पहले चार प्रतिभागियों के नाम सामने आते हैं। मेज़बान वीरेंद्र सहवाग ऐसे प्रतिभागियों की टीम की झलक दिखाते हैं, जिसका अंदाज़ा लगाना आसान नहीं होगा - स्वरा भास्कर, एक बेबाक और निडर आवाज़, जो अपनी बात खुलकर कहने से कभी पीछे नहीं हटतीं; शहज़ाद पूनावाला, जो प्राइमटाइम की सुर्खियों से निकलकर अब एक बिल्कुल अलग तरह की सत्ता की जंग में उतर रहे हैं; प्रियंका चाहर चौधरी, रियलिटी शो की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा, जो अब एक ऐसे खेल में लौट रही हैं, जहाँ उन्हें पता है कि हर चाल को सही तरीके से चलना कितना ज़रूरी है; और करण पटेल, टेलीविज़न के सबसे पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक, जो अब लिखी हुई कहानी वाले ड्रामा से निकलकर सत्ता के इस वास्तविक मुकाबले में उतर रहे हैं।

## लैम रिसर्च ने भारत में विस्तार का ऐलान किया

**बेंगलुरु।** सेमीकॉन इंडिया 2026 की तैयारी में, सेमीकंडक्टर बनाने वाली मशीनों और सेवाओं की दुनिया की प्रमुख कंपनी, लैम रिसर्च कॉर्प ने घोषणा की कि वह भारत में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इस राशि का उपयोग देश में अपनी पहली सिलिकॉन कंपोनेंट बनाने वाली फैक्ट्री लगाने और अपने एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) काम को और बढ़ाने के लिए किया जाएगा। यह योजनाबद्ध निवेश भारत में सेमीकंडक्टर सेक्टर के महत्वपूर्ण हिस्सों में लंबे समय के लिए निवेश करने की लैम की सोच को दर्शाता है। लैम पिछले 25 से भी ज़्यादा सालों से भारतीय सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आगे रही है। कंपनी यहां एक बड़ा इंजीनियरिंग सेंटर और देश की सबसे आधुनिक चिप रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रयोगशालाओं में से एक चलाती है। इस दौरान, कंपनी ने भारत को अपनी वैश्विक सप्लाई चेन में शामिल किया और मज़बूत वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्रोग्रामों के ज़रिए हज़ारों लोगों को सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तैयार किया। मैन्युफैक्चरिंग में यह नया निवेश विकास के अगले चरण को दर्शाता है, जिससे एआई के दौर में सेमीकंडक्टर की बढ़ती ज़रूरतों के बीच दुनिया भर के ग्राहकों की मदद की जा सके।

## ज़ी टीवी का सा रे गा मा पा अपने अब तक के सबसे भव्य सीज़न के साथ लौटा; हिंदी ज़ी5 पर भी होगा स्ट्रीम

**मुंबई।** ज़ी टीवी ने आज मुंबई में आयोजित एक खास मीडिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने ओरिजिनल म्यूज़िक रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' की वापसी का ऐलान किया। इस दौरान नए सीज़न की झलक दिखाते हुए 'हिंदुस्तान का संगीतस्थान' की दुनिया से रूबरू कराया गया, जो संगीत के जश्न को समर्पित एक खास दुनिया है। मीडिया को वर्चुअल रियलिटी एक्सपीरियंस के जरिए 'सा रे गा मा पा 2026' के शानदार नए सेट की पहली झलक भी दिखाई गई। यह शो 19 सितंबर 2026 से शुरू होगा और हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे ज़ी टीवी और हिंदी ज़ी5 पर प्रसारित और स्ट्रीम किया जाएगा।करीब तीन दशक से सच्चे संगीत और शानदार टैलेंट की पहचान बना हुआ यह नया सीज़न एक आम सिंगिंग रियलिटी शो से आगे बढ़कर दर्शकों को एक शानदार अनुभव देने वाला है।

# एलजीई इंडिया को 'टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज' के रूप में किया गया सम्मानित

**मान्यता**

**अपनी पहलों के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में मान्यता दी गई है।**



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में आयोजित 25वें एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्ड्स 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जो एक पीपल-फर्स्ट और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लीडरशिप डेवलपमेंट, ऑर्गेनाइजेशनल कैपेबिलिटी, वर्कप्लेस कल्चर, एम्प्लॉयी एक्सपीरियंस और टैलेंट डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपनी पहलों के लिए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में मान्यता दी गई है। इस पुरस्कार के साथ ही, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर (सीएचआरओ), ज्वा नाम किम को एचआर ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाने और बिजनेस ग्रोथ में कर्मचारियों को एक रणनीतिक आधार के रूप में स्थापित करने में उनके नेतृत्व के लिए मोस्ट इम्पैक्टफुल एचआर लीडर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

'यह सम्मान एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के हर एक सदस्य को समर्पित है। हमारी एचआर प्रैक्टिसेज हमेशा बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन से जुड़ी पहलों के साथ गहराई से जुड़ी रही हैं। जैसे ही हम अपनी ग्रोथ के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम ऐसी लीडरशिप, क्षमताओं, कल्चर और संगठन का निर्माण करें, जो हमारे कर्मचारियों और हमारे बिजनेस को एक साथ आगे बढ़ने में सक्षम बनाए,' एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के सीएचआरओ, ज्वा नाम किम ने कहा।

ये पहलें कंपनी के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया और मेक इंडिया ग्लोबल' के रणनीतिक दृष्टिकोण से काफी करीब से जुड़ी हुई हैं, जो सस्टेनेबल ग्रोथ और एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग, इनोवेशन व एक्सपोर्ट हब के रूप में भारत के उभरने के मूल में कर्मचारियों और ऑर्गेनाइजेशनल कैपेबिलिटी को स्थापित करती हैं।

ये हालिया सम्मान एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एचआर एक्सीलेंस के निरंतर ट्रैक रिकॉर्ड को और मजबूत करते हैं। कंपनी को लगातार दो वर्षों (2024 और 2025) के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणित किया गया है और वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस से नेशनल बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रांड अवार्ड 2026 भी मिला है। इसके अतिरिक्त, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के सीएचओ, श्री ज्वा नाम किम को हाई-परफॉर्मेंस और पीपल-सेंट्रिक ऑर्गनाइजेशन बनाने में उनके योगदान के लिए टॉप एचआर आइकॉनिक लीडर अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस साल की शुरुआत में, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को लर्निंग व वर्कफोर्स कैपेबिलिटी में निरंतर निवेश के लिए एचआर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (hrai) की ओर से मोस्ट इनोवेटिव एलएंडडी प्रोग्राम अवार्ड 2026 और एचआर डिस्टिंक्शन डायमंड सम्मान भी मिला।

कुल मिलाकर, ये मान्यताएं एक इंक्लूसिव, एजाइल और हाई-परफॉर्मिंग वर्कप्लेस बनाने की दिशा में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के कई वर्षों के सफर को दर्शाती हैं - एक ऐसा वर्कप्लेस जहां टैलेंट, लीडरशिप और ऑर्गेनाइजेशनल कैपेबिलिटी इनोवेशन और लॉन्ग-टर्म बिजनेस ग्रोथ की नींव बने हुए हैं।

# ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने निक्सा शील्ड 6केए एमसीबी रेंज लॉन्च कर स्विचगियर पोर्टफोलियो का किया विस्तार



**नई दिल्ली।** विविध 3 अरब अमेरिकी डॉलर के सी.के. बिरला समूह का हिस्सा, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने निक्सा शील्ड 6केए एमसीबी रेंज लॉन्च करते हुए अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। आवासीय और हल्के व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार की गई यह नई रेंज बेहतर प्रदर्शन, सुरक्षा और उपयोग के अनुकूलता के संतुलन के साथ विश्वसनीय सर्किट सुरक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करती है। निक्सा शील्ड 6केए एमसीबी को साइट की परिस्थितियों की परवाह किए बिना अधिक लचीलापन प्रदान करते हुए, इंस्टॉलेशन को आसान बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस रेंज में 35 वर्ग मिलीमीटर के दोहरे-कार्य वाले टर्मिनल दिए गए हैं, जो दोनों तरफ से बसबार और केबल कनेक्शन को सपोर्ट करते हैं। इसमें 13-प्लेट आर्क शूट डिजाइन दिया गया है, जो करंट पाथ को बेहतर बनाता है और बिजली की हानि को कम करता है।

दो-स्थिति वाला डीआईएन क्लिप तेज और सुरक्षित माउंटिंग की सुविधा देता है, जबकि लाइन-लोड रिवर्सिबिलिटी दोनों तरफ से आने वाले और जाने वाले कनेक्शन की अनुमति देती है।

ओरिएंट इलेक्ट्रिक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र सिंह नेगी ने कहा, '6केए एमसीबी सेगमेंट में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, विशेष रूप से आवासीय और हल्के व्यावसायिक उपयोग में। हम एक विश्वसनीय और बेहतर इंजीनियरिंग वाले उत्पाद के साथ इस जरूरत को पूरा करने का अवसर देखते हैं। निक्सा शील्ड के साथ हम ऐसा समाधान लेकर आए हैं, जिसे रोजमर्रा के इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह विश्वसनीयता, प्रदर्शन और मूल्य का संतुलन प्रदान करता है।'

उन्होंने कहा कि कंपनी ग्राहकों और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के पेशेवरों की जरूरतों को समझने पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्विच, स्विचगियर और वायर श्रेणियों में अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है।

निक्सा शील्ड रेंज 240/415 वोल्ट एसी के रेटेड वोल्टेज के लिए उपलब्ध है। यह बी और सी दोनों कर्व ट्रिपिंग विशेषताओं में 6 एम्पियर से 63 एम्पियर तक की रेटेड धाराओं में आती है। यह आईएस/आईईसी 60898-1 के अनुरूप है और 5 साल की वारंटी के साथ सीई और आईएसआई प्रमाणन प्राप्त है।

# चाकू घोंपकर युवक की हत्या, दूसरा गंभीर, दो गिरफ्तार

पुलिस की शिथिलता के विरोध में ग्रामीणों ने एक घंटे तक शव नहीं उठने दिया, एएसपी के आश्वासन पर माने

अवधनामा संवाददाता


मृतक रोहित खरवार


घटना के बाद सीएचसी तमकुहीराज पर जुटी भीड़

**सेवरही, कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बभनौली में शुक्रवार देर शाम बाइक सवार दो युवकों पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया हाता गांव निवासी रोहित खरवार (22) पुत्र सुरेंद्र खरवार अपने मित्र तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही टड़वा निवासी नीरज पटेल (22) के साथ शुक्रवार शाम बाइक से बभनौली बाजार आया था। बाजार से आवश्यक सामान खरीदने के बाद दोनों बाइक से तुर्कपट्टी क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल भराने जा रहे थे। इसी दौरान बभनौली स्थित एक निजी स्कूल के समीप अज्ञात हमलावरों ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवरही पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद रोहित खरवार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल नीरज पटेल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम तमकुहीराज कुणाल गौरव, सीओ जयंत कुमार, तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष सहित पुलिस अधिकारी सीएचसी सेवरही पहुंचे और घटना की जानकारी ली। चाकूबाजी की सूचना के बाद सीएचसी परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन जुट गए। तमकुहीराज नगर पंचायत के चेयरमैन जेपी गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इनकार कर दिया। करीब एक घंटे तक शव सीएचसी में ही रखा रहा। ग्रामीणों की मांग थी कि घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बाद में एएसपी सिद्धार्थ वर्मा द्वारा फोन पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

### पुरानी रंजिश में हमला किए जाने की आशंका

एएसपी सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दो बाइक पर सवार चार युवकों द्वारा पुरानी रंजिश में चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिए जाने की बात सामने आ रही है। मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय का ताला तोड़कर स्मार्ट टीवी समेत लाखों का सामान चोरी

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर आठ बहुआस स्थित कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर विद्यालय के तीन कमरों के ताले तोड़कर स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर, वाई-फाई उपकरण, गैस सिलेंडर, डी.जे. साउंड बॉक्स समेत बच्चों के खेल का सामान चोरी कर ले गए।

शनिवार सुबह विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों को चोरी की जानकारी हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना देने के साथ ही कप्तानगंज थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विद्यालय का निरीक्षण कर घटनास्थल से जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय ने बताया कि विद्यालय में चोरी की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर जांच कर रही है और घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादें, 59 में 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कप्तानगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में 49 मामले रहे अवशेष, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो


कप्तानगंज तहसील में लोगों की फरियाद सुनते डीएम

**कुशीनगर।** तहसील कप्तानगंज में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 59 शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि 49 प्रकरण अवशेष रहे। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 31 मामले शामिल रहे, जिनमें 10 का निस्तारण हुआ और 21 प्रकरण लंबित रहे। इसके अलावा पुलिस विभाग से 04, विकास विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 01 तथा अन्य विभागों से संबंधित 20 शिकायतें प्राप्त हुई। संयुक्त राजस्व एवं पुलिस, समाज कल्याण तथा शिक्षा विभाग से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवशेष मामलों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला पंचायतराज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

अवधनामा ब्यूरो

दो दिवसीय प्रशिक्षण में अधिकारियों व कार्मिकों को सौंपी गई जिम्मेदारियां, कार्यप्रणाली की दी गई विस्तृत जानकारी

**कुशीनगर।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जनपद में दो दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, कार्मिकों एवं ऑपरेटरों को द्वितीय चरण की कार्यप्रणाली, दायित्वों और तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में लखनऊ निदेशालय से नामित जिला जनगणना प्रभारी लवलीन पटेल ने जनपद के सभी उपजिलाधिकारी (एसडीएम), अधिशासी अधिकारी (ईओ), खंड शिक्षा अधिकारी (एबीएसए), तहसीलदार, जनगणना कर्मियों एवं ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती, उनके कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारियों और आपसी समन्वय की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया।प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों एवं कार्मिकों को अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, निर्धारित प्रपत्रों एवं आंकड़ों की शुद्धता तथा तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य में ऑपरेटरों की भूमिका और विभिन्न स्तरों पर बेहतर समन्वय बनाए रखने को भी महत्वपूर्ण बताया गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है।

जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, नीतियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी नियोजन में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा आपसी समन्वय बनाए रखते हुए तैयारियों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। दो दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की स्पष्ट जानकारी दी गई।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की पीड़ा, दिया त्वरित समाधान का निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती ।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना और पुलिस अधीक्षक डॉश यशवीर सिंह ने आज बस्ती सदर तहसील में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की पीड़ा सेुनी और शिकायतों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

बस्ती सदर तहसील में सम्पन्न सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग 20, पुलिस विभाग 15, पूर्ति विभाग 20, विद्युत विभाग 03, चकबन्दी विभाग 03, तथा अन्य के 20 मामलें है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनन्द कुमार गुप्ता, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मत्स्य अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, डीएचओ सहीत जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शिकायतों के निस्तारण में हीला हवाली पर होगी कार्रवाई : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया तहसील गौरीगंज में 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का निस्तारण किया गया तहसील तिलोई में 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना नीतेश राज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एक ही शासनादेश, दोहरा रवैया! रमेश कार्यमुक्त, सुभाष पर क्यों मेहरबानी?

अवधनामा ब्यूरो

डीआईओएस कार्यालय में स्थानांतरण आदेश के अनुपालन पर उठे सवाल, कार्यमुक्ति रोकने के आधार पर मांगा जवाब

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लिपिकों के स्थानांतरण को लेकर शासनादेश के अनुपालन पर सवाल खड़े हो गए हैं। लंबे समय से एक ही जनपद में तैनात लिपिकों के स्थानांतरण के तहत रमेश तिवारी को महराजगंज और सुभाष प्रसाद यादव को बलिया स्थानांतरित किया गया। डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त ने रमेश तिवारी को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया, लेकिन सुभाष यादव अब तक कार्यालय में जमे हुए हैं।

एक ही आदेश के तहत दो कर्मचारियों पर अलग-अलग कार्रवाई को लेकर विभागीय स्तर पर चर्चाएं तेज हैं। सूत्रों का दावा है कि सुभाष यादव का स्थानांतरण रुकवाने अथवा कार्यमुक्ति टालने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सुभाष यादव की नियुक्ति 6 अक्टूबर 1989 को अनौपचारिक शिक्षा परियोजना में परिचारक पद पर हुई थी। परियोजना समाप्त होने के बाद उनकी सेवा किस आदेश और किस पद के आधार पर जारी रही, यह भी जांच का विषय बताया जा रहा है। उनकी मूल नियुक्ति, सेवा निरंतरता, पद स्वीकृति और सेवा पुस्तिका की जांच से ही पूरी स्थिति साफ हो सकती है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब रमेश तिवारी को शासनादेश के तहत कार्यमुक्त किया जा सकता है तो सुभाष यादव को क्यों नहीं? यदि उनकी कार्यमुक्ति रोकने का कोई वैधानिक आदेश है तो वह किस सक्षम अधिकारी ने जारी किया और उसका आधार क्या है। शासनादेश एक है तो कार्रवाई भी समान होनी चाहिए– यही सवाल अब डीआईओएस कार्यालय से जवाब मांग रहा है।

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**अमेठी।** 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय बेनीपुर परिसर में शनिवार को स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद विषय पर ग्राम चौपाल आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के प्राकृतिक उपायों के साथ आयुर्वेद और दैनिक जीवनशैली में इसके महत्व की जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार नियमित दिनचर्या योग और व्यायाम अपनाने तथा बीमारियों के लक्षणों को नजरअंदाज न करने के प्रति जागरूक किया। डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खान-पान और दिनचर्या में संतुलन जरूरी है। डॉ कौशलेन्द्र सिंह ने नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की सलाह दी। डॉ लुबना जमीर ने रोगों की समय से पहचान के महत्व की जानकारी दी। डॉ हेमलता ने प्राकृतिक एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लेखाधिकारी आशीष पांडेय फार्मासिस्ट आयुर्वेद शाफे खान समेत चिकित्सालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क पर सज रहा 'ऑटो स्टैंड', नियमों की उड़ रही धज्जियां!

बीच सड़क सवारी बैठाने से जाम और हादसे का खतरा, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

अवधनामा ब्यूरो


मथौली चौराहे पर सड़क पर ही सवारी बैठाते ऑटो चालक

**कुशीनगर।** शहर और प्रमुख बाजारों में ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी यातायात व्यवस्था पर भारी पड़ रही है। निर्धारित स्टैंड के बजाय चालक सड़क पर ही ऑटो खड़ा कर सवारियां बैठाने और उतारने में लगे रहते हैं। इससे व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति पैदा होने के साथ राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चौराहों और प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे से लेकर कई जगहों पर ऑटो चालक बीच मार्ग में वाहन रोककर सवारियों का इंतजार करते दिखाई देते हैं। एक साथ कई ऑटो खड़े हो जाने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात की रफ्तार प्रभावित होती है। ऐसे में पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। सबसे खराब स्थिति नगर पंचायत मथौली चौराहे की है।

**कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रहा आक्रोश :** स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात नियमों के उल्लंघन के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का आरोप है कि सड़क पर ही सवारी बैठाने की इस व्यवस्था के कारण आए दिन यातायात प्रभावित होता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

### निर्धारित स्टैंड और नियमित जांच की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और यातायात विभाग से प्रमुख चौराहों व व्यस्त मार्गों पर ऑटो के लिए निर्धारित स्टैंड की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही सड़क पर अवैध रूप से ऑटो खड़ा कर सवारी बैठाने वालों के खिलाफ नियमित जांच और नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क पर लगने वाले इन अस्थायी 'ऑटो स्टैंड' पर सख्ती नहीं की जाएगी, तब तक जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहेगा। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस समस्या पर कब प्रभावी कदम उठाते हैं और सड़कों पर लगने वाले इन 'ऑटो स्टैंड' पर कब लगाम लगती है।

## रामकोला विधायक विनय प्रकाश के पिता का निधन



**कुशीनगर।** रामकोला विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय प्रकाश गोंड के पिता गया प्रसाद गोंड का शनिवार निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही विधायक के परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि स्व गया प्रसाद काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। इनका इलाज लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में हो गया। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गया प्रसाद गोंड का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भठही बुजुर्ग में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार, शुभचिंतक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। पिता के निधन से विधायक विनय प्रकाश गोंड एवं उनके परिजन गहरे शोक में हैं। शोक की इस घड़ी में परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबियों ने विधायक एवं उनके परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों ने गया प्रसाद गोंड के निधन को परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार में सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक मोहन वर्मा, विधायक पीएन पाठक, विधायक मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, तमकुहीराज विधायक, डॉ असीम कुमार, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सहित तमाम दलों को नेता व पदाधिकारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**अमेठी।** नगर स्थित निरीक्षण भवन सभागार में शनिवार कोअवधी साहित्य संस्थान की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।जिसमें रामगढ़ निवासी संस्थान के महासचिव रामेश्वर सिंह निराश के कनिष्ठ पुत्र दिवंगत अर्पित सिंह के निधन पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों साहित्यकारों तथा साहित्य प्रेमियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में सर्व प्रथम स्वर्गीय अर्पित सिंह के चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए कैलाश नाथ शर्मा ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जन्म मृत्यु ध्रुव निश्चित है।?प्रभु परिवार वालों को असहनीय दुःख सहने की क्षमता प्रदान करे। संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि जीव एक पत्ते के सदृश पवन कहां उड़ा ले जाय?इसका पता नही।मनुष्य का जीवन निमित्त मात्र है उसे एक न एक दिन परम में बिलीन हो ही जाना है।अम्बरीष मिश्र ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पुत्र शोक संसार का सबसे दुःख है। प्रभु असहनीय वेदना सहने की क्षमता रामेश्वर सिंह निराश एवं उनके परिवार तथा सुहृदजनों को दे। डॉ अंगद सिंह ने कहा मृत्यु लोक ?में सभी को एक दिन जाना है।स्मृतियां ही उसे जीवित रखती हैं।

## उपकेंद्र मालवीय रोड से पोषित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति आज 10:00 से 03:00 तक बाधित रहेगी : अधिशासी अभियंता

**बस्ती ।** दिनांक 20/09/2026 दिन रविवार को 220द्म1 गिदही ट्रांसमिशन उपकेंद्र से निर्गत 33 के वी मालवीय रोड लाईन के पास आने वाली पेड़ की शाखाओं की कटाई छटाई का कार्य एवं लाइन मेंटिनेंस आदि कार्य प्रस्तावित है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम शुभम पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त दिनांक को सम्बन्धीत 33केवी मालवीय रोड लाईन दिन में समय लगभग 10:00 से 03:00 तक उक्त कार्य के दौरान सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है कृपा कर के उक्त समय सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से निवेदन है कि विद्युत आपूर्ति सुचारू होने तक धैर्य बनाए रखें।

# समानता का जोश भरेगा मीना मंच, नई कहानियों से सशक्त होंगी बालिकाएं

जेंडर इक्विटी, नेतृत्व क्षमता और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो


ीना मंच के मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षित शिक्षक

**कुशीनगर।** मीना मंच को बालिकाओं के सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जेंडर समानता का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। मीना मंच की गतिविधियों में 'सम्मान से समानता तक' की सोच को केंद्र में रखते हुए बच्चों के जीवन से जुड़ी नई कहानियों और गतिविधियों को शामिल किया गया है।

मीना मंच की कॉमिक्स बुक में 'परी हूँ मैं', 'ये नाटक नहीं', 'बड़े सपने बड़े काम' और 'खेल-खेल में' जैसी चार नई कहानियां जोड़ी गई हैं। ये कहानियां विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अनुभवों और उनकी आकांक्षाओं से जुड़ी हैं। वहीं सहभागिता, संवाद और समानता की समझ विकसित करने के लिए 'आधा फूल' डाइस गेम को भी शामिल किया गया है। मीना मंच के सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता विकास एवं सेल्फ एस्टीम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट), प्रयागराज में 11 एवं 12 सितंबर को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें जनपद कुशीनगर से छह शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में उच्च प्राथमिक विद्यालय हिरनही, विशुनपुरा के नीरज बंका, उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनवा, पडरौना के रविंद्र नारायण पांडेय, एआरपी कप्तानगंज प्रवीण शुक्ला, उच्च प्राथमिक विद्यालय महुअवा खुर्द की मनोरमा सिंह, प्राथमिक विद्यालय मदनपुर, कसया के राकेश मणि त्रिपाठी तथा प्राथमिक विद्यालय गड़हिया बसंतपुर के विशाल गोस्वामी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान जेंडर इक्विटी, बालिकाओं की बदलाव की कहानियां, मीना मंच का पुनर्गठन, जेंडर चैंपियन, नेतृत्व क्षमता एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित शिक्षक जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यरत मीना मंच के सुगमकर्ता अध्यापकों को प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य विद्यालय स्तर पर बालिकाओं एवं बच्चों में समानता, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

## इंटरलॉकिंग कार्य में अनियमितता पर पूर्व प्रधान से वसूली का आदेश

**अमेठी।** ग्राम पंचायत ठेंगहा में इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर प्राप्त शिकायत की जांच के बाद जिलाधिकारी संजय चौहान ने पूर्व प्रधान/प्रशासक सुदामा देवी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रकरण में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित स्थल के बजाय दूसरे स्थान पर इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने तथा शासकीय धनराशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि पारसनाथ सिंह के खेत से नरेंद्र सिंह की घर तक इंटरलॉकिंग कार्य प्रस्तावित था लेकिन कार्य को रामपाल के खेत से नरेंद्र की मशीन तक कार्य कराकर वित्तीय अनियमितता बरती गई। इस कार्य पर कुल 322396 रुपये की धनराशि व्यय की गई। जांच के दौरान वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया। जिलाधिकारी के आदेश में कहा गया है कि ग्राम पंचायत ठेगहा की पूर्व प्रधान सुदामा देवी को प्रशासक पद से हटाते हुए 322396 रुपये की दुरुपयोग की गई धनराशि की आधी राशि 161198 रुपये की वसूली भू-राजस्व की भांति किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत सिंहपुर में लगी चौपाल, योजनाओं की दी जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंहपुर में शनिवार को चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। साथ ही शासन की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

चौपाल में प्रशासक मंटू सिंह, सचिव ज्योति वर्मा तथा एएनएम कलाकांति मिश्रा मौजूद रहीं। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा कार्यकर्ताओं, रोजगार सेवक तथा पंचायत सहायक ने भी सहभागिता की। ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषण सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को चौपाल के माध्यम से संबंधित विभाग तक पहुंचाएं, ताकि उनका नियमानुसार समाधान कराया जा सके। चौपाल में पतिराम सिंह, उर्मिला, सुभागी, सरस्वती भोला, पारस, रामकवल, राजपति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सपा की संयुक्त मासिक बैठक में संगठन पर मंथन

**अवधनामा संवाददाता**



- सपा ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की बनाई रणनीति
- 22 सितंबर को शाहजहांपुर आएंगे श्यामलाल पाल

**शाहजहांपुर।** बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को जिला एवं महानगर समाजवादी पार्टी की संयुक्त मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर मंथन किया गया। बैठक में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के 22 सितंबर को शाहजहांपुर आगमन पर उनके स्वागत तथा पुवायां विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है और उनके कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भी संगठन की तैयारियों पर चर्चा की। कहा कि शिक्षक समाज के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, मांगों और अधिकारों को उठाने के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि सपा छात्रों, नौजवानों और युवाओं के मुद्दों को लगातार उठाती रही है। शिक्षा, रोजगार और बेहतर भविष्य युवाओं से जुड़े प्रमुख विषय हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि महंगाई, महंगी खाद-बीज, बढ़ती कृषि लागत और फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। सपा किसानों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। बैठक में पूर्व एमएलसी अमित यादव, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव रिजवान अहमद, विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, कटरा विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, तिलहर विधानसभा अध्यक्ष संदीप यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, गोपाल अग्निहोत्री, दोदराम वर्मा, लखन प्रताप सिंह, शिक्षक नेता श्याम लाल यादव, अरविंद पाल, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष मुकेश यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष उत्पल यादव, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी, जिला सचिव विशुन दयाल कनौजिया, सत्येंद्र यादव, लल्ला सिंह यादव, संतोष कुमार पाल, महानगर छात्र सभा अध्यक्ष सुबहान, महिला सभा महानगर अध्यक्ष जाफरीन, सैनिक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष तेजपाल सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह सितम्बर के शनिवार को तहसील सदर में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, उप जिलाधिकारी अमन देयोल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। साथ ही सम्बन्धित अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय भ्रमण भी करें। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, ईओ प्रमिता सिंह, डीडीएग्री विनय कुमार वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि तहसील सदर में प्राप्त 55 प्रार्थना-पत्रों में से 04 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील कैसरगंज में प्राप्त 92 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 11, तहसील पयागपुर में प्राप्त 15 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 17 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 20 के सापेक्ष 03 व महसी में प्राप्त 41 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## ठाकुर यदुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता

**सुलतानपुर।** दोस्तपुर विकासखंड एवं जयसिंहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ठाकुर यदुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, दानूपट्टी में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय में पिछले करीब पाँच-छह वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी कला एवं हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चरक हाउस, कौटिल्य हाउस, भाभा हाउस एवं आर्यभट्ट हाउस के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। प्रतियोगिता के परिणाम में चरक हाउस की कक्षा 7 की छात्रा मिस्टी जायसवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। भाभा हाउस की कक्षा 12 की छात्रा सिमरन सोनी द्वितीय तथा कौटिल्य हाउस की कक्षा 11 की छात्रा सौम्या तृतीय स्थान पर रहीं।

# लेखन के सपने को निशा देवी ने दी नई उड़ान, अमेजन पर प्रकाशित कीं छह पुस्तकें

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** लेखन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश में जुटीं रोजा क्षेत्र निवासी निशा देवी ने अपनी रचनात्मकता को पुस्तकों का रूप देकर पाठकों तक पहुंचाया है। मूल रूप से हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम धामापुर निवासी निशा देवी ने छह पुस्तकों को ‹mazon KDP (Kindle Direct Publishing) के माध्यम से प्रकाशित किया है। निशा देवी ने बीए, एमएसडब्ल्यू और बीएड तक शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें बचपन से ही पुस्तकों और लेखन के प्रति विशेष रुचि रही है। इसी रुचि को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अलग-अलग विषयों पर लेखन किया। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में Funeral of the Conscience, The Art of Living Happy, ItÓs OK to Fail, Engineer PrashantÑ Dream Drenched in Sweat, Quiet Motivation और The Girl Who Knitted Clouds शामिल हैं।

**सकारात्मक सोच और संघर्ष को बनाया विषय–** निशा देवी की पुस्तकों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, असफलताओं से सीख लेने, संघर्षों का सामना करने और सपनों को पूरा करने जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई है। उनका कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर कोई न कोई प्रतिभा होती है। जरूरत केवल उसे पहचानने और सही अवसर देने की है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मन में लेखक बनने का सपना है, उन्हें अपने विचारों, अनुभवों और भावनाओं को शब्दों में ढालने से शुरुआत करनी चाहिए। डिजिटल सेल्फ-पब्लिशिंग के माध्यम से आज लेखक अपनी रचनाओं को पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। लगातार लिखना और सीखते रहना ही लेखन की दिशा में आगे बढ़ने का माध्यम है।

**माता-पिता को दिया सफलता का श्रेय–** निशा देवी अपनी लेखन यात्रा की सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देती हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाने के साथ हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का प्यार और आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने अपने भाई-बहनों और परिवार के सदस्यों का भी आभार जताया। प्रशांत पाल और अभिषेक पाल सहित परिवार के लोगों को अपनी ताकत बताते हुए निशा देवी ने कहा कि परिवार से मिले सहयोग और प्रोत्साहन ने उन्हें अपने सपनों को आगे बढ़ाने का हौसला दिया।

**लेखन के इच्छुक लोगों को दिया संदेश–** निशा देवी का कहना है कि लेखक बनने का सपना देखने वालों को शुरुआत करने के लिए किसी विशेष अवसर का इंतजार नहीं करना चाहिए। मन में आए विचारों और भावनाओं को शब्दों में ढालकर लेखन की यात्रा शुरू की जा सकती है। उनका उद्देश्य अपनी पुस्तकों के माध्यम से पाठकों तक सकारात्मक संदेश पहुंचाने के साथ उन लोगों को भी प्रेरित करना है, जो लंबे समय से लेखन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए दिशा-निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा की, खासकर उन विभागों की जिनकी प्रगति सी0एम0 डैशबोर्ड पर खराब है। जिलाधिकारी ने सेतु निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के उपरांत जिले की सभी प्रमुख सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर गड्ढा मुक्त किया जाए, पी0डब्यू0डी0, आर0ए0डी0 एवं स्थानीय निकायों को तत्काल गड्ढा युक्त सड़कों का सर्वे कराकर सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत बैंकों में लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु लीड बैंक मैनेजर को सख्त निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट टूल किट योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण तथा टूलकिट वितरण की स्थिति का जायजा लिया, पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रगति डाटा को समय से अपडेट करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को नहरों की सिल्ट सफाई करने एवं टेल तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि किसानों को सिंचाई में कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी निराश्रित पशु सड़कों पर दिखाई न दे उनको पूर्णतः संरक्षित किया जाए, इसमें सभी खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भली-भांति करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया की सबसे खराब पैरामीटर के विद्यालयों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

# उत्तरा नक्षत्र में बारिश से किसानों को धान की अच्छी पैदावार की उम्मीद

- घाघ, भड्डरी की कहावतों में मौसम और खेती का लोकज्ञान, बारिश से सिंचाई का खर्च भी घटा



**अवधनामा संवाददाता**

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** ‘उत्तरा नक्षत्र में बरसे पानी, कबहूं न हुए अन्न के हानी। जब बरसे नक्षत्र उत्तरा, नाज न खावे कुत्तरा। ‘घाघ, भड्डरी की सदियों पुरानी यह लोक कहावत इन दिनों ग्रामीण अंचलों में फिर चर्चा में है। उत्तरा नक्षत्र के दौरान हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर धान समेत खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार को लेकर उम्मीद जगी है। बारिश से खेतों में नमी बढ़ने के साथ किसानों को कई जगह सिंचाई पर होने वाले खर्च से भी राहत मिली है।

**धान की फसल के लिए बारिश महत्वपूर्ण–** धान की खेती में पानी और मिट्टी की पर्याप्त नमी का विशेष महत्व है। फसल की अलग-अलग अवस्थाओं में पर्याप्त जल उपलब्ध रहने से पौधों की बढ़वार, कल्ले निकलने और बालियां बनने में मदद मिलती है। उत्तरा नक्षत्र में हुई बारिश से उन खेतों को विशेष लाभ मिला है, जहां सिंचाई की आवश्यकता थी। इसलिए किसानों के लिए धन की फसल के लिए अच्छी बारिश की आवश्यकत भी है।

**घाघ-भड्डरी ने अनुभव से जोड़े थे मौसम और खेती के संकेत–** ग्रामीण कृषि संस्कृति में घाघ और भड्डरी का नाम मौसम और खेती से जुड़ी लोक कहावतों के लिए प्रमुखता से लिया जाता है। आधुनिक मौसम विज्ञान की सुविधाएं उपलब्ध न होने के दौर में किसान बादलों की चाल, हवा की दिशा, तापमान, नमी, वर्षा के समय और प्राकृतिक बदलावों को देखकर मौसम का अनुमान लगाते थे। इन्हीं लंबे कृषि अनुभवों से अनेक कहावतें लोकजीवन में प्रचलित हुईं। **आषाढ़ मास पूनो अमावस, बादल गरजे घोर**–तब जानो वर्षा होगी, खेत रहेंगे चोर जैसी अनेक लोक उक्तियां वर्षा और कृषि के पारंपरिक अनुभवों को अभिव्यक्त करती हैं। हालांकि इन कहावतों को वैज्ञानिक मौसम पूर्वानुमान का विकल्प नहीं माना जा सकता।

**लोकज्ञान और मौसम विज्ञान का अपना-अपना महत्व**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फसल उत्पादन पर वर्षा की मात्रा के साथ उसका समय, तापमान, आर्द्रता, मिट्टी की नमी और जलनिकासी भी प्रभाव डालते हैं। वर्तमान समय में किसान, मौसम विभाग के पूर्वानुमान, कृषि वैज्ञानिकों की सलाह और आधुनिक कृषि तकनीक की मदद से खेती की योजना बना सकते हैं। उत्तरा नक्षत्र की बारिश को लेकर किसानों में अच्छी फसल की उम्मीद जरूर बढ़ी है। घाघ-भड्डरी की कहावतें आज भी ग्रामीण समाज में मौसम और खेती के पुराने अनुभवों की विरासत के रूप में जीवित हैं। जिसे नजरन्दाज नही किया जा सकता है।

# पानी में डूबने से दो बालकों की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**कुड़वार/सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में पानी में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। पहली घटना पूरे रामदयाल, भंडरा परशुरामपुर गांव की है, जहां शुक्रवार को पशु चराने गए 12 वर्षीय हिमांशु निषाद का शव शनिवार को गोमती नदी में उतराता मिला। धर्मचंद्र निषाद का पुत्र हिमांशु शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे पशुओं को चराने गोमती नदी के किनारे गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार को उसका शव नदी में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां मंजू देवी,बहन व बड़े भाई दीपांशु का रो रो कर बुरा हाल है।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी घटना हरखपुर गांव की है। यहां शनिवार को घर से खेलने निकले छह वर्षीय ताहा खान की गांव के गड्ढे में भरे गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। कुछ देर बाद जानकारी होने पर परिजन उसे बाहर निकालकर सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। ताहा वारिश अली का पुत्र था। पिता के परदेश में रहने के कारण उनके आने के बाद अंतिम संस्कार किए जाने की बात परिजनों ने बताई। खबर लिखे जाने तक इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। प्रशासन द्वारा दैवीय आपदा के चलते दोनो मृतको के पोस्टमार्टम के उपरांत रिपोर्ट बनाकर दिलाने की बात कही।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बस का टायर फटा, 14 यात्री सुरक्षित

**बल्दीराय/सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार शाम महुली के पास एक बस का टायर अचानक फटने से यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 91.6 के पास करीब 6:30 बजे की बताई जा रही है। बस दिल्ली से पटना जा रही थी और उसमें 14 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, बस अपने निर्धारित मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान अचानक टायर फट गया। टायर फटने के बाद बस को नियंत्रित करने में चालक को परेशानी हुई और यात्रियों में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि बस को सुरक्षित तरीके से रोक लिया गया और सभी यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद बस मालिक आनंद अग्रवाल की ओर से यात्रियों की आगे की यात्रा के लिए तत्काल दूसरी बस की व्यवस्था की गई। वैकल्पिक बस मौके पर पहुंची, जिसके जरिए सभी 14 यात्रियों को उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। समय रहते बस को नियंत्रित कर यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिए जाने से बड़ा हादसा होने से बच गया। वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और उनकी आगे की यात्रा जारी रही। घटना के दौरान एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए लोगों का ध्यान दुर्घटनाग्रस्त बस की ओर रहा। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम में सकारात्मक एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने ‘सेवा मेरा योगदान’ अभियान के अंतर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, वजीरपुर जेहलपुर, फिरोजाबाद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारीगण के साथ साथ विद्यालय के छात्रों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। ‘सेवा मेरा योगदान’ अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी को सशक्त करते हुए प्रत्येक नागरिक को सेवा की भावना से जोड़ना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील कि की ‘‘इस अभियान से जुड़कर अपनी पसंद की किसी एक सेवा गतिविधि में सहभागी बनें तथा कम से कम 25 मिनट श्रमदान कर सेवा एवं जनभागीदारी की इस पहल को सफल बनाएं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती, रविन्द्र सिंह भदौरिया, एस0डी0ओ0 वन विभाग, अविनाश सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, फिरोजाबाद, मोहित कुमार उप क्षेत्रीय वन अधिकारी फिरोजाबाद एवं प्रधानाचार्य उमेश कुमार, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय वजीरपुर जेहलपुर फिरोजाबाद एवं विद्यालय के छात्रों के साथ विद्यालय में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम उपरांत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, वजीरपुर जेहलपुर, फिरोजाबाद विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के छात्रावास का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों के रहने, स्वच्छता, पेयजल, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को छात्रावास में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय के भोजनालय कक्ष में दोपहर के भोजन में छात्रों को दिये जा रहे भोजन मिक्स सब्जी, मिक्स दाल, रोटी, चावल की गुणवत्ता परखी जो संतोषजनक पायी गयी।



# जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- बिना हेलमेट-सीट बेल्ट, नशे में ड्राइविंग व रॉन्ग साइड चलने वालों पर होगी प्रभावी कार्रवाई
- स्कूलों में भी चलेगा व्यापक जन जागरूकता अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय यान समिति की विशेष बैठक कर जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि शहर में यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधक होर्डिंग तत्काल हटाए जाएं। उन्होंने कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी एवं संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करें तथा जहां भी अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा हो, वहां प्रभावी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाए।बिना फिटनेस के कोई भी वाहन संचारित ना होने पाए। स्कूल बस पर हेल्पलाइन नंबर और मोबाइल नंबर का अंकन किया जाए। सभी विद्यालय में समयबद्ध बैठक आयोजित की जाए। प्रत्येक बस में ड्राइवर के अलावा एक महिला या पुरुष परिचारक की वयवस्था की जाए। बिना परिचारक के बसों स्कूल बस संचारित ना होने पाए। बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत ड्राइवर और परिचारक यदि स्कूल से बाहर के है तो तत्काल पुलिस वेरिफिकेशन के उपरांत ही वाहन पर रखा जाए। कोई भी ड्राइवर या कंडक्टर मदिरा का सेवन। ना करें इसका विशेष ध्यान रखा जाए। समय समय पर इसकी आकस्मिक रूप जांच भी की जाए। टोल प्लाजा के पास स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित कर सभी वाहन चालकों का सुगर बीपी और नेत्र परीक्षण अवश्य कराया जाने पर जिलाधिकारी द्वारा विशेष बल दिया गया ।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग, कस्बों अथवा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर कहीं भी गड्ढे दिखाई दें तो उन्हें तत्काल भरवाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सड़क की खराब स्थिति के कारण आमजन को परेशानी अथवा दुर्घटना का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित विभाग लगातार निगरानी रखें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ रैलियां आयोजित कर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि यातायात नियमों का पालन जन-अभियान का रूप ले सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, शराब के नशे में वाहन चलाने तथा रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए।

**कोर्ट नोटिस**

बअदालत प्रधान न्यायाधीश सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद 46 सन 2025 श्रीमती अंशु दिगवा .....बनाम नितिश शर्मा आदि.....श्रीमती अंशु दिगवा पत्नि नितीश शर्मा पुत्री श्री महेन्द्र सिंह निवासी निकट सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, तहसील रोड, तहसील व कस्बा लक्सर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड।.....बनाम....1. नोटिस बनाम आम जनता (विपक्षी) इत्तिला दी जाती है कि दरख्वास्त बगरज तकरूर वली आरव शर्मा उर्फ प्रिथिल शर्मा पुत्र नितीश शर्मा नि0 ई.एस.आई.अस्पताल के पीछे,म.नं. 1/3746, शिव शक्ति मंदिर, न्यू शारदा नगर,सहारनपुर सायल मजकूर ने गुजरानी है लिहाजा यह इत्तिलानामा इजहार उजरदारान व दर पेशी मुकदमे बूताअययून 3/ 11/2026जारी किया जाता है कि अगर किसी को निसबत दरख्वास्त के उजर हो तो अन्दर मियाद मजकूर असालतन या वकालतन 10 बजे दिन अदालत हाज़ा में हाजिर होकर उजर पेश करे बाद मियाद मजकूर फिर उज्र आपका/किसी का सुनान जायेगा एवं हुक्म मुनासिब निसब दरख्वास्त के सादिर होगा.आज दि19.9.26 को हस्ता.मेरे व कोर्ट मुद्रा सहित जारी हुआ।

**आज्ञा से (प्रशासनिक अधिकारी) परिवार प्रधान न्यायाधीश न्यायालय सहारनपुर।**

**कोर्ट नोटिस**

न्याया. मा. चतुर्थ अतिरिक्त सिविल जज (सीडि) सहारनपुर वाद नं 1301 सन 2025 मौहम्मद राशिद पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मौहल्ला गुलाम औलिया कस्बा गंगोह तहश नकुड, जिला सहारनपुर (वादी) बनाम 1.सन्दीप कुमार पुत्र राजकुमार नि.ग्राम बीराखेडी पश्गंगोह तहसील नकुड जि.सहारनपुर 2.साजिद अली पुत्र अव्वल हसन नि. ग्राम उम्मेदगढ(शाह आलमपुर) गंगोह मजबता देहात प. गंगोह तह. नकुड जि.सहारनपुर 3.श्रीमति मीनाक्षी पत्नी विजेन्द्र कुमार नि.ग्राम पीरमाजरा तौफीर प.गंगोह तह. नकुड जि.सहारनपुर। 4- मैसूफ पुत्र अव्वल हसन निवासी मौहल्ला गुजरान कस्बा व पश गंगोह तहसील (प्रतिवादी) हरगाह मौहम्मद राशिद ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुकुम होता है कि आप दि. 26/10/2026 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो व कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके। हाजिर होकर जवाबदेही दावा कि करे हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारों के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाह तमाम उज़्र दस्तावेज पेश करे,इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर नहोंगे तो बगैर हाजरी आपके समात व फैसला होगा मेरे हस्ता.एवं मुद्रा अदालत के 19/9/26 को जारी।

आज्ञा से प्रबन्धक,न्याया.चतुर्थ अति0 सिविल जज (सीडि) सहारनपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचनाः NER-LJN-2026-248**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन ‘खुली’ ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः–

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-248, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे–लखनऊ मण्डलः गोरखपुर-लखनऊ खंडः सभी रेल सेक्शन (न्य/एस.एच.) के 20 रेल पैनल/फ्री रेल/2 रेल पैनल/3 रेल पैनल की साईट पर (यथास्थान या सेस) ठेकेदार के मोबाइल फ्लैश-बट वेल्डिंग प्लांट द्वारा, फ्लैश–बट वेल्डिंग का कार्य। (वरिष्ठ मंडल अभियंता-प्रथम एवं तृतीय के क्षेत्राधिकार में वर्ष 2025-26 के एल.डब्लू.पी. के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत)। अनुमानित लागत (₹): ₹ 4,85,61,588/-, अग्रिम धन(₹): ₹ 9,71,200/-, समापन अवधिः 12 माह।

**नोटः- (1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-248 के लिये ई-निविदा दिनांक 13-10-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**

मुजाधि/डब्लू-342

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण सम्पन्न

- 18 एवं 19 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण
- स्व-गणना 16 से 30 नवम्बर तक, 1 दिसम्बर से 4 जनवरी तक होगी जनसंख्या गणना



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों को लेकर 18 एवं 19 सितम्बर, 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर अधिकारियों एवं संबंधित कार्मिकों को आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक शामिल हुए।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जनगणना निदेशालय से नामित जनगणना प्रभारी प्रियासा सिंह द्वारा जनगणना के द्वितीय चरण की कार्यप्रणाली एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सब-ईन्यूमेरशन ब्लॉक के गठन की प्रक्रिया, फील्ड कार्मिकों की सूची तैयार करने तथा जनगणना कार्य के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी जनगणना जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना का कार्य 16 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2026 तक निर्धारित है। इसके बाद 1 दिसम्बर, 2026 से 4 जनवरी, 2027 तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। 5 जनवरी, 2027 को संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। इसके उपरांत 5 जनवरी से 9 जनवरी, 2027 तक रिविजनल राउंड (पुनरीक्षण) की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी।

40 प्रश्नों के माध्यम से एकत्रित होगी जानकारी जनगणना के द्वितीय चरण में निर्धारित 40 प्रश्नों के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्रित की जाएगी। जैसे- कोविड टीकाकरण, बैंक से सम्बन्धित, मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, शिक्षा से सम्बन्धित सूचना, आर्थिक गतिविधि की प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से सम्बन्धित अधिकारियों को प्रश्नावली के अनुरूप सही एवं सटीक जानकारी दर्ज करने, गणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने तथा जनगणना संबंधी दायित्वों के प्रभावी निर्वहन के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को सुव्यवस्थित, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

## करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

**मौदहा।** तहसील क्षेत्र के भुगैचा गांव में शनिवार को करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। गांव में मृत मोर पड़ा देखकर ग्रामीण पंकज और भास्कर ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना पर क्षेत्रीय वन अधिकारी संजय गुप्ता, वन दरोगा वंदना अवस्थी समेत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच में मृत मोर के मादा होने की पुष्टि हुई। आवश्यक कार्रवाई के बाद वन विभाग की टीम शव को मौदहा पशु चिकित्सालय ले गई, जहां पशु चिकित्सकों की देखरेख में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को मौदहा स्थित पौधशाला ले जाया गया। यहां वन विभाग की मौजूदगी में राष्ट्रीय पक्षी को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग के अनुसार प्रारंभिक जांच में मौत का कारण करंट लगना सामने आया है। हालांकि, वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद होगी। घटना से ग्रामीणों में भी शोक का माहौल रहा। कार्रवाई के दौरान वन विभाग के सलमान आजाद, धर्मजीत, रतन, बच्चा, रामस्वरूप, माता प्रसाद और बाबूजी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गौ माता की सेवा और संरक्षण के संकल्प के साथ आगे बढ़ा सेवा संकल्प अभियान



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा गौ सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका परिषद स्थित गौ संरक्षण केंद्र पहुंचकर गौ माता की पूजा-अर्चना की तथा गौ माता को गुड़ एवं केले खिलाए। इस दौरान उन्होंने गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण केंद्र में उपलब्ध चारा, राशन एवं पोषण सामग्री की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गौ आश्रय स्थलों में साफ-सफाई, चारा, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में जनपद में गौ आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जनपद में अन्य गौ आश्रय स्थल भी तैयार हो जाएंगे। जिन गौ आश्रय स्थलों में पशुओं की संख्या अधिक है, वहां से गौवंश को आवश्यकता के अनुसार अन्य गौ आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित एवं छुट्टा घूमने वाले पशुओं को अभियान चलाकर पकड़ते हुए गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए।

## अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ विदा हुए विघ्नहर्ता, नम आंखों से हुआ विसर्जन



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** श्री बिहारी जी धाम आवासीय परिसर में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र भसीन के आवास पर 'गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया' और 'अगले बरस तुम जल्दी आना' के गगनभेदी जयकारों व शंख ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विघ्नहर्ता को विदाई दी। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन के आवास पर विसर्जन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच राजेन्द्र भसीन, अंजू भसीन, भव्या भसीन एवं स्वदेश भसीन ने श्री बिहारी जी धाम परिवार सहित विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना की। पूजन अनुष्ठान के उपरांत विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन कर आरती की गई। भगवान गजानन को उनके प्रिय मोदक और लड्डुओं का नैवेद्य अर्पित कर परिवार, समाज एवं जनपदवासियों के कल्याण की प्रार्थना की गई। इस पावन अवसर पर श्री बिहारी जी धाम परिवार के सदस्यों व इष्ट-मित्रों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बप्पा का आशीर्वाद लिया, और सुख-समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि पूरे गणेशोत्सव के दौरान श्री बिहारी जी धाम परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर बना रहा।

## अभिषेक बने एंटी करप्शन मिशन संस्थान के जिलाध्यक्ष



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** एंटी करप्शन मिशन संस्थान में जनपद के ग्राम हरिहरपुरा निवासी अभिषेक यादव को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी अभिषेक यादव ने स्वयं दी। उन्होंने बताया कि संस्थान के कई पदाधिकारियों की मौजूदगी में लखनऊ कार्यालय पर उनकी नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पद की जिम्मेदारी रखते हुए समाज के लिए समाज के उत्थान के लिए अच्छा कार्य करेंगे और संगठन को विस्तार अच्छे से करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह, राष्ट्रीय प्रभारी प्रभा शंकर तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक मोहर सिंह, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिंह तोमर, उत्तर प्रदेश संयोजक धर्मराज सिंह, उत्तर प्रदेश महामंत्री अवधेश दुबे, उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री अश्विनी मिश्रा, अमेठी जिला अध्यक्ष ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

## आईएमए इटावा में महत्वपूर्ण सीएमई कार्यक्रम आयोजित



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) इटावा द्वारा शुक्रवार को रात्रि को IMA Hall, पक्का तालाब में एक महत्वपूर्ण Continuing Medical Education (CME) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो.डॉ.ए.के.गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष, SNMC आगरा ने थायरॉइड संबंधी विकारों एवं फैटी लिवर के विषय में नवीनतम चिकित्सा जानकारी साझा की। वहीं, प्रख्यात ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ.डी.के.दुबे ने भारतीय जनसंख्या में कैल्शियम की कमी एवं उसके प्रबंधन पर अपना व्याख्यान दिया। CME में इटावा एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं IMA सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.वी.के.गुप्ता, डॉ. ए.एन.शाक्य एवं डॉ.अनूप वर्मा ने की। वैज्ञानिक सत्र के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से उनका समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन IMA Etawah के मानद सचिव डॉ.हिमांशु कुमार सिंह ने किया। उन्होंने सभी वक्ताओं, अध्यक्षों एवं उपस्थित चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे CME कार्यक्रम चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान से अपडेट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## डीएम व एसएसपी ने तहसील ताखा पर सुनी फरियादियों की समस्याएं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से तहसील ताखा पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस)के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से तहसील जसवंतनगर पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासन एवं पुलिस के अन्य अधि0 /कर्म0गण उपस्थित रहे।

## 13 वरिष्ठ प्रधानाचार्यों को मिला 7600 ग्रेड पे

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में कार्यरत 13 वरिष्ठ प्रधानाचार्यों को 7600 ग्रेड पे का लाभ मिलने पर एटीएस लेक्चर्स वेलफेयर संगठन ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। सुमेरपुर क्षेत्र के दरियापुर स्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि संगठन ने इसके लिए मुख्यमंत्री एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के प्रति आभार जताया है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वरिष्ठ प्रधानाचार्यों को 7600 ग्रेड पे का लाभ दिया गया है। संगठन ने लाभान्वित प्रधानाचार्यों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही शेष प्रधानाचार्यों को भी समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ मिलेगा। संगठन ने इस दिशा में मुख्यमंत्री से सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## सोनभद्र में स्वच्छता पखवाड़े की समीक्षा



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को धार देने के उद्देश्य से शासन के अधिकारी शिवम सिंह सहायक अभियंता नगरीय निकाय निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सत्यम पांडेय द्वारा मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक संचालित विशेष 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत की गई व्यवस्थाओं, कचरा निस्तारण प्रक्रिया और अब तक की कार्यप्रगति का बारीकी से जायजा लिया। सेंटर पर सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण व निस्तारण की तकनीकी स्थिति को भी परखा गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने संबंधित सफाई प्रभारियों एवं कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि नगर के प्रत्येक वार्ड, गली और मोहल्ले में प्रतिदिन नियमित रूप से सघन सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर की स्वच्छता प्रणाली को धरातल पर अधिक प्रभावी, सुदृढ़ और परिणामोन्मुखी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीपीएम सत्यम पांडेय ने कहा कि नगर पालिका परिषद सोनभद्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे इधर-उधर कचरा न फेंकें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर स्वच्छ सोनभद्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

## पॉक्सो एक्ट के वारंटी अभियुक्त को मुस्करा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** थाना मुस्करा पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को अपराध संख्या 222/2017 से संबंधित वारंटी रामसहोदर राजपूत पुत्र गोपी, निवासी ग्राम बण्डवा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ धारा 354(ए), 323, 506 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक स्वदेश सिंह और आरक्षी शुभम यादव शामिल रहे।

## तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**मौदहा।** संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मौदहा पुलिस ने ग्राम छिरका से एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान योगी श्रीवास पुत्र सियाराम निवासी ग्राम रीवन, थाना मौदहा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गयी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अकरम सिद्दीकी और कांस्टेबल प्रताप कुमार शामिल रहे।

# शिकायतों का निस्तारण किया जाये सुनिश्चित: जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में सितम्बर महीने के तृतीय शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने 90 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 04 टीम को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 78 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार, तहसीलदार घोरावल, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02-सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर उप जिलाधिकारी रावर्टसगंज आशीष कुमार त्रिपाठी तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके 49 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 41 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन तहसीलदार, सी0ओ0 ओबरा एवं नायब तहसीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस मौके पर तहसीलदार ने 33 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 04 मामले निस्तारित हुए, बाकी 29 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## महाआरती और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रॉबर्ट्सगंज/सोनभद्र।** नगर के रामलीला मैदान स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को श्री रासलीला समिति के तत्वावधान में राधा अष्टमी का पावन पर्व अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया और राधा रानी का अलौकिक व दिव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक दिन पूर्व से ही अखंड भजन-कीर्तन और 'राधा नाम जप' के साथ हुई, जो शनिवार दोपहर 12 बजे तक निरंतर चलती रही। सुमधुर भजनों और संकीर्तन की तान पर मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण 'राधे-राधे' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

दोपहर ठीक 12 बजे राधा रानी के प्राकट्य काल पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद भव्य महाआरती उतारी गई। जन्मोत्सव की खुशी में बच्चों ने केक काटा और आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# डीएम की समीक्षा में अफसरों पर सख्ती, खराब प्रगति पर वेतन रोकने के निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिले में विकास योजनाओं, जनशिकायतों और अभियोजन मामलों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बॉटम-10 में रहने वाले विभागों की खराब प्रगति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में पोषाहार वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरएलएम, संभव अभियान, मनरेगा, जीरो पावर्टी, गोवंश संरक्षण, बेसिक शिक्षा, किसान सम्मान निधि और फार्मर रजिस्ट्री समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति देखी गई। पोषाहार वितरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति अपेक्षित नहीं मिलने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को चेतावनी दी गई। एनआरएलएम और संभव अभियान में भी सुधार के निर्देश दिए गए। किसान सम्मान निधि की समीक्षा में सामने आया कि जिले में करीब 2.13 लाख पंजीकृत किसानों के सापेक्ष 1.56 लाख किसानों को ही योजना का लाभ मिल रहा है। डीएम ने वंचित किसानों का कारणवार चिन्हांकन कर पात्र किसानों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री में भी तेजी लाने को कहा गया। कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नियमानुसार कंपोजिट विद्यालयों में मर्ज/शिफ्ट करने तथा रिक्त चार एआरपी पदों को भरने के निर्देश दिए गए।

गोवंश संरक्षण के तहत मानक के अनुरूप संचालित नहीं हो रही गौशालाओं से गोवंश को बेहतर गौशालाओं में शिफ्ट करने और चारा-पानी समेत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने को कहा गया। सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस, बायोमीट्रिक उपस्थिति और सीसीटीवी व्यवस्था अनिवार्य रूप से संचालित कराने के निर्देश भी दिए गए।

# एससी-एसटी मुकदमों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा।** बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम अतरार में एससी-एसटी एक्ट के मुकदमों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति और उसकी पुत्रियों पर ग्रामीणों को आए दिन गाली-गलौज करने, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने तथा मुकदमे दर्ज कराने के बाद धन उगाही करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव निवासी परदेश उर्फ अवधेश पुत्र रामसनेही अनुसूचित जाति से हैं और आए दिन ग्रामीणों को परेशान करते हैं। आरोप है कि विवाद होने पर ग्रामीणों को एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों का दावा है कि पूर्व में भी गांव के कई लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। इसके बाद धन उगाही किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों में मिलने वाली आर्थिक सहायता का लाभ लेने के उद्देश्य से भी कथित तौर पर मुकदमे दर्ज कराने का प्रयास किया जाता है। हालांकि, ये सभी आरोप ग्रामीणों की ओर से लगाए गए हैं और इनकी स्वतंत्र पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं के कारण गांव के लोग भयभीत हैं। उन्होंने अधिकारियों से संबंधित व्यक्ति और उसकी पुत्रियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की भी जांच कराने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वे गांव से पलायन करने को मजबूर होंगे।

# एसएमजीआई के डी.फार्मा विभाग को 'A' ग्रेड

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** ऐतिहासिक उपलब्धिः सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (एसएमजीआई) के डी.फार्मा विभाग ने राज्य संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एसआईआरएफ) में A ग्रेड हासिल किया है। शानदार स्कोर:संस्थान को जुलाई-दिसंबर 2025 की मूल्यांकन अवधि के लिए 82.81 का कुल अंक प्राप्त हुआ है। इटावा में नंबर वनः एसएमजीआई इटावा और आसपास के क्षेत्र में A ग्रेड प्राप्त करने वाला एकमात्र संस्थान बन गया है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और गुणवत्ता के नए आयाम स्थापित करते हुए सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (एसएमजीआई) के डी.फार्मा विभाग ने राज्य संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क(एसआईआरएफ) में प्रतिष्ठित A ग्रेड प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। संस्थान को जुलाई-दिसंबर 2025 की मूल्यांकन अवधि के लिए 82.81 का कुल स्कोर प्राप्त हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ.यू.एस.शर्मा ने इस बड़ी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित एसआईआरएफ मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रदेशभर के लगभग 2079 संस्थानों ने भाग लिया था। संस्थानों का चयन और मूल्यांकन लगभग 23 विभिन्न कड़े मानकों के आधार पर किया गया। इनमें फैकल्टी की गुणवत्ता, प्रोफेशनल गतिविधियां, उच्च शिक्षा, विद्यार्थियों की उपस्थिति, संस्थागत सुविधाएं, पाठ्येतर गतिविधियां, इंडस्ट्री एक्सपोजर, परीक्षा एवं मूल्यांकन, रिसर्च एवं इनोवेशन और प्लेसमेंट जैसे अहम पैमाने शामिल रहे। इन सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद विशेषज्ञों द्वारा संस्थान की व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन भी किया गया था। डॉ.शर्मा ने गर्व के साथ साझा किया कि सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी जिला एवं आसपास के संपूर्ण क्षेत्र में A ग्रेड प्राप्त करने वाला एकमात्र संस्थान है। उन्होंने इस उल्लेखनीय सफलता का पूरा श्रेय संस्थान के समर्पित फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों के निरंतर प्रयासों, विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी तथा उच्च प्रबंधन के पूर्ण सहयोग को दिया। संस्थान के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और सभी फैकल्टी व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि A ग्रेड प्राप्त करना पूरे संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और यह सफलता हम सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी सदस्यों को भविष्य में भी इसी समर्पण और उत्साह के साथ कार्य करने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया। एसआईआरएफ में A ग्रेड और 82.81 के शानदार स्कोर की यह उपलब्धि सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को पुख्ता करती है। इस खबर से कॉलेज परिसर और विद्यार्थियों में भारी उत्साह और जश्न का माहौल है।

# 25 बच्चों से भरी स्कूली बस में लगी आग, तीन झुलसे

- कई हुए बेहोश; नाराज लोगों ने किया आरटीओ पर हमला
- न आपातकालीन गेट न आग बुझाने का इंतजाम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इटौंजा के बगहापुर में शार्प ग्लोबल स्कूल की बस में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। बस 25 बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। हादसे में तीन बच्चे झुलस गए। आग बस की इंजन में लगी थी। बस में धुआं भरने से कई बच्चे बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह बच्चों को सकुशल बाहर निकाला। घटना की जांच करने पहुंचे एआरटीओ आलोक कुमार यादव को स्कूल प्रबंधन ने घेर लिया। आरोप है कि उनपर हमला किया गया। एआरटीओ ने दो नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बस में आग लगते ही बच्चों की चीख पुकार मच गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण दौड़ते हुए वहां पहुंचे और बच्चों को किसी तरह सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाया गया। हादसे में दूसरी कक्षा के अभियान अवस्थी और उनकी बड़ी बहन चौथी कक्षा की सृष्टि अवस्थी का हाथ झुलस गया। वहीं तीन वर्ष के वेदांश शुक्ला भी झुलस गए, जिन्हें सीएचसी इटौंजा में भर्ती कराया गया। बस में आग लगने की जानकारी मिलते ही अभिभावक पहुंच गए। जमखनवा निवासी आदित्य प्रकाश मिश्रा, विजय कुमार शुक्ला, संदीप तिवारी, दिलीप शुक्ला, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, छोटू शुक्ला और मंटू द्विवेदी ने बताया कि यह बस बच्चों को लेने सुबह गांव में पहुंची थी। बस बंद थी और स्टार्ट नहीं हो रही थी। ग्रामीणों ने धक्का देकर बस को स्टार्ट करवाया। इसके बाद यह बगहापुर के पास पहुंची तो इंजन में आग लग गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस में कोई आपातकालीन गेट नहीं था। आग जिस तरफ लगी थी वहीं पर दरवाजा था। बच्चों को उसी दरवाजे से बाहर निकाला गया। परिजनों का कहना है कि अगर गांव वाले सही समय पर नही पहुंचते तो अनहोनी हो सकती थी। इटौंजा सीएचसी में वेदांश शुक्ला का इलाज करवा रहे विशाल बाबू शुक्ला का आरोप है कि आग लगते ही बस में धुआं भर गया। वेदांश का हाथ जल गया। भला हो गांव वालों का जो बच्चों के लिए देवदूत बनकर पहुंच गए। लोगों ने समरसिबल चलाकर इंजन की आग को बुझाया।

### आठ दिन पहले भी इसी स्कूल की बस में लगी थी आग

अभिभावकों ने बताया कि आठ दिन पहले भी करौंदी गांव के पास इसी स्कूल की एक बस में आग लकी थी। तब स्कूल प्रबंधन ने पूरा मामला दबा दिया था। शनिवार को आग की घटना के बाद अभिभावकों ने घटना स्थल और स्कूल के बाहर जमकर हंगामा किया। हंगामे की जानकारी पाकर इटौंजा पुलिस और आरटीओ की टीम मौके पर पहुंची। अभिभावकों का आरोप है कि इस घटना के बाद स्कूल प्रशासन की तरफ से कोई भी मौके पर नही पहुंचा। सिर्फ 70 वर्षीय बस चालक सुरेश कुमार अवस्थी ही घटना स्थल पर मिले।

### गलती मानने के बजाय एआरटीओ से भिड़े

एआरटीओ आलोक कुमार यादव का कहना है कि जब इस बस हादसे की जांच करने के लिए घटना स्थल और शार्प ग्लोबल स्कूल पहुंचे तो वहां पर प्रबंधन के लोगों ने उनसे अभद्रता की। आरोप है कि स्कूल के मैनेजर गौरव तिवारी और प्रबंधन के अमर अवस्थी व 10 से 12 लोगों ने उनपर हमला कर दिया। सरकारी काम में बाधा डाली गई। इसके बाद उनको पुलिस बुलानी पड़ी। अतिरिक्त इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव ने बताया कि एआरटीओ की शिकायत पर पुलिस ने इटौंजा मानपुर स्थित शार्प स्कूल प्रबंधन के मैनेजर गौरव तिवारी और अमर अवस्थी के साथ 10-12 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की है।

# हिन्दी के निरंतर प्रचार-प्रसार से देश में बढ़ रहा हिन्दी का प्रभाव - विचार गोष्ठी आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हिन्दी के प्रचार-प्रसार, उन्नति एवं व्यापक प्रयोग को लेकर मंजुश्री, लखनऊ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने हिन्दी को जन-जन तक पहुंचाने और युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए योजनाबद्ध प्रयासों पर जोर दिया। हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित गोष्ठी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश का विशेष सहयोग रहा।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संजीव जायसवाल 'संजय' ने कहा कि कोई भी भाषा कमतर नहीं है, सभी का अपने क्षेत्र में महत्व है। हिन्दी देशभर में व्यापक रूप से बोली और समझी जाने वाली भाषा के रूप में उभरी है। अहिन्दीभाषी क्षेत्रों में भी पर्यटन के दृष्टिकोण से स्थानीय लोगों में हिन्दी समझने-बोलने का चलन बढ़ा है, जो निरंतर प्रचार-प्रसार का सकारात्मक परिणाम है।

प्रभारी संपादक दिनेश कुमार गुप्ता ने विभिन्न सरकारों द्वारा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए किए गए कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि हिन्दी दिवस जैसे अवसरों पर निरंतर प्रयासों से जागरूकता और प्रयोग में वृद्धि हुई है।

मंजुश्री के निदेशक शैलेश श्रीवास्तव ने युवाओं में ऑनलाइन अध्ययन के बढ़ते चलन में हिन्दी के कम प्रयोग पर ध्यान आकर्षित करते हुए जेन-जी ( ळमर्द ) को हिन्दी से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध प्रयासों की आवश्यकता बताई।

वक्ता अलका सक्सेना और सियाराम पाण्डेय 'शांत' ने कहा कि निरंतर प्रचार-प्रसार के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और हिन्दी के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

गोष्ठी का संचालन अजय मिश्र 'अजय श्री' ने किया, उन्होंने हिन्दी के व्यापक प्रसार और इसे राष्ट्रभाषा घोषित करने की आवश्यकता पर विचार रखे तथा काव्य पाठ से श्रोताओं को आनंदित किया। युवा वक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने युवाओं में अंग्रेजी के प्रति बढ़ते रुझान पर चिंता व्यक्त करते हुए परिवार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# डीएम ने सरोजनीनगर तहसील में निपटाए दर्जनों मामले

अवधनामा ब्यूरो



**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

- पांचों तहसीलों में 549 शिकायतें पहुंचीं, मौके पर ही 122 का हुआ निपटारा
- डीएम ने अफसरों को दी हिदायत, कहा-हर शिकायत का समय पर हो समाधान

**लखनऊ।** शनिवार को जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें जिलाधिकारी खुद तहसील सरोजनीनगर पहुंचे और आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने साफ कहा कि लोगों की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही निपटारा करना सरकार की प्राथमिकता है, इसीलिए तहसीलों में यह मंच लगाया जाता है ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

तहसील सरोजनीनगर में शनिवार को कुल 165 मामले सामने आए, जिनमें से जिलाधिकारी और उनकी टीमों ने मौके पर ही 62 मामलों को निपटा दिया। बाकी बचे मामलों को संबंधित विभागों को भेजा गया, साथ ही सख्त हिदायत भी दी गई कि इन्हें एक हफ्ते के भीतर हर हाल में सुलझाया जाए।

बाकी तहसीलों की बात करें तो सदर तहसील में 35 में से 3, मलिहाबाद में 97 में से 8, बीकेटी में 135 में से 31 और मोहनलालगंज में 117 में से 18 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। पूरे जिले में शनिवार को कुल 549 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 122 का तुरंत समाधान कर दिया गया। इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व से जुड़ी रहीं, जबकि पुलिस, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और नगर निगम से जुड़े मामले भी बड़ी संख्या में सामने आए। बिजली बिल सुधरवाने से जुड़ी शिकायतें भी लगातार आती देख जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि अब हर समाधान दिवस पर तहसील परिसर में ही बिजली बिल सुधार शिविर लगाया जाए, ताकि लोगों की यह परेशानी वहीं खत्म हो सके। इसके अलावा पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विभागों को भी कहा गया कि पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए जाएं।

जिलाधिकारी ने अफसरों से यह भी कहा कि जिन मामलों को निपटाने के लिए वक्त दिया गया है, उनकी फोटो और वीडियो सबूत के तौर पर जरूर जमा कराई जाए। साथ ही निर्देश दिया कि मामला निपटने के बाद अफसर खुद शिकायतकर्ता से बात करके यह जरूर पता करें कि उसकी समस्या वाकई सुलझी या नहीं।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी एन बी सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर अभिषेक, डीसी मनरेगा, पीडी ग्राम्य विकास, तहसीलदार सरोजनीनगर जे पी सिंह सहित पुलिस और समाज कल्याण विभाग के तमाम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मातृभूमि योजना से गांवों के विकास को मिलेगी गति : ओम प्रकाश राजभर

अवधनामा ब्यूरो



- गांवों के विकास में जनभागीदारी बढ़ाएगी मातृभूमि योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से देश-विदेश में निवास कर रहे ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थाओं को अपनी मातृभूमि एवं गांव के विकास से जुड़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जो अपने गांव में जनोपयोगी एवं विकासपरक कार्य कराने के इच्छुक हैं। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' अपनी माटी, अपने गांव और अपनी जड़ों से जुड़े लोगों को ग्रामीण विकास की प्रक्रिया से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में रहने वाले ऐसे व्यक्ति एवं संस्थाएं, जिनका अपने गांव से भावनात्मक एवं सामाजिक जुड़ाव है, योजना के माध्यम से अपने गांव के विकास में प्रत्यक्ष भागीदारी कर सकते हैं। जनसहभागिता से गांवों में आवश्यक जनोपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण होने के साथ ही ग्रामीणों में अपने गांव के प्रति अपनत्व, जिम्मेदारी और सामुदायिक स्वामित्व की भावना भी मजबूत होगी। उन्होंने सभी इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं से अपनी मातृभूमि के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था प्रदेश के किसी भी जनपद के किसी गांव में विकास कार्य कराने के लिए सहभागी बन सकती है। इच्छुक दानकर्ता द्वारा परियोजना की कुल लागत का 60 प्रतिशत अंशदान किया जाता है, जबकि शेष 40 प्रतिशत लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है। इस व्यवस्था के माध्यम से सरकार और समाज की सहभागिता से गांवों में विभिन्न प्रकार के जनोपयोगी विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। योजना का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और गांव से भावनात्मक रूप से जुड़े लोगों को ग्रामीण विकास की प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना भी है।

### कक्षा 6 से 12 की छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन

**लखनऊ।** किशोरियों के माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित राज्य स्तरीय माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक शुक्रवार 18 सितंबर 2026 को एनेक्सी भवन, लखनऊ में अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं महानिदेशक, परिवार कल्याण सहित बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज,सूचना विभाग,नगर विकास, नमामि गंगे, श्रम, अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग तथा न्यूट्रिशन इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कक्षा 6 से 12 तक सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे।

# हैकइंडिया हैकाथॉन में एलयू के छात्रों का जलवा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक. (सीएसई-एआई) के विद्यार्थियों की टीम 'इंटेलिवर्स' ने दिल्ली टेक्निकल कैंपस में आयोजित 24 घंटे के हैकइंडिया हैकाथॉन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर टीम को 6,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी एवं अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो. एस.पी. सिंह ने विजेता विद्यार्थियों अतुल यादव, श्वेता पांडेय एवं विपिन विश्वकर्मा को बधाई दी।

कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि टीम ने 'ट्रिनेत्र एआई' नामक तकनीकी समाधान प्रस्तुत किया। यह परियोजना बहु-स्रोत आंकड़ों एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स की सहायता से पहाड़ी क्षेत्रों में अचानक आने वाली बाढ़ एवं भूस्खलन के जोखिम का पूर्वानुमान लगाने पर केंद्रित है।

टीम का नेतृत्व अतुल यादव ने किया। 'ट्रिनेत्र एआई' का उद्देश्य जोखिमों की समय रहते पहचान कर लोगों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। परियोजना में मौसम पूर्वानुमान, वर्षा आंकड़े, ऐतिहासिक आपदा आंकड़े, एक्स्जीबूस्ट आधारित मशीन लर्निंग, एजेंटिक एआई तथा आईओटी तकनीकों को एकीकृत किया गया है।

सिस्टम स्थान, तिथि एवं समय के आधार पर मौसम एवं वर्षा आंकड़ों का विश्लेषण कर मशीन लर्निंग मॉडल से बाढ़ जोखिम का आकलन करता है। एजेंटिक एआई जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान, चेतावनी, सुरक्षित स्थान एवं सुरक्षित मार्ग की जानकारी देता है। इसमें ईएसपी 32 एवं पर्यावरणीय सेंसरों से वर्षा, मिट्टी की नमी, जल स्तर, तापमान एवं आर्द्रता की रियल टाइम निगरानी की जाती है।

# 'मेरे अब्बू' पुस्तक का भव्य विमोचन

अवधनामा ब्यूरो



- यह किताब आने वाली पीढ़ियों को माता-पिता के सम्मान और संस्कारों की राह दिखाएगी : सबीहा अहमद
- अंतरराष्ट्रीय मुशायरे में देर रात तक झूमते रहे श्रोता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के प्रतिष्ठित होटल डायमंड पैलेस में लेखिका सबीहा अहमद द्वारा लिखित पुस्तक 'मेरे अब्बू' का गरिमामयी विमोचन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि धर्मगुरु कारी हबीब तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं वर्तमान विधायक अबू आसिम आजमी के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह पुस्तक एक बेटी के अपने पिता के प्रति अटूट प्रेम, सम्मान और उनसे मिली जीवन शिक्षाओं का भावपूर्ण दस्तावेज है। इस विशेष अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में देश-दुनिया के मशहूर शायरों और कवियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि देर रात तक श्रोता वाह-वाह और तालियों की गूंज के बीच मंत्रमुग्ध होकर कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। पुस्तक के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए लेखिका सबीहा अहमद ने भावुक स्वर में कहा कि यह किताब उनके पिता से मिली सीख, संस्कार और जीवन मूल्यों का निचोड़ है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते सामाजिक परिवेश में, जहां लोग अपने माता-पिता का सम्मान करना और उनकी बातों को मानना धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं, वहां यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह किताब हमें याद दिलाती है कि माता-पिता की सेवा और सम्मान हमारे जीवन का पहला कर्तव्य है। धर्मगुरु कारी हबीब ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि 'मेरे अब्बू' बाप-बेटी के रिश्ते की भावनाओं और एहसासों को बेहद खूबसूरती से अभिव्यक्त करती है। वहीं मुख्य अतिथि अबू आसिम आजमी ने कहा कि यह पुस्तक महज पन्नों का संग्रह नहीं, बल्कि एक बेटी की अपने पिता के प्रति अटूट समर्पण और सम्मान की भावना का सजीव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसी कृतियां समाज को सकारात्मक दिशा देने का काम करती हैं। विमोचन समारोह के बाद आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुशायरे में देश-दुनिया के नामचीन शायरों और कवियों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। डॉ. मालविका हरिओम ने पढ़ा– 'कभी हवाओं में अपनी भी सदा गूँजेगी, अभी तो शोर ज़माने का सुन रहे हैं हम।' शबीना अदीब ने अपने मशहूर अशआर– 'तुम जहाँ हो मैं वहीं हूँ तुम समझते क्यों नहीं, तुम फ़लक हो मैं ज़मीं हूँ तुम समझते क्यों नहीं '– से खूब दाद बटोरी। हिमांशी बाबरा ने पढ़ा– 'दिल ऐसे मुब्तिला हुआ उसके मलाल में, जुल्फें सफ़ेद हो गई उन्नीस साल में।' अज़हर इकबाल ने कहा– 'ये पहला इश्क़ है तुम्हारा सोच लो, मेरे लिए ये रास्ता नया नहीं है।' अभिश्रेष्ठ तिवारी ने अपने व्यंग्यात्मक अंदाज़ में पढ़ा– 'कहा था तुमने कि रिश्ता है भाई-भाई का, हिसाब रक्खा है तुमने तो पाई-पाई का।' अजय सहाब ने शेर सुनाया– 'सूरज जो एक रोज़ ज़रा देर से उगा, जुगनू ने आसमान को अपना समझ लिया।' आदर्श बाराबंकवी ने पढ़ा– 'बड़े भोले हैं हम, दुश्मन से भी रंजिश नहीं रखते, बड़ा है सब्र हममें पर न ललकारो कभी हमको।

### रौज़ाए हज़रत मुस्लिम में मजलिस आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मौलाना सैय्यद मोहम्मद अली हैदर नक़वी की बरसी की मजलिस का आयोजन रविवार को रौजा ए हजरत मुस्लिम,रईस मंज़िल, हुसैनाबाद शाम 7.30 बजे किया जायेगा। मरहूम के बेटे मौलाना रिज़वान हैदर ने बताया कि तिलावते कुरान ए पाक के बाद शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना कल्बे जवाद नक़वी खिताब करेंगे।

### लोको पायलट की तत्परता से व्यक्ति की बची जान



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रातः लगभग 03:50 बजे ट्रेन संख्या 14308 के लोको पायलट ने लाल गोपालगंज-रामचौरा रोड रेलखंड के मध्य किलोमीटर संख्या 23/05 के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति को पड़ा हुआ देखा। लोको पायलट ने तत्काल सतर्कता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। लोको पायलट की तत्परता से रेलवे ट्रैक पर पड़े व्यक्ति की जान बच गई। उक्त व्यक्ति की पहचान विनोद कुमार के रूप में हुई। घटना की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल कंट्रोल को दी गई। व्यक्ति को रामचौरा रोड स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय लाया गया। इसके बाद चिकित्सा सहायता के लिए एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भेजा गया। लोको पायलट की सजगता एवं त्वरित कार्रवाई से एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। रेलवे प्रशासन द्वारा लोको पायलट की सतर्कता की सराहना की गई।

### कई इलाकों में बारिश के आसार

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रदेश में मौसम की स्थिति लगातार बदल रही है। इसको लेकर मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि शनिवार को प्रदेश के केंद्रीय भागों कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में बारिश हुई। जबकि आज दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों बनारस, प्रयागराज में बारिश की संभावना है। बाकी के क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहेगा। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

# ऑल इंडिया पीजी परीक्षा में लखनऊ के यूनानी कॉलेज का परचम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनानी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय तकमील-उत्तिब यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ ने ऑल इंडिया पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज के 30 से अधिक विद्यार्थियों ने MD/MS यूनानी में प्रवेश के लिए सफलता हासिल की है।

इस उपलब्धि की खास बात यह है कि ऑल इंडिया स्तर पर कॉलेज के छात्र अबुल कासिम ने 7वीं पोजीशन हासिल की है, जबकि कॉलेज की छात्रा खालिदा ने 8वीं पोजीशन प्राप्त की है। एक ही संस्थान के दो विद्यार्थियों का अखिल भारतीय स्तर पर टॉप पोजीशन में आना कॉलेज के लिए विशेष गौरव का विषय है।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार, ऑल इंडिया PG प्रवेश परीक्षा में एक ही कॉलेज के 30 से अधिक विद्यार्थियों का सफल होना संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कॉलेज का कहना है कि इस स्तर पर एक ही संस्थान से इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का सफल होना राजकीय तकमील-उत्तिब यूनानी मेडिकल कॉलेज, लखनऊ की शैक्षणिक उपलब्धियों को दर्शाता है।

इस सफलता में 2019 बैच के विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। इस बैच में करीब 45 से 50 विद्यार्थी थे, जिनमें से लगभग 30 विद्यार्थियों ने PG प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया और करीब 20 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का परिणाम बताया जा रहा है। कॉलेज के प्रबंधाचार्य प्रोफेसर अब्दुल कवी के पिछले करीब ढाई वर्ष के कार्यकाल में संस्थान में विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराने, शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने और संस्थान की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। ऑल इंडिया PG परीक्षा में विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन इन्हीं प्रयासों और विद्यार्थियों की मेहनत का महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है।

# 20 सितंबर को होगी मूलभूत साक्षरता परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

- प्रदेश में 5.10 लाख असाक्षर देंगे साक्षरता परीक्षा

**लखनऊ।** भारत सरकार की केन्द्र पुरोनिधानित योजना 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम मूलभूत साक्षरता परीक्षा का आयोजन प्रदेश के समस्त जनपदों में 20 सितम्बर, 2026 को किया जाएगा। परीक्षा में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 5.10 लाख असाक्षर प्रतिभाग करेंगे।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर उन्हें साक्षर बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की 75 प्रतिशत तथा पुरुषों की 25 प्रतिशत भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश में 15+ आयु वर्ग के कुल 10.00 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वित्तीय वर्ष में दो चरणों में, क्रमशः सितम्बर एवं मार्च माह में मूलभूत साक्षरता परीक्षा आयोजित की जानी है। इसी क्रम में प्रथम चरण की परीक्षा 20 सितम्बर को आयोजित होगी। उल्लास पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग 5.10 लाख 15+ आयु वर्ग के असाक्षरों को इस परीक्षा में प्रतिभाग कराया जाएगा। परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों में विकसित मूलभूत पढ़ने-लिखने तथा संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया जाएगा। परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित साक्षरता परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# तहबीब फाउंडेशन की काव्य संध्या में गूंजे खूबसूरत अशआर

अवधनामा ब्यूरो



- डॉ. तारिक़ क़मर की अध्यक्षता में सजी गरिमापूर्ण महफ़िल

**लखनऊ।** साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं तहज़ीबी कार्यक्रमों के लिए वैश्विक स्तर पर पहचान रखने वाली संस्था तहबीब की ओर से हज़रतगंज स्थित रॉयल कैफ़े में एक भव्य काव्य संध्या का आयोजन किया गया। यह महफ़िल तहबीब के आयोजक, प्रसिद्ध बुद्धिजीवी एवं पत्रकार जनाब तारिक़ फ़ैज़ी के लखनऊ आगमन पर आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम की मेज़बानी प्रसिद्ध लेखिका व शायरा माह-ए-तलअत सिद्दीक़ी ने की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर डॉ. तारिक़ क़मर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि संचालन प्रसिद्ध शायर एवं पत्रकार मुईन अलवी ने अपने विशिष्ट और मँजे हुए अंदाज़ में किया। इस साहित्यिक संध्या में लखनऊ सहित दिल्ली, रायबरेली, आज़मगढ़ और कानपुर से आए प्रमुख रचनाकारों ने शिरकत की। समारोह में विशेष वक्ता के रूप में जनाब तारिक़ फ़ैज़ी ने कहा कि तहबीब हमेशा से साहित्यिक गरिमा और उच्च गुणवत्ता के मानकों को प्राथमिकता देती आई है। उन्होंने बदलते दौर की शायरी का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक डॉ. तारिक़ क़मर जैसे इल्मी योग्यता और सुदृढ़ चरित्र वाले शायर साहित्यिक क्षितिज पर मौजूद हैं, तब तक अदबी भविष्य को लेकर मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। काव्य संध्या के दौरान 'दलील पुख़्ता न थी, मोतबर हवाला न था। चराग़ जल तो रहे थे मगर उजाला न था' जैसी पंक्तियों के साथ उम्दा कलाम पेश किए गए। महफ़िल में डॉ. तारिक़ क़मर, शाहिद कमाल, मुईन अलवी, डॉ. अहमद अयाज़, तारा इक़बाल, भावना श्रीवास्तव, माह-ए-तलअत, उफ़क़ आज़मी, मोहम्मद हफ़ीज़, एस.एम. अफ़ज़ल, शादाब अहमद और मनोज शर्मा ने अपनी रचनाओं से समां बाँध दिया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा आगामी माह लखनऊ में आयोजित होने वाले 'लिटरेरी फ़ेस्टिवल' की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में आतिफ़ ख़ान, निख़त परवीन, सबाहत आफ़रीन, अलहमरा ख़ान, सहर बानो, मेहनाज़ ख़ान, यास्मीन अलवी, राज अस्मृति और ख़ालिद आलम सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।